

सूर्योदय प्रातः 6:20 सूर्यास्त संध्या 5:04 पखवाड़ा मार्गशीर्ष शु. दशमी, संवत 2081 तापमान अधिकतम 21° न्यूनतम 12°

# फ्रीडम फाइटर

राष्ट्रहित सर्वोपरि रांची, पटना व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित



रांची, मंगलवार, 10 दिसम्बर 2024, वर्ष : 15, अंक : 295, कुल पृष्ठ : 12, मूल्य : 2 रुपये, E-mail : freedomfighterranchi@gmail.com / epaper : avnpost.com/freedom-fighter


## झारखंड विधानसभा का विशेष सत्र : प्रथम दिन

# 80 विधायकों ने ली शपथ

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** षष्ठम झारखंड विधानसभा के विशेष सत्र के पहले दिन सोमवार को दिन के 11 बज कर 15 मिनट में सदन की कार्यवाही शुरू हुई। सत्र के पहले दिन प्रोटेम स्पीकर प्रो. स्टीफन मरांडी ने 80 नवनिर्वाचित विधायकों को शपथ दिलायी। सबसे पहले मुख्यमंत्री और मंत्रियों को शपथ दिलायी गयी। इसके बाद नवनिर्वाचित विधायकों ने शपथ ली। स्टीफन मरांडी मंगलवार को शपथ लेंगे। शपथ ग्रहण के बाद सदन की कार्यवाही मंगलवार को दिन के 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गयी।

प्रो. स्टीफन मरांडी ने सबसे पहले झारखंड के मुख्यमंत्री सह बरहेट विधायक हेमन्त सोरेन को शपथ दिलायी। इसके बाद राधाकृष्ण किशोर, दीपक बिरुवा, चमरा लिंडा, संजय प्रसाद यादव, रामदास सोरेन, इरफान अंसारी, हफीजूल हसन, दीपिका पांडेय सिंह, योगेन्द्र प्रसाद, सुदिव्य कुमार सोनू, शिल्पी नेहा तिर्की, राजमहल विधायक मोहम्मद ताजुद्दीन, बोरियो विधायक धनजंय सोरेन, लिट्टिपाड़ा विधायक हेमलाल मुर्मू, पाकुड विधायक निसात आलम, शिकारीपाड़ा विधायक आलोक कुमार सोरेन, नाला विधायक रवीन्द्र नाथ महतो, दुमका विधायक बसंत सोरेन सहित 80 विधायकों ने झारखंड विधानसभा के सदस्य के रूप में शपथ ली।



- प्रोटेम स्पीकर प्रो. स्टीफन मरांडी ने नवनिर्वाचित विधायकों को दिलायी शपथ
- सबसे पहले बतौर बरहेट विधायक मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने ली शपथ



### शपथ का ऐसा रहा अंदाज

**हेमलाल** मुर्मू ने संताली, एमटी राजा ने उर्दू, जयराम महतो ने कुरमाली, अरूप चटर्जी ने बांग्ला और ममता देवी ने खोरठा भाषा में शपथ ली। इसके अलावा चम्पाई सोरेन, मथुरा महतो सहित कई विधायकों ने भी स्थानीय भाषा में शपथ ली। कांग्रेस विधायक कुमार ● शेष पृष्ठ 11 पर

**सदन में दिखे 21 नये चेहरे**

इस बार सदन में 21 नये चेहरे दिखे, जो पहली बार विधायक बने हैं। सदन में पहली बार पहुंचनेवाले विधायकों में रौशन लाल चौधरी, शुत्रघ्न महतो, प्रदीप प्रसाद, मंजू कुमारी, कुमार उज्ज्वल, रागिनी सिंह, रामसूर्या मुंडा, मो. ताजउद्दीन, आलोक सोरेन, सुदीप गुड़िया, धनंजय सोरेन, श्वेता सिंह, सुरेश बैठा, निशत आलम, नरेश प्रसाद सिंह, चंद्रदेव महतो, निर्मल महतो, जयराम महतो और पूर्णिमा साहू शामिल हैं। वहीं, 18 ऐसे सदस्य हैं, जो पहले विधायक रह चुके हैं। इनमें सबसे अधिक 08 भाजपा के हैं, जबकि 06 झामुमो और 03 कांग्रेस के हैं। राजद, माले, आजसू एवं जेएलकेएम के 01-01 विधायक शामिल हैं। पूर्व मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन और सीपी सिंह ने लगातार सातवीं बार, तो प्रदीप यादव लगातार छठी बार विधानसभा पहुंचने का रिकॉर्ड बनाया।

**10 विधायकों ने लगायी जीत की हैट्रिक**

**सदन** पहुंचनेवाले विधायकों में 10 ऐसे विधायक शामिल हैं, जिन्होंने जीत की हैट्रिक लगायी है। इनमें स्टीफन मरांडी, इरफान अंसारी, डॉ. नीरा यादव, राज सिन्हा, सरयू राय, विकास सिंह मुंडा, आलोक कुमार ● शेष पृष्ठ 11 पर

## अनोखे अंदाज में सदन में पहुंचे जयराम महतो

**झारखंड** विधानसभा सत्र में पहली बार शामिल हुए जयराम महतो अनोखे अंदाज में पहुंचे। उन्होंने सबसे पहले धरती को प्रणाम किया। इसके बाद सदन के अन्दर नंगे पांव घुसे। शपथ लेने के बाद जयराम महतो ने मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन, विधायक मथुरा महतो और मंत्री दीपिका पांडेय के पैर छूकर आशीर्वाद लिया। वहीं, जयराम महतो के हाथ में मौजूद लाल डायरी ने भी सबका ध्यान खींचा। जयराम ने कहा कि इस डायरी में मैं वह शपथ



## मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने स्मार्ट सिटी में मंत्रियों के लिए बने नवनिर्मित आवास का किया निरीक्षण

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने सोमवार को स्मार्ट सिटी रांची में राज्य सरकार के मंत्रियों के लिए बने नवनिर्मित आवास सहित पूरे आवासीय परिसर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने नवनिर्मित आवास से सम्बन्धित विभिन्न बिन्दुओं पर आवश्यक दिशा-निर्देश अधिकारियों को दिये। मुख्यमंत्री श्री सोरेन ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि नवनिर्मित आवास एवं पूरे आवासीय परिसर के सभी कार्य 15 जनवरी 2025 तक पूर्ण कर लिये जायें, ताकि मंत्रियों को आवास आवंटित किये जा सकें। मुख्यमंत्री ने आवासीय परिसर में बने क्लब हाउस, बैडमिंटन कोर्ट तथा पुलिस बैरेक इत्यादि का निरीक्षण कर सभी सुविधाओं से सम्बन्धित आवश्यक



निर्देश अधिकारियों को दिये। मुख्यमंत्री ने आवासीय परिसर में बच्चों के खेलने की व्यवस्था, झूला इत्यदि लगाने के भी निर्देश दिये।

इस अवसर पर विधायक कल्पना सोरेन, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, प्रधान सचिव नगर विकास विभाग सुनील कुमार, सचिव भवन निर्माण विभाग अरवा राजकमल, सीईओ स्मार्ट सिटी अमित कुमार, जीएम स्मार्ट सिटी राकेश नन्दकुलियार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री ने सोनिया गांधी को जन्मदिन की दीं शुभकामनाएं

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सह राज्यसभा सदस्य सोनिया गांधी को जन्मदिवस पर बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने सोमवार को सोशल मीडिया 'एक्स' पर पोस्ट शेयर कर कहा...'कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष और राज्यसभा सदस्य सोनिया गांधी को जन्मदिवस की हार्दिक शुभकामनाएं और जोहार। मरांग बुरु आपको सदैव उत्तम स्वास्थ्य और सुदीर्घ जीवन प्रदान करें, यही कामना करता हूं।'

## स्पीकर के लिए रवींद्रनाथ महतो का नाम प्रस्तावित : मुख्यमंत्री

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**



**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने सोमवार को पत्रकारों से बातचीत में कहा कि मंत्रियों और विधायकों के शपथ ग्रहण की प्रक्रिया पूरी कर ली गयी है। स्पीकर के लिए रवीन्द्रनाथ महतो का नाम प्रस्तावित है। वह सर्वसम्मति से स्पीकर चुने जायेंगे।

दूसरी ओर, मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पोस्ट में एक तस्वीर शेयर की है, जिसमें लिखा है कि झारखंड विधानसभा में परिवार के साथ। मुख्यमंत्री पत्नी कल्पना सोरेन के साथ सोमवार को विधानसभा पहुंचे थे।




## एक झलक

### अनिल मिश्रा को सांसद प्रतिनिधि मनोनीत किये जाने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने दी बधाई

**विष्णुगढ़ :** हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल द्वारा क्षेत्रीय विकास को सशक्त बनाने के लिए अनिल मिश्रा को हजारीबाग सांसद प्रतिनिधि मनोनित किया गया है। क्षेत्र के हर समस्या का त्वरित समाधान सांसद कार्यालय एवं जनता के बीच एक पारदर्शी संवाद स्थापित हो, ताकि जनता सीधे संवाद कर अपनी बात सांसद कार्यालय तक पहुंचा सकती है। जिसके लिए अनिल मिश्रा को हजारीबाग जिले के विकास और प्राथमिक समन्वय का दायित्व सौंपा गया है। साथ ही जिले में चल रही विकास योजनाओं की प्रगति की निगरानी करेंगे और प्रशासन तथा जनता के बीच समन्वय स्थापित करेंगे, इसके अलावे प्राथमिक समस्याओं को हल करने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे, यह कदम न केवल जनता की समस्याओं के लिए त्वरित समाधान में मदद करेगा बल्कि सांसद कार्यालय को भी बढ़ाएगा। इस सरहनीय कदम उठाए जाने पर मनोनीत अनिल मिश्रा एवं हजारीबाग सांसद मनीष जयसवाल को, भाजपा के विष्णुगढ़ पूर्व पश्चिमी मंडल अध्यक्ष डोमन प्रसाद गुप्ता, मीडिया प्रभारी जीवन सोनी, बिनोद गुप्ता, पिंकी देवी, रीना बर्मन, राजेश सोनी, टेकलाल यादव, कन्हाय यादव, गौतम भारती, लखन प्रसाद, रविन्द्र वर्णवाल, सुरेश राम, भीम राम संजय प्रसाद, मनोज पासवान, अरुण रजक, अनुज मिश्रा, भीम साव, अंजू देवी, सीमा देवी, गायत्री देवी इत्यादि ने बधाई दी है।

### एकल विद्यालय में खेलकूद प्रतियोगिता सम्पन्न

**दारू :** दारू प्रखंड के जतराही बागी हरली में एकल विद्यालय के बच्चों के द्वारा प्रखंड स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें 29 विद्यालयों के 200 बच्चे शामिल हुए। जिसमें कई बच्चों को सम्मानित किया गया जहां जनप्रतिनिधियों और आचार्यों द्वारा खेल कूद प्रतियोगिता में शामिल बच्चों का उत्साहवर्धन किया गया। सदर विधायक प्रदीप प्रसाद के द्वारा आये पुरस्कार का वितरण दारु भाजपा मंडल अध्यक्ष सहित लोगों के द्वारा किया गया इस मौके पर 29 आचार्यों सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

### उज्वला योजना के तहत गैस चूल्हा व सिलिंडर का वितरण

**चौपारण :** मिनी इंडियन गैस एजेंसी मयूरहंड के द्वारा प्रधानमंत्री उज्वला योजना के तहत 17 लाभुकों के बीच गैस, चूल्हा, सिलेंडर, रेगुलेटर तथा पाइप का वितरण किया गया वितरण बसरिया पंचायत मुखिया मंजू देवी और वार्ड सदस्य कंचन देवी ने किया। इस अवसर पर मुखिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार की इस योजना से महिलाओं को बड़ी मुसीबत से निजात मिल गई है घर का चूल्हा जलाने के लिए अब उन्हें इधर-उधर भटकना नहीं पड़ेगा घर बैठे सब जुगाड़ हो जाता है लकड़ी बचाने और खरपतवार चुनने से उन्हें मुक्ति मिल गई है ग्रहणियों कि इस योजना की सराहना करती है जो जलावन कोयला उपलब्ध हो जाता था मगर ठेठ देहात की महिलाओं को भारी परेशानी होती थी धुएं से उनके स्वास्थ्य पर भी बुरा असर पड़ता था मौके पर मुखिया मंजु देवी वार्ड सदस्य कंचन देवी कुन्ती देवी यशोदा देवी सोनिया देवी रेशमा देवी शाबान खातून सबिता देवी प्रीति देवी नीलम देवी नसरीन खातून अंजलि कुमारी चांदनी देवी आशा देवी बबीता देवी सरोज देवी पूजा देवी गीता देवी सरिता देवी अन्य मौजूद थे।

### बालू लोड ट्रैक्टर की चपेट में आने से नाबालिग की मौत

**केरेडारी :** केरेडारी थाना क्षेत्र के पेटो पंचायत के पुरानी पेटो निवासी राजेंद्र साव उर्फ टेना साव के छोटे पुत्र आयुष कुमार उम्र करीब 16 वर्ष को अवैध बालू लोड ट्रैक्टर की चपेट में आने से युवक की मौत हो गया . परिजनों ने मुआवजा एवं क्षतिपूर्ति को एवं अवैध ढंग से चल रहे बालू को पूर्ण रूप से रोकने लेकर 8.30 बजे से हजारीबाग टंडवा केरेडारी मुख्य पथ लावण्या मोड ट्रांसपोर्टिंग रोड जाम कर दिया, परिजनों ने बताया कि आयुष स्कूटी से चचेरी बहन के घर पुरानी पेटो जा रहा था।

# प्रमंडलीय आयुक्त ने 2025 मौसम के लिए केंदूपत्ती के दर निर्धारण पर की चर्चा

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग :** प्रमंडलीय आयुक्त-सह-केंदूपत्ती सलाहकार समिति के अध्यक्ष पवन कुमार की अध्यक्षता में उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडलीय कार्यालय, हजारीबाग में वर्ष 2025 मौसम के लिए केंदूपत्ती के संग्रहण मूल्य प्रति मानक बोरा के निर्धारण हेतु बैठक आहूत की गई।

इसमें उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल क्षेत्र अंतर्गत वर्ष 2025 मौसम के लिए प्राथमिक संग्रहणकर्ताओं से केन्दूपत्ती के क्रय दर प्रति मानक बोरा के निर्धारण हेतु सरकार को परामर्श देने के लिए संग्रहणकर्ता सदस्यों के साथ विचार-विमर्श हुआ। विचार विमर्श के दौरान आयुक्त-सह-अध्यक्ष को अवगत कराया गया कि पूर्व की बैठक में अध्यक्ष एवं समिति द्वारा केंदूपत्ती क्रय मूल्य 1700 प्रति मानक बोरा वन भूमि एवं रैयती भूमि के लिए अनुशंसा की गई थी। जिसमें सरकार द्वारा वर्ष 2024 मौसम के लिए 1750 रुपए प्रति मानक बोरा का दर स्वीकृत किया गया था। जिससे केंदु पत्ता व्यापार से जुड़े लोगों एवं झारखंड राज्य वन विकास निगम के पदाधिकारी के साथ अनौपचारिक विमर्श के दौरान बताया गया कि वर्ष 2024 में क्रय मूल्य 1650 रुपए प्रति मानक बोरा से 1750 रुपए प्रति मानक बोरा कर दिए जाने के कारण वर्ष 2024 में क्रेता हतोत्साहित हो गए। जिससे हजारीबाग प्रमंडल के कुल 70 लौटों में से मात्र 31 लौटों की ही बिक्री हो पाई। जिससे सरकार के राजस्व प्राप्ति में क्षति हुई।



**2025 मौसम के लिए केंदू पत्ती दर में मात्र 5 से 6% वृद्धि करने की अनुशंसा**

केंदूपत्ती का मौसमी संग्रहण कार्य से वनों के समीप सुदरवर्ती वनों के ग्रामीणों के लिए अतिरिक्त आय का महत्वपूर्ण स्रोत है। लौटों की बिक्री न होने से उस क्षेत्र के अंशकालिक मजदूर भी रोजगार से वंचित रहे। इन सभी बातों के विचारोंपरांत आयुक्त-सह-अध्यक्ष एवं समिति द्वारा 2025 मौसम के लिए केंदूपत्ती क्रय मूल्य में मात्र 5 से 6% न्यूनतम वृद्धि कर 1850 रुपए प्रति मानक बोरा वन भूमि एवं रैयती भूमि के लिए निर्धारण का परामर्श सरकार को देने का निर्णय लिया गया। जिससे शत-प्रतिशत केंदूपत्ती लौटों की बिक्री हो सके तथा झारखंड राज्य वन विकास निगम को भी बेहतर राजस्व की प्राप्ति हो सके। केंदूपत्ती दर में न्यूनतम वृद्धि से सुदूरवर्ती ग्रामीण मजदूरों को उनके द्वारा संग्रहित होने वाली केंदूपत्ती का क्रय करने के लिए क्रेतागण उत्साहित रहे और उन्हें रोजगार प्राप्त हो। बैठक में सलाहकार समिति के सदस्य आर.एन. मिश्रा क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक, ममता प्रियदर्शी महाप्रबंधक संयोजक-सह-सचिव, मोहम्मद इलाही, मोहम्मद अजहर इमाम, तालो मरांडी, दीनानाथ बेसरा, रामचन्द्र गंझू, विकास कुमार यादव, मोहम्मद कोसर एवं अन्य उपस्थित रहे।

## प्रोजेक्ट गर्ल्स हाई स्कूल की छात्राओं ने किया शैक्षणिक परिभ्रमण, वनभोज का उठाया आनंद

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कटकमसांडी :** प्रखंड मुख्यालय अवस्थित प्रोजेक्ट गर्ल्स हाई स्कूल की छात्राओं ने अपने शिक्षकों के साथ शैक्षणिक भ्रमण कर भौगोलिक जानकारियां प्राप्त की। इस दौरान छात्राओं ने बिरसा जैविक उद्यान, ओरमांझी, रांची साइंस सेंटर, तारा मंडल, चंद्रयान, मछली घर व तितली घर का भ्रमण कर प्राकृतिक व भौगोलिक जानकारियां हासिल की। शिक्षकों ने बच्चों को प्रकृति व भुगोल की जानकारी देते हुए पशु, पक्षी, पेड़ पौधे व पर्यावरण के महत्व को बताया। शिक्षकों ने छात्राओं को बताया कि प्रकृति से जुड़े सभी एक दूसरे के पूरक हैं, जो मानव जीवन के लिए नितांत आवश्यक है। बिरसा जैविक उद्यान में बच्चों ने वनभोज का भी आनंद उठाया और वन्य जीव जंतुओं को देख आनंदित हुए। शैक्षणिक परिभ्रमण में प्रधानाध्यापिका मोहिनी कुमारी, उदय कुमार, राजीव रंजन, विजयता रजनी फ्रांसिस, उरूश शिरीन, मीरा देवी, पुष्पांजली पांडेय, योगेंद्र प्रसाद, योगेंद्र यादव आदि शिक्षक शिक्षिका व शिक्षकेत्तरकर्मी शामिल थे।




## राणी सती दादी का भव्य विवाह उत्सव हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग :** शहर के मालवीय मार्ग रोड स्थित राणी सती दादी मंदिर में सोमवार को भक्ति, श्रद्धा और उल्लास के बीच राणी सती दादी का भव्य विवाह उत्सव पूरे पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया गया। मंदिर परिसर को फूलों से भव्य रूप से सजाया गया था। यह आयोजन भक्तों के लिए एक आध्यात्मिक उत्सव के साथ-साथ सांस्कृतिक आयोजन का संगम बन गया। उत्सव की शुरूआत हल्दी और मेहंदी की रस्मों से हुई। दादी के विवाह की तैयारियों में सजी-धजी महिलाएं उत्साहपूर्वक इन रस्मों में शामिल हुईं। पूरे मंदिर परिसर में मंगल गीत गूंजते रहे, जिससे माहौल भक्तिमय हो गया। हल्दी और मेहंदी के बाद ढोल-नगाड़ों और शहनाई की मधुर धुन के बीच दादी की भव्य बारात निकाली गई। बारात में राणी सती दादी के दूल्हे, तनधन जी के बाल स्वरूप में साची को दूल्हे के वेश में सजाया गया था। बारात में महिलाएं और पुरुष जय दादी की के जयकारे लगाते हुए श्रद्धा से झूमते नजर आए। यह बारात शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए मंदिर परिसर पहुंची। मंदिर परिसर में पहुंचने के बाद राणी सती दादी के विवाह की सभी रस्में पारंपरिक रूप से संपन्न की गईं। राणी सती दादी के बाल स्वरूप में पूर्वी और तन धन जी के बाल स्वरूप ने दादी भक्तों को आशीर्वाद दिया इस मौके पर सभी भक्तों ने जमकर नृत्य किया और खुशी मनाई। विवाह उत्सव के समापन पर भक्तों के लिए महाप्रसाद का आयोजन किया गया। सभी दादी भक्तों ने इस अवसर पर प्रसाद ग्रहण कर दादी का आशीर्वाद प्राप्त किया। यह आयोजन भक्तों के लिए अध्यात्म, आस्था और आनंद का अद्भुत संगम बन गया। दादी के विवाह उत्सव को लेकर भक्तों में खासा उत्साह देखा गया। इस आयोजन ने सभी भक्तों के दिलों में भक्ति का नया जोश भर दिया। राणी सती दादी मंदिर कमेटी के सदस्यों ने कहा की राणी सती दादी का विवाह उत्सव हमारे मंदिर और दादी भक्तों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह न केवल हमारी धार्मिक परंपराओं को जीवित रखने का माध्यम है, बल्कि श्रद्धालुओं के बीच भक्ति और आपसी एकता का भी प्रतीक है। इस आयोजन में भक्तों का जोश और आस्था देखकर हमें बेहद खुशी हुई। हर साल इस उत्सव को और भी भव्य बनाने की हमारी कोशिश रहती है। इस बार भी सभी रस्मों को विधिवत संपन्न किया गया। भक्तों की उपस्थिति और उनका उत्साह हमारे लिए सबसे बड़ी प्रेरणा है।



## खुटरा पंचायत में आईपीएल की तर्ज पर होगा क्रिकेट का महामुकाबला



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कटकमसाडी :** कटकमसांडी प्रखंड के खुटरा पंचायत में खुटरा प्रीमियर लीग टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। खुटरा प्रीमियम क्रिकेट लीग टूर्नामेंट मैच में पांच टीम भाग लिया। टूर्नामेंट में कटकमसाडी प्रखंड क्षेत्र के खिलाड़ियों ने भाग लिया प्रखंड क्षेत्र के डांड, पिचरी, रोमी, डुकरा, बरतुवा, धरहारा के टीम शामिल है।खुटरा पंचायत के टीम का कैप्टन शाकिब अहमद, शाहिद अफरीदी, शारिक शेख, अहमद रजा, शकील खान का नाम शामिल है। खुटरा प्रीमियम क्रिकेट लीग प्रतियोगिता में विजेता व उपविजेता पुरस्कार के साथ में मोमेंटो ट्रॉफी और सीरीज के लिए जूता व फाइनल मैच के लिए टी शर्ट देने की बात कही गई है। इस खेल कार्यक्रम का एक ही संदेश है कि मोबाइल छोड़ो और ग्राउंड में आओ फ्री समय खेलो। टूनामेंट में नए व पुराने खिलाड़ी भाग लिए हैं। कोच शरीफुल्लाह उर्फ गुड्डू ने बताया कि नवयुवक मोबाइल का आदी हो चुके हैं। वे सिर्फ मोबाइल पर गेम खेलकर अपना जीवन व स्वास्थ्य खराब करने मे लगे हैं। ऐसे में हम खेल के माध्यम से नवयुवकों को जागरूक करने का बीड़ा उठाया है।

## समाज कल्याण विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग :** समाज कल्याण की समीक्षा बैठक जिला समाज कल्याण पदाधिकारी शिप्रा सिन्हा की अध्यक्षता में की गई। बैठक में मुख्य रूप से समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना में लक्ष्य के अनुरूप शत-प्रतिशत पायी गयी। मुख्यमंत्री कन्यादान योजना की समीक्षा में केरेडारी, चैपारण, बरही, विष्णुगढ़, बरकट्ठा की उपलब्धि 50 प्रतिशत एवं प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना में पदमा, ईचाक, डाड़ी, विष्णुगढ़ एवं बरकट्ठा की उपलब्धि 70 प्रतिशत से कम पायी गई। उन्हें अविलंब शत प्रतिशत उपलब्धि हासिल करने का निदेश दिया गया। पोषण ट्रैकर एप्प में सभी वास्तविक लाभुकों को शत-प्रतिशत पोर्टल पर प्रविष्टि करने, लाभार्थियों का वजन, टीएचआर, वीएचएसएनडी, सीबीई गतिविधि आयोजित करते हुए पोर्टल पर अपलोड करने का निदेश दिया गया। जिलान्तर्गत सभी उत्क्रमण 76 मिनी आंगनबाड़ी केन्द्रों में एक पखवाड़ा के अन्दर चयन करने एवं साथ ही दो दिनों के संबंधित केन्द्रों में चयन की तिथि निर्धारित जिला कार्यालय को उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया है। पोषाहार का अभिश्रव एवं सेविकाओं, सहायिकाओं के मानदेय उपस्थिति विवरणी प्रत्येक माह के 5वीं तारीख तक अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया। साथ ही 0-5 वर्ष के बच्चों को आधार पंजीयन हेतु सभी महिला पर्यवेक्षिकाओं को आपरेटर आईडी के लिए आनलाईन आवेदन करते हुए परीक्षा में शामिल होने का निदेश दिया गया। आईडी प्राप्त होते ही उन्हें ऑनबोर्ड कराया जायेगा। इस अवसर पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी मां देव प्रिया, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी राखी चन्द्रा, प्रतिमा कुमारी सहित सभी महिला पर्यवेक्षिकाएं उपस्थित थी।



## साइकिल यात्रा से सम्पूर्ण भारत भ्रमण पर निकले युवक का स्वागत

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** प्रखंड के बनासो स्थित दौलत महतो मेमोरियल शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में पर्यावरण संरक्षण हेतु जागरूकता के लिए साइकिल यात्रा पर निकले उत्तरप्रदेश के निवासी 32 वर्षीय युवक सूर्यकान्त मिश्रा का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ० सुनील कुमार चतुवेर्दी ने अपने सम्बोधन में कहा कि हर मनुष्य का मूलकर्तव्य है कि वह पर्यावरण संरक्षण की ओर ध्यान दें और उसे सँवारे क्यूंकि पर्यावरण और प्राणी एक दूसरे पर आश्रित हैं। मौके पर सहायक प्राध्यापकगण सर्वणा मिश्रा, बबली कुमारी, प्रो० ओमकार नाथ शर्मा, अशोक कुमार झा, वीरेन्द्र देव, शशि भूषण देव, राघवेंद्र प्रताप, सरोज श्रीवास्तव, राजेश कुमार बर्मा, प्रवीण कुमार जायसवाल, विपिन कुमार, जितेंद्र कुमार, अद्दश मुखर्जी, डॉ० सतीश चंद्र यादव, जयपाल राणा, डॉ० अम्बरीश कुमार दुबे, डॉ० विजयकांत चक्रवर्ती, दिलीप कुमार पाठक, सीमा, छबि राम सिंह, अजीत कुमार, भुवनेश्वर कुमार महतो, संतोष कुमार, विनोद कुमार, धर्मनाथ महतो, सौरभ सुमन, प्रकाश कुमार, आजाद, नाजरा, सुनीता समेत सभी सत्रों के प्रशिक्षुओं की उपस्थिति रही।



## कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी का जन्म दिन मना

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग :** जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम में त्याग की मुर्ति व कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष आदरणीय सोनिया गांधी का 67 वां जन्म दिन सादगी से मनाया गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव नें उनकी दीर्घयु की कामना करते हुए कहा कि जब 1991 में पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हत्या हुई तो सोनिया गांधी को कई लोगों ने नेहरू-गांधी वंश का स्वाभाविक उत्तराधिकारी माना और उन्हें कांग्रेस पार्टी का नेतृत्व करने की पेशकश की गई। उन्होंने इस प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया और सार्वजनिक रूप से राजनीति पर चर्चा करने से इन्कार कर दिया। हालांकि 1993 में उन्होंने उत्तरप्रदेश के अमेठी में राजीव गांधी के पूर्व निर्वाचन क्षेत्र का दौरा किया। इसके बाद उन्होंने भारतीय सार्वजनिक जीवन के लिए समर्पित ट्रस्टों और समितियों की ओर पुरे देश का दौरा किया। 1998 में सोनिया गांधी तत्कालीन संघर्षरत कांग्रेस पार्टी की अध्यक्ष बनने के लिए सहमत हुई। कार्यक्रम के पश्चात जरूरमदों के बीच कम्बल का वितरण किया गया। महानगर अध्यक्ष मनोज नारायण भगत प्रदेश सचिव बिनोद सिंह प्रखंड अध्यक्ष अजित सिंह जिला उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता निसार खान वरिष्ठ कांग्रेसी लाल बिहारी सिंह, राजू चौरसिया, अजय गुप्ता, दिलीप कुमार रवि, जावेद इकबाल, सदरूल होदा, साजिद अली खान, दीपक गुप्ता, सलीम रजा, गुड्डू सिंह, परवेज अहमद, कृष्णा किशोर प्रसाद, राजू यादव, अजित अनिल भुईंया, भैया असीम कुमार, मो. वारिस, सैयद अशरफ अली, सोनू वर्मा, शब्बीर अली, मुगेश्वर प्रसाद चौधरी के अतिरिक्त कई कांग्रेसी उपस्थित थे।




### केरेडारी का नया थाना प्रभारी बने विवेक कुमार यादव



**केरेडारी :** केरेडारी प्रखंड क्षेत्र सुदूरवर्ती कोल कंपनियां क्षेत्र होने के कारण केरेडारी में एक थाना और दो ओपी थाना दो पुलिस पीकेट से पूरे क्षेत्र का कंट्रोल किया जाता है इसी दरमियान आज सुबह केरेडारी थाना प्रभारी अजीत कुमार को लाइन हाजिर किया गया एवं नए थाना प्रभारी के रूप में विवेक कुमार यादव पदभार ग्रहण किया। केरेडारी थाना के पूर्व थाना प्रभारी अजीत कुमार छ माह का कार्यकाल सद्भावना एवं सादगी एवं लोगों के साथ मधुर वाणी के रूप में जाने जायेंगे।

## 24 दिसम्बर को आयोजित होगा श्री श्याम टाबरिया का श्याम समर्पण महोत्सव

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग :** श्याम भक्ति में समर्पित श्री श्याम टाबरिया ने 24 दिसंबर को श्याम समर्पण महोत्सव का आयोजन किया है। यह महोत्सव पहली बार इतने भव्य रूप में आयोजित किया जा रहा है। इस अद्भुत और धार्मिक आयोजन में विभिन्न राज्यों के श्याम भक्तों के शामिल होने की संभावना है। यह पहली बार है जब श्याम समर्पण महोत्सव इतनी बड़ी श्रद्धा और भक्ति के साथ आयोजित किया जा रहा है। आयोजक श्री श्याम टाबरिया ने इसे विशेष रूप से भक्तों को समर्पित किया है। महोत्सव का आयोजन मुनका बगीचा में किया जायेगा, जो भक्तों की सुविधा और भक्ति के अनुरूप तैयार किया जाएगा। महोत्सव की मुख्य आकर्षण भजन संध्या होगी, जिसमें प्रसिद्ध भजन गायक अपनी मधुर आवाज में श्याम बाबा के भजनों का गायन करेंगे। ये भजन भक्तों को भक्ति और आनंद में सराबोर कर देंगे। विशेष पूजा-अर्चना और आरती का आयोजन किया जायेगा। इसमें श्याम बाबा को छप्पन भोग अर्पित किया जाएगा। भक्तों को बाबा के दिव्य और भव्य रूप के दर्शन का अवसर मिलेगा।यह महोत्सव श्याम भक्तों का एक ऐसा मंच होगा, जहां वे एक साथ मिलकर बाबा के प्रति अपनी श्रद्धा प्रकट करेंगे। इस आयोजन का उद्देश्य श्याम बाबा की भक्ति को समर्पण और सेवा के साथ जोड़ना है। इस आयोजन से भक्तों में श्याम नाम की महिमा और विश्वास को और अधिक प्रबल किया जायेगा।



# हजारीबाग विधायक प्रदीप प्रसाद ने ली शपथ, क्षेत्र के विकास का लिया संकल्प

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग :** विधानसभा में विधायकों का शपथ ग्रहण विधानसभा के प्रथम सत्र के शुरूआती दिन सोमवार को हुआ। जिसमें सबसे पहले मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और फिर उनके मंत्रिमंडल में शामिल सदस्यों ने शपथ ली। इसके बाद अलग-अलग विधानसभा के विधायकों ने शपथ लिया। जिसके बाद 25 हजारीबाग से विधानसभा क्षेत्र से नवनिर्वाचित विधायक प्रदीप प्रसाद ने सोमवार को झारखंड विधानसभा के प्रथम सत्र में शपथ ग्रहण किया। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के टिकट पर पहली बार चुनाव जीतने वाले प्रदीप प्रसाद ने ईश्वर की शपथ लेता हूं ... के साथ शपथ ली और क्षेत्र की जनता के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को निभाने का संकल्प लिया। शपथ ग्रहण के दौरान प्रदीप प्रसाद अपने सादगीपूर्ण व्यक्तित्व और विनम्रता के साथ नजर आए। पत्रकारों से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि हजारीबाग की जनता ने मुझे जो विश्वास और समर्थन दिया है, उसके लिए मैं हृदय से आभारी हूं। मेरा यह दायित्व है कि मैं क्षेत्र के हर नागरिक की उम्मीदों पर खरा उतरूं। मेरा उद्देश्य केवल जनता का प्रतिनिधित्व करना नहीं है, बल्कि उनकी समस्याओं का समाधान करना और हजारीबाग को विकास का मॉडल बनाना है। मैं अपने क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और आधारभूत संरचना में सुधार के लिए हरसंभव प्रयास करूंगा। विधायक प्रदीप प्रसाद ने क्षेत्र में बेरोजगारी और कृषि क्षेत्र की समस्याओं का समाधान करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करना, किसानों को तकनीकी और आर्थिक सहायता उपलब्ध कराना और हजारीबाग में औद्योगिक विकास को गति देना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल रहेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में विकसित भारत के विजन को साकार करते हुए, मैं हजारीबाग को एक सशक्त और आत्मनिर्भर विधानसभा क्षेत्र बनाने के लिए कृतसंकल्पित हूं। क्षेत्र के नागरिकों ने विधायक के प्रति विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में हजारीबाग को विकास की नई ऊंचाइयों पर पहुंचने की उम्मीद है। प्रदीप प्रसाद ने यह भी कहा कि वह अपने कार्यकाल के दौरान एक पारदर्शी और जवाबदेह प्रशासन सुनिश्चित करेंगे। क्षेत्र में शिक्षा के प्रसार, बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं, सड़कों और पुलों का निर्माण और डिजिटल कनेक्टिविटी बढ़ाने पर जोर दिया जाएगा। मैं हजारीबाग के हर नागरिक की आकांक्षाओं को पूरा करने और उनकी समस्याओं को हल करने के लिए हर संभव प्रयास करूंग0ा। यह मेरा वादा है कि मेरे कार्यकाल में कोई भी नागरिक खुद को उपेक्षित महसूस नहीं करेगा। जनता से संवाद और विश्वास के साथ विधायक प्रदीप प्रसाद ने यह स्पष्ट कर दिया है कि उनका मुख्य उद्देश्य आम हजारीबाग को झारखंड के सबसे प्रगतिशील और समृद्ध क्षेत्रों में शामिल करना है।



### विधायक ने लोकतंत्र के मंदिर में प्रवेश करने से पहले विधानसभा की चौखट को किया प्रणाम

**हजारीबाग :** हजारीबाग के सदर विधानसभा क्षेत्र से नवनिर्वाचित विधायक प्रदीप प्रसाद सोमवार को पहली बार विधानसभा पहुंचे। यह अवसर उनके और क्षेत्र की जनता के लिए ऐतिहासिक और भावनात्मक रहा। विधायक प्रदीप प्रसाद ने लोकतंत्र के मंदिर में प्रवेश करने से पहले विधानसभा की चौखट को प्रणाम किया और जनता के प्रति अपने कर्तव्य को सर्वोपरि मानते हुए आभार व्यक्त किया। इसके पश्चात उन्होंने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी से भेंट कर उनका आशीर्वाद लिया और मार्गदर्शन प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि जनता की सेवा के लिए उन्हें जो जिम्मेदारी मिली है, उसे निभाने के लिए वे पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करेंगे। इस अवसर पर विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा की सदर की जनता ने मुझे जिस विश्वास के साथ यहां तक पहुंचाया है, वह मेरे लिए प्रेरणा और ताकत का स्रोत है। मैं यह सुनिश्चित करूंगा कि हजारीबाग की आवाज हर मंच पर सुनी जाए। विकास के हर पहलू पर काम करना और क्षेत्र के लोगों की उम्मीदों को पूरा करना मेरी प्राथमिकता है। विधानसभा पहुंचने के दौरान भाजपा के अन्य नवनिर्वाचित विधायक भी श्री प्रसाद के साथ उपस्थित रहे। उन्होंने भी नवचयनित विधायक का उत्साहवर्धन किया।

## एक झलक

### ग्राम स्वराज अभियान का धरना 10 से

**बाघमारा (धनबाद):** अंचल कार्यालय बाघमारा में जमीन संबंधित मामलों में कथित रिश्वत का खेल होता है। फरियादी रैयत अपने जमीन संबंधित मामलों को लेकर अंचल कार्यालय के चक्कर लगाते रहते हैं। ग्राम स्वराज अभियान के जगत महतो ने बताया कि अंचल कार्यालय में जमीन संबंधी शिकायत का निवारण हल्का कर्मचारी/अधिकारी द्वारा सामान्यत नहीं किया जाता। कुछ माह से रैयत मुसीब अख्तर खान, सुमित्रा देवी, अरविंद सिन्हा, विशाल कुमार महतो, तीता कुमारी उर्फ लक्ष्मी देवी, कैलाश रजवार, कमल महतो, दिलीप कु महतो, सलिक मिस्त्री, रूपेश रवानी, राजा राम सिंह, लक्ष्मी देवी आदि कई रैयत अपने जमीन संबंधी शिकायत को लेकर परेशान है, बाध्य होकर सभी रैयत ग्राम स्वराज अभियान के बैनर तले 10 दिसंबर से अंचल कार्यालय बाघमारा में अनिश्चितकालीन धरना पर बैठेंगे।

### बेमौसम बारिश ने बढ़ायी ठंड, घरों में दुबके लोग

**धनबाद :** तोपचांची क्षेत्र में सोमवार को पूर्वाह्न हुई बेमौसम बारिश ने बढ़ाई ठंड, वहीं खेत-खलियान की तरबतर हो गई। जिससे धान की फसल को छति हुई है। सोमवार 9 दिसंबर को हुई बेमौसम बारिश से जनजीवन ठंड से परेशान हो रहे हैं। तोपचांची बाजार एवं ग्रामीण अंचल में बच्चे, बूढ़े एवं भिक्षुक और राहगीर ठंड से ग्रस्त हो गए हैं। क्षेत्र में कंपकंपाती ठंढ के मदेदनजर तोपचांची गोमो रोड़ स्थित महतो मार्केट परिसर में लोगों का ठंढ से बचाव हेतु अलाव की व्यवस्था सामाजिक कार्यकर्ता सदानंद महतो ने किया और संबंधित स्थानीय पदाधिकारी से विभिन्न चौक- चौराहे एवं बस पड़ाव पर अलाव पर जलाने की व्यवस्था करने की गुहार लगाई है। मौके पर शंकर रवानी, लखन लाल महतो, सोमर डोम, जितेंद्र कुमार, शिबू प्रसाद, सुनील रजक आदि व्यक्ति मौजूद रहे।

### नागरिक समिति ने विधायक को किया सम्मानित

**निरसा (धनबाद):** निरसा नागरिक समिति ने सोमवार को एक समारोह में भाकपा माले विधायक अरूप चटर्जी को शॉल और गुलदस्ता देकर सम्मानित किया। यह सम्मान निरसा में चौथी बार विधायक बनने की खुशी में दिया गया था। समिति के अध्यक्ष ने कहा कि अरूप चटर्जी निरसा के जनता के लिए 365 दिन 24 घंटा जनता के बीच उपस्थित रहते हैं, और इस आदर-सम्मान के लिए समिति के समस्त सदस्यों का आंतरिक आभार है। इस समारोह में समिति के अध्यक्ष हाजी अफरोज अहमद, सचिव श्री सुखेंदु दत्ता, डॉ. एस. के. मंडल, राम बिलास अग्रवाल, गंगाराम अग्रवाल, सुरेश गोयल, मुरली मोहन अग्रवाल, सोनू साहू, रंजीत साहु, प्रदीप गोयल, शंकर घोष, कमल खेरिया, आशीष अग्रवाल सहित कई अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे। स्वागत समारोह का शुभारंभ साक्षी अग्रवाल, माही अग्रवाल, प्राची अग्रवाल, मनी अग्रवाल, मिस्टी अग्रवाल, पीहू अग्रवाल, सिद्धि अग्रवाल बच्चे - बच्चियों द्वारा किया गया।

### इस्कॉन कुसुम विहार ने आयोजित की विशेष प्रार्थना सभा

**धनबाद:** बांग्लादेशी हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरुद्ध आज इस्कॉन कुसुम विहार द्वारा विशेष प्राथना का आयोजन किया गया। प्राथना सभा में सभी भक्तो ने हरि नाम जाप एवं कीर्तन कर भगवान से बांग्लादेशी हिंदुओं के सुरक्षा के लिए प्राथना किया और सभी देशवासियों को एक होने का निवेदन किया। इस्कॉन कुसुम विहार प्रबंधक सुंदर गोविंद प्रभु ने सभी भक्तो से आग्रह किया कि वो धर्म को समझे, अपने ग्रंथों का अध्ययन करे और एक रहे। अगर सभी सनातनी विभिन्न जात या समाज में ना बट कर एक रहे तो एक सकारात्मक विचार का माहौल बनेगा और सभी अपने धर्म की रक्षा कर सकेंगे। सभा के पश्चात भक्तो के मध्य प्रशाद का वितरण किया गया।

### पुण्यतिथि पर झगरु राय को किया गया याद, दी श्रद्धांजलि

**पाथरडीह (धनबाद):** पाथरडीह कांड्रा बाजार स्थित सीपीआई(एम) कार्यालय में कांड्रा शाखा की ओर से वाम मोर्चा के वरिष्ठ मजदूर नेता झगरू राय का 12 वें स्मरण दिवस पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। पार्टी कार्यकताओं की ओर से सर्वप्रथम उनके तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर व 2 मिनट का मौन रख भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि कॉ झगरू राय आजीवन मजदूर आंदोलन के लिए समर्थित व समर्पित कार्यकर्ता एवं सामाजिक कार्यों के प्रति समर्पित थे।

### आईआईटी-आईएसएम के 99वें स्थापना दिवस समारोह में शामिल हुए महामहिम राज्यपाल

# अपनी जिम्मेवारी ईमानदारी से निभायें, तभी विकसित भारत सम्भव : राज्यपाल

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार सोमवार को धनबाद के आईआईटी-आईएसएम पहुंचे, जहां उन्हें जिला पुलिस द्वारा कैंपस परिसर में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। वे आईआईटी-आईएसएम के 99वें स्थापना दिवस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। विदित हो कि आज ही के दिन साल 1926 में 22 छात्रों और 3 शिक्षकों के साथ भारतीय खनि विद्यापीठ की शुरूआत हुई थी। इसके बाद राज्यपाल संतोष गंगवार ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस





स्थापना दिवस समारोह में राज्यपाल के द्वारा देशभर में बेहतर कार्य करने वाले पूर्ववर्ती छात्रों और फेकल्टी को सम्मानित किया गया। इस मंच पर चेयरमैन कोल इंडिया पीएम प्रसाद, निदेशक प्रो. सुकुमार मिश्रा, दुगार्पूर स्टील प्लांट के निदेशक प्रो. बीपी सिंह मंच पर मौजूद रहे। राज्यपाल ने कहा कि आईएसएम पारंपरिक शिक्षा व्यवस्था से आगे बढ़कर देश के विकास के लिए तकनीकी रूप से देश को आगे बढ़ने में मदद कर रहा है। इसके लिए ये संस्थान साधुवाद का पात्र है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से विकसित भारत की ओर आगे बढ़ रहा है, जब से पीएम मोदी आये हैं देश में तकनीकी शिक्षा पर अधिक जोर दिया जा रहा है। आप सभी विकसित भारत के दिशा में आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं. समाज में बदलाव लाने के लिए जो होना चाहिए वो आप लोग कर रहे हैं। आईआईटी-आईएसएम की सराहना करते हुए राज्यपाल ने कहा कि भविष्य में इनोवेटर्स और बड़े समाज सुधारक पैदा करने के लिए आईआईटी प्रयत्नशील है। उन्होंने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि आप वसुधैव कुटुम्बकम की भावना से अपनी शिक्षा का उपयोग करें। विकसित भारत तभी संभव है जब सभी अपनी जिम्मेदारी को निभाएंगे। झारखंड के संबंध में उन्होंने कहा कि यहां के छात्रों की प्रतिभा का मुकाबला कोई नहीं कर सकता, हमारा लक्ष्य विकसित भारत है उसमें आपकी भमिका महत्वपूर्ण है।

## बीआईटी में रिमोट सेंसिंग और जींआईएस का शोध में अनुप्रयोग पर कार्यशाला



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**सिन्दरी (धनबाद) :** बीआईटी सिन्दरी में झारखंड विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार परिषद रांची द्वारा प्रायोजित रिमोट सेंसिंग और जियोग्राफिक इनफार्मेशन सिस्टम का शोध में अनुप्रयोग विषय पर सात दिवसीय कार्यशाला असैनिक अभियंत्रण विभाग के राजेंद्र प्रसाद सभागार में प्रारंभ हुआ। निदेशक डॉ. पंकज राय ने कहा कि तकनीकी संस्थान मे इस प्रकार की कार्यशाला संस्थान और इंडस्ट्रीज के बीच की दूरी को कम करने में सहायक है। कार्यशाला के संयोजक सह असैनिक अभियंत्रण विभाग के प्रमुख डॉ. जितू कुजूर ने कहा कि कार्यशाला विद्यार्थियों के लिए काफी महत्वपूर्ण होगी। कार्यक्रम की संयोजक, बीआईटी की असैनिक अभियंत्रण विभाग की प्रो. कोमल कुमारी और रिसोर्स पर्सन डॉ. बीडी यादव ने कार्यशाला की रुपरेखा प्रस्तुत करते हुए अतिथियों का स्वागत किया। उद्घाटन समारोह के विशेषज्ञ व्याख्यान में बीआईटी मेसरा के प्रो. नीलांचल पटेल ने बताया कि रिमोट सेंसिंग वह तकनीक है जो सतह से विकिरण उर्जा का उपयोग करके पृथ्वी का अध्ययन करती है। यह सेटेलाइट और एयरक्राफ्ट के माध्यम से बिना प्रत्यक्ष संपर्क के किया जाता है। यूनिवर्सिटी ऑफ शेफील्ड यूके की डॉक्टरल शोधकर्ता डॉ. मधुमिता साहू ने रिमोट सेंसिंग का भूमिगत जल एवं प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन के विषय पर अपना व्याख्यान दिया। एनआईटी रावलकेला के सहायक प्रोफेसर डॉ. रत्नाकर ने बाढ प्रबंधन में एसएआर के प्रयोग पर व्याख्यान दिया। कार्यशाला के सहायक समन्वयक प्रो. इकबाल शेख ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

## सोलर लाइट चोरी मामले में दो गिरफ्तार, लाइट बरामद



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद/बाघमारा :** बरोरा थाना क्षेत्र के झगड़ाही स्थित उप स्वास्थ्य केंद्र में हुई सोलर लाइट की चोरी मामले में पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। बरोरा थाना प्रभारी जयप्रकाश यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर तत्काल जांच शुरू की गई, जांच के दौरान पुलिस ने रोहित कुमार और मुकेश कुमार को गिरफ्तार कर इन दोनों आरोपियों को चोरी की गई सोलर लाइट के साथ रंगे हाथों पकड़ा गया। पुलिस अभी भी तीसरे आरोपी विकास कुमार की तलाशी में सरगर्मी से जुटी हुई है, विकास कुमार फिलहाल फरार है और पुलिस ने उसके खिलाफ भी आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है। इस गिरफ्तारी से क्षेत्र में चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने में मदद मिलेगी और लोगों को सुरक्षा का एहसास होगा पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई की। स्थानीय लोगों ने सराह है।

## डीजल चोरों ने दो वाहन चालकों को पीटा

**बाघमारा (धनबाद) :** बाघमारा क्षेत्र के वेस्ट मोदीडीह कोलियरी में बीती रात दो चालक वारिस और राम बिहारी को तेल चोरों ने तेल चुराने के क्रम में पीटा। घटना रविवार को द्वितीय पाली में हुई। बीसीसीएल चालक बारिश मियां और राम बिहारी भुइयां वहां में बैठे हुए थे। तभी पांच से छह नकाबपोश आये और जबरन उक्त गाड़ी से तेल निकालने लगे। जब इन्होंने मनाही की तो उन्होंने गाड़ी से निकाल कर उन दोनों के साथ मारपीट की। बाद में हो हल्ला होने पर तेल चोर वहां से भाग खड़े हुए। बीसीसीएल प्रबंधन ने दोनों चालकों को इलाज के लिए रीजनल हॉस्पिटल टीलाटांड़ कतरास भेज दिया ,जहां चिकित्सक प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें सेंट्रल हॉस्पिटल धनबाद जाने की सलाह दी। इस बात से यही प्रतीत होता है कि बीसीसीएल प्रबंधन के सामने कोयला, डीजल, लोहा चोर बीसीसीएल को ठेंगा दिखाने का काम कर रही है और दिन के उजाले में भी कोयला डिजल और लोहा की चोरी बड़े पैमाने पर हो रही है।

## डीएवी प्रबंध समिति की खेल प्रतियोगिता में सम्मिलित छात्रों का हुआ भव्य स्वागत

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**जोड़ापोखर (धनबाद) :** जोरापोखर डीएवी बनियहीर के प्रांगण में सोमवार को डीएवी प्रबंध समिति द्वारा आयोजित डीएवी राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में सम्मिलित छात्रों का भव्य स्वागत किया गया। इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्रों को प्राचार्य ने पदक पहना कर सम्मानित किया। सम्मानित प्रतिभागियों का विवरण निम्न प्रकार से है। तीरअंदाजी प्रतियोगिता के 14 वर्षीय बालक वर्ग की व्यक्तिगत स्पर्धा में मो. सलमान को 20 मीटर तथा 30 मीटर में तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। वहीं 17 वर्षीय बालक वर्ग की तीरअंदाजी प्रतियोगिता में




शुभजीत मोदक को तृतीय तथा बॉलीवाल की 19 वर्षीय बालक प्रतियोगिता में सागर प्रताप सिंह को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। छात्रों के इस शानदार प्रदर्शन पर प्राचार्य एजाज अहमद ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विजई प्रतिभागियों की भूरि - भूरि प्रशंसा की तथा उनके उज्ववल भविष्य की कामना की। प्राचार्य महोदय ने छात्रों को सम्बोधित करते हुए कहा कि पढ़ाई के साथ-खेल कूद भी अति आवश्यक है। इस अवसर पर खेल शिक्षक श्री असीम प्रियदर्शी एवं अरूंधती मिश्रा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय संस्था ने पुटकी में चलाया नशा मुक्ति अभियान


**धनबाद :** उच्च विद्यालय पुटकी,वीणा विद्या निकेतन स्कूल एवं पुरे पुटकी बाजार में नशा मुक्ति अभियान को लेकर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय संस्था के द्वारा सोमवार को नाटक के माध्यम से जनमानस को जागरूक किया गया। इसको लेकर बीके माधव ने बताया कि भारत सरकार और प्रजापिता ब्रह्मा कुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के बीच एमओयू के तहत धनबाद के पुरे जिले में नशा मुक्त अभियान चलाया जा रहा है। नाटक करके हमलोग बता रहे हैं कि कैसे मनुष्य नशे के गिरफ्त में अपना और अपने परिवार का जीवन तबाह कर रहे हैं जिससे गंभीर बिमारीयो के चपेट में आ रहे हैं। जिससे अपना बहुमूल्य समय और मेहनत का पैसा दोनों बर्बाद कर रहे हैं। नाट्य मंचन में संस्था के बीके माधव, बीके रवि, बीके मनोरंजन, बीके लझमण, बीके गीता, बीके काकोली, नीरज राय, रणविजय सिंह, लक्ष्मी, गौरी एवं उच्च विद्यालय पुटकी के प्रधानाचार्य, सभी शिक्षक शिक्षिकाओं, वीणा निकेतन स्कूल के प्रधानाचार्य ए के सिंह, विशाल सिंह चौधरी, सभी स्कूल शिक्षक शिक्षिकाओं का सराहनीय योगदान रहा।

## राइफल साफ करने के दौरान गोली चलने से सीआरपीएफ जवान की हुई मौत

हादसा

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** जिला के पूर्वी टुंडी थाना क्षेत्र के सीआरपीएफ कैंप में तैनात एसएपी के एक हवलदार सोमवार की सुबह गोली लगने से मौत हो गई। गोली लगने के बाद उसे तत्काल धनबाद एसएनएमएमसीएच अस्पताल लाया गया। लेकिन रास्ते में ही जवान ने दम तोड़ दिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद धनबाद के सिटी एसपी अजीत कुमार, सरायढेला पुलिस सहित कई आला अधिकारी अस्पताल पहुंच मामले की जानकारी ली। मृतक की पहचान नंदकिशोर



सिंह के रूप में हुई है और वह पलामू जिला का रहने वाला था, फिलहाल जवान कि पोस्टिंग टुंडी में थी। मिली जानकारी के अनुसार टुंडी थाना के समीप सीआरपीएफ कैंप में हवलदार नंदकिशोर तैनात था। सोमवार की सुबह हवलदार अपनी रायफल साफ कर रहा था कि अचानक गोली चल गई। उसी दौरान गोली जवान के सर पर लग गयी और हादसा हो गया। गोली चलते ही वहां सनसनी फैल गई। वहां तैनात पुलिस कुछ देर के लिए कुछ समझ नहीं पाए। सभी सोचे की गोली किधर से चली, उस तरफ दौड़े। देखा हवलदार नंद किशोर खून से लथपथ जमीन पर गिरा पड़ा है। कोई कुछ समझ नहीं पाया। तत्काल उसे लेकर धनबाद एसएनएमएमसीएच अस्पताल ले गए। लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। अभी हाल के दिनों में ही बलियापुर बीबीएम कॉलेज में भी चुनाव कराने आए एक जवान की गोली लगने से मौत हो गई थी।

## झरिया विधायक रागिनी सिंह व अन्य विधायकों ने ली शपथ



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** झारखंड विधानसभा के पहले सत्र में सोमवार को झरिया की विधायक रागिनी सिंह, धनबाद विधायक राज सिन्हा एवं बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो ने विधानसभा सत्र के दौरान शपथ ग्रहण किया। शपथ ग्रहण करने के उपरांत भाजपा झरिया विधायक रागिनी सिंह ने उड़ीसा के माननीय महामहिम राज्यपाल रघुवर दास से उनके रांची स्थित आवास पर शिष्टाचारिक मुलाकात कर उन्हें शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया, जहां उनका स्नेह और आशीर्वाद प्राप्त हुआ।

### 19 वर्षीय युवक बिना बताये घर से निकला, परिजन परेशान

**पाथरडीह (धनबाद):** पाथरडीह थाना क्षेत्र के चासनाला मोड़ निवासी नीलू प्रसाद के 19 वर्षीय पुत्र आदित्य कश्यप रविवार को अहले सुबह अपने घर से निकला। देर शाम तक वह घर नही आया है। पुत्र के घर नही लौटने से परिजन परेशान हैं। अपने स्तर से खोज बिन किया नहीं मिलने पर पिता ने पाथरडीह थाना में पुत्र के लापता होने की लिखित शिकायत देकर पुत्र को ढूंढने की गुहार लगाई है। नीलू ने बताया की रविवार की अहले सुबह पुत्र ट्रैकसूट व हवाई चप्पल पहनकर घर से निकला। देर शाम तक घर नही लौटा। आदित्य के घर नही लौटने से परिजन किसी अनहोनी की आशंका से डरे सहमे हुए हैं।



## भगवान की कथा आत्मा को परमात्मा से जोड़ने का मार्ग : हरिदास

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कतरास (धनबाद) :** श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के दूसरे दिन सोमवार को वाचक हरिदास जी ने भक्तों को बताया कि भगवान की कथा सुनना एक अद्भुत और दिव्य अनुभव है, जो जीवन के सभी दु:खों को समाप्त कर देता है।

जब कोई व्यक्ति भगवत कथा को श्रद्धा और ध्यानपूर्वक सुनता है, तो उसके जीवन में सकारात्मकता का संचार होता है और मानसिक शांति प्राप्त होती है। मानव जीवन में ज्ञान का विशेष महत्व है। अपने ज्ञान के माध्यम से व्यक्ति अपने भीतर के अज्ञान और अंधकार को दूर कर सकता है। जैसे अंधेरी रात में एक दीपक प्रकाश फैलाता है, वैसे ही ज्ञान का प्रकाश व्यक्ति को सही मार्ग दिखाता है और उसे पापों के चक्र से




बाहर निकालता है। महाराज श्री ने यह भी बताया कि मानव को पाप करने से बचना चाहिए, क्योंकि पाप जीवन को नष्ट कर देते हैं और आत्मा पर बोझ बन जाते हैं। यह कथा परम वैष्णव बाबा भोलेनाथ ने मईयां पार्वती को सुनाए थे भागवत अमर ग्रंथ है जो इन्हें श्रवण करते वो व्यक्ति भवसागर से पार हो अमर हो जाता है।यह कथा सुत जी ने शौनकादिक ऋषियों मुनियों को सुनाया सनक सनातन ने नारद को सुनाया भगवान शुकदेव ने राजा परिक्षित को सुनाया उन्हें मुक्ति मिल गयी भगवान की कथा सुनना एक ऐसा सौभाग्य है जो करोड़ों जन्मों के पुण्य के बाद प्राप्त होता है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को प्रयास करना चाहिए कि वह अधिक से अधिक पुण्य कर्म करे और भगवत कथा सुनने का सौभाग्य प्राप्त करती है। भगवान की कथा आत्मा को परमात्मा से जोड़ने का मार्ग दिखाती है और मनुष्य को सच्ची शांति और आनंद का अनुभव कराती है।इस कथा को सफल बनाने में प्रमुख परिवार किशोरी गुप्ता, बिजय झा, अशोक वर्मा, विनय कृष्ण गुप्ता, बिजया गुप्ता, श्रीकृष्ण गुप्ता, अवधेश कु गुप्ता, मनोज कु गुप्ता, उदय वर्मा, सुशील खैतान, संजय चौधरी, हिम्मत सिंह, दीपक सोनी, संजय गुप्ता, शिवानी झा,कस्तूरी देवी, गीता देवी, अल्का देवी बबीता देवी, नर्मदा देवी, मनिषा देवी,कविता गुप्ता,उ सुष्मा वर्मा,माया खैतान,बिकास साहू, सुमन देवी, आदि समाज के सहयोग से किया जा रहा है।

# जनहित के कार्य लिए मसीहा बनेगा क्रांतिकारी वंचित जनवादी मोर्चा

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**झरिया (धनबाद) :** डिगवाडीह, गुप्ता मेडिकल के पास जनहित कार्य के लिए आयोजित बैठक में क्रांतिकारी वंचित जनवादी मोर्चा का गठन किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से मोर्चा के पदाधिकारियों का चयन किया गया। बैठक की अध्यक्षता रामप्रवेश यादव ने किया। इस बैठक में काफी संख्या में समाजसेवी, राजनीतिज्ञ बुद्धिजीवी उपस्थित थे। बैठक की चर्चा में झारखण्ड की आम जनता की समस्याओं से अवगत कराया गया। साथ ही लोगों की दर्जनों समस्याएं निकल कर सामने आई। वंचितों की समस्याओं के निराकरण के लिए सभी बिंदुओं पर चर्चा की गई ।उपस्थित लोगो ने निराकरण के सभी बिंदुओं पर एक साथ लड़ने के लिए आवाज उठाई।

मोर्चा के सचिव व बैठक के संचालनकर्ता अनिल बाउरी ने कहा की मोर्चा का गठन जनहित के लिए है अगर जनहित के लिए लड़ाई लड़नी होगी तो मरते दम तक लड़ते रहेंगे। आज तक जनहित कार्यों के लिए कोई मोर्चा नहीं



बना है ये पहली बार जनहित के कार्यों के लिए क्रांतिकारी वंचित जनवादी मोर्चा का गठन किया गया है। इस कार्य में महिला, पुरुष, बच्चे, शिक्षा से वंचित बच्चे, स्वास्थ से व आर्थिक स्थिति से कमजोर मजदूरों, बेरोजगारी जैसी अनेकों समस्याओं के समाधान को लेकर कार्य करेगी। अगर जनहित के कार्य के लिए सरकार से भी लड़नी पड़ी तो हम लोगो पीछे नहीं हटेगे। वहीं मोर्चा के अध्यक्ष रामप्रवेश यादव ने कहा सम्मान काम का सम्मान वेतन दिया जाए, पारा मेडिकल, पारा शिक्षक में से पारा नाम को जल्द जल्द हटाया जाए। बैठक में मुख्य रूप से ओबीसी एससी एसटी एवं माइनॉरिटीके जिला महासचिव गोपाल यादव अपने संबोधन में कहा कि जनहित कार्यों के लिए सभी मोर्चा के साथ चले और लोगों का आवाज बुलंद करें। बैठक में मुख्य रूप से रामप्रवेश यादव, ओबीसी एससी एसटी जिला महासचिव व इस मोर्चा के मीडिया प्रभारी गोपाल यादव, शिवाजी सिंह यादव, उपाध्यक्ष हरिराम पंडित, महासचिव अनिल बाउरी, कोषाध्यक्ष शिवजी सिंह, सहसचिव अप्पू खान, रंजीत यादव, सैयद सुल्तान खान, अरमान अंसारी, मोतीलाल, हेमराम, संतोष यादव, रामलाल महतो, मो. इरशाद, महेंद्र विश्वकर्मा समेत अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकारणी सदस्य उपस्थित थे।

## सम्पादकीय.....

# ऐतिहासिक हैं तीन नये आपराधिक कानून

**डॉ.** विपिन कुमार हाल ही में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सिटी ब्यूटीफुल चंडीगढ़ में तीन आपराधिक कानूनों को देश को समर्पित किया । इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने नए कानूनों के माध्यम से त्वरित न्याय की उम्मीद जताई, जो पूरी तरह से सार्थक भी है। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, भारतीय न्याय संहिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम-जैसे तीन नए आपराधिक कानून हमारे समाज में गरीबों, वंचितों और कमजोर वर्ग के लोगों की सुरक्षा को सुनिश्चित करते हुए, संगठित अपराध, आतंकवाद और ऐसे अन्य अपराधों पर भी कड़ा प्रहार करते हैं। इन प्रयासों से हमें अपने कानूनी व्यवस्था को आजादी के अमृतकाल में अधिक प्रासंगिक और सहानुभूतिपूर्वक प्रेरित करने के लिए पुनर्भाषित करते हैं। इन कानूनों को मूर्त रूप देने में केन्द्रीय गृह एवं सहकारितामंत्री अमित शाह की भूमिका भी उल्लेखनीय रही है।कुछ तथाकथित बुद्धिजीवी मोदी सरकार द्वारा लाए गए इन कानूनों का विरोध करते हैं और यह दलील देते हैं कि इससे देश में तानाशाह की प्रवृत्ति बढ़ेगी। लेकिन, मैं उनके इन दलीलों को पूरी तरह से हास्यास्पद मानता हूं। क्योंकि, यदि आप भारत में आपराधिक न्याय प्रणाली के इतिहास को देखें, तो पाएंगे कि पुराने कानून औपनिवेशिक न्यायशास्त्र की प्रतिकृति हैं, जिन्हें पूरे देश पर शासन करने के लिए बनाया गया था, न कि हमारे देश की नागरिकों की सेवा के लिए। इसी भाव-शून्?यता के कारण ये कानून आमजनों के उत्पीड़न और शोषण का उपक्रम बन गए, जिनका उद्देश्य वास्तव में निदोर्षों के अधिकारों की रक्षा और दोषियों को दंडित करना होना चाहिए था। इस प्रकार प्रधानमंत्री मोदी द्वारा लाए गये नए कानून निश्चित रूप से उपनिवेशिक युग के कानूनों के अंत का प्रतीक हैं। सार्वजनिक सेवा और जनकल्याणकारी कानूनों से एक नए युग की शुरूआत हुई है। हमें याद रखना होगा कि न्याय में देरी केवल लोगों को हताश-निराश ही नहीं करती, बल्कि किसी न किसी स्तर पर देश के विकास की गति को भी बाधित करती है। इसके अतिरिक्त देश की छवि को भी खराब करने का काम करती है। जब समय पर न्याय नहीं मिलता तो कानून एवं व्यवस्था का आदर न करने और उसके उल्लंघन के आदी लोगों का दुस्साहस बढ़ता है। तीनों आपराधिक कानूनों पर अमल से एक ओर जहां 60 दिन के अंदर आरोप तय किए जाएंगे, वहीं दूसरी ओर सुनवाई पूरी होने के 45 दिन के अंदर फैसला सुनाना आवश्यक होगा।आंकड़े बताते हैं कि भारत के न्यायिक व्यवस्था में 3.5 करोड़ से भी अधिक लंबित मामले हैं और यहां विचाराधीन कैदियों की संख्या 77 फीसदी है, जो दोषियों की संख्या से तीन गुना अधिक है। वहीं, भ्रष्टाचार, अत्यधिक काम का बोझ और पुलिस की जवाबदेही तीव्र और पारदर्शी न्याय व्यवस्था को कायम करने की दिशा में एक बड़ी बाधा है। ऐसे में, मोदी विरोधी इस बात को समझें कि नियमों में बदलाव समय की मांग थी। सरकार के इन प्रयासों से निश्चित रूप से हमारे न्याय प्रणाली में अपेक्षित सुधारों को सुनिश्चित करते हुए, न्यायालयों को अधिक प्रभावी बनाने में मदद मिलेगी। देश में न्यायिक सुधार को बढ़ावा देने के लिए सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीशों द्वारा भी बारंबार आग्रह किया गया है। क्योंकि, आजादी के बाद न्यायालय की स्वतंत्रता को ध्यान में रखते हुए, ऐसे सुधारों को लागू नहीं किया जा सका है। लेकिन, मोदी सरकार ने हमें 10 वर्षों के दौरान हमें एक नई उम्मीद दी है।कानून के जानकार इस बात को अच्छी तरह से समझते हैं कि ह्यन्याय में देरी न्याय से वंचित होने के समान है और भारतीय संदर्भ में यह बात पूरी तरह से चरितार्थ होती है।

## ● किसने क्या कहा



दुनिया के विशेषज्ञ, निवेशक भारत में निवेश को लेकर उत्साहित

**नरेन्द्र मोदी**
**प्रधानमंत्री**

भारत में डिजिटल क्रांति से सुगम हुआ है जीवन



**कीर्तिवर्धन सिंह**
**जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री**

# और खनन माफिया अरावली चाट गया

**विशेष** राकेश दुबे

> **यह** स्थिति दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि अरावली पर्वत श्रृंखला की तीस से अधिक पहाड़ियां पहले ही लुप्तप्राय हो चुकी हैं। खासकर हरियाणा के गुरुग्राम, फरीदाबाद, मेवात, महेंद्रगढ़ और रेवाड़ी जिलों से लगते इलाकों में। निरंतर होते शहरों के विस्तार ने हरे-भरे परिदृश्यों को कंक्रीट के जंगलों में तब्दील कर दिया है। जिसके चलते पूरे इलाके का पारिस्थितिकीय संतुलन बाधित हुआ है। सदियों में विकसित हुई वन संपदा व जीव-जंतुओं के अधिवास अब विलुप्त होने के कगार पर हैं। निस्संदेह, इस कथित विकास की कीमत हमें लंबे समय तक चुकानी होगी। जिसके अंतर्गत स्वदेशी वृक्षों की अनेक महत्वपूर्ण किस्में व दुर्लभ वन्य जीवों की प्रजातियां विलुप्त होने के कगार पर जा पहुंची हैं।

इस खबर से देश के हर संवेदनशील और जागरूक व्यक्ति को उद्वेलित होना चाहिए कि हरियाणा के नूंह के पास 22 अरब रुपये कीमत के पहाड़ को खनन माफिया चट कर गया। निस्संदेह, यह परेशान करने वाला घटनाक्रम नूंह जिले में राजस्थान सीमा पर स्थित पहाड़ से जुड़ा है, जो अरावली पर्वतमाला का हिस्सा है। विडंबना यह है कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा प्रतिबंधित क्षेत्र में दुर्भाग्यपूर्ण घटनाक्रम तंत्र की काहिली व सत्ताधीशों की गैरजिम्मेदारी से पनपा है। खनन विभाग की रिपोर्ट बताती है कि उपमंडल फिरोजपुर झिरका के कुछ इलाकों में खनन माफिया ने इस कृत्य को अंजाम दिया। कैसी विडंबना है कि गैर कानूनी तरीके से धन अर्जित करने की दबंगों की लिप्सा हमारे पर्यावरण व लोगों के जीवन से खिलवाड़ करने से भी गुरेज नहीं करती। दुर्भाग्यपूर्ण घटनाक्रम यह भी है कि अवैध खनन माफिया से टक्कर लेने वाले कई अधिकारियों को तबादले के रूप में खमियाजा भी भुगतना पड़ा है। नागरिक संगठनों की उदासीनता भी उन खनन माफियाओं का हौसला बढ़ाती है, जो सत्ता के गलियारों में खासा रसूख रखते हैं। निश्चित रूप से हमारे पारिस्थितिकीय तंत्र के संतुलन में निर्णायक भूमिका निभाने वाली इन पहाड़ियों को आज पुनर्जीवित करने की जरूरत है। पर्यावरण पुनर्स्थापना हेतु भूमिक्षरण और मरुस्थलीकरण से निबटने के लिये बाकायदा केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय द्वारा अरावली ग्रीन वॉल प्रोजेक्ट चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत हरियाणा, राजस्थान, गुजरात और दिल्ली में ग्यारह लाख मिलियन हेक्टेयर क्षेत्र को कवर करते हुए, इस चौदह सौ किलोमीटर लंबे और पांच किलोमीटर चौड़े हरित गलियारे को बनाने का लक्ष्य है कि अरावली पहाड़ियों की पारिस्थितिकीय जीवन शक्ति को फिर से बहाल किया जा सके। एक समय था कि ये पहाड़ियां जंगल, वन्य जीवों, जलचरों और प्राकृतिक जल निकासी के जरिये एक समृद्ध पारिस्थितिकीय तंत्र बनाती थी। लेकिन दुर्भाग्य से अब अरावली पर्वत श्रृंखला देश की सबसे खराब स्थितियों के लिये जानी जाती है। इस दिशा में सत्ताधीशों की उदासीनता और नियामक संस्थाओं की लापरवाही से हरियाणा में यह स्थिति खासी शोचनीय है। यह स्थिति दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि अरावली पर्वत श्रृंखला की तीस से अधिक पहाड़ियां पहले ही लुप्तप्राय हो चुकी हैं। खासकर हरियाणा के गुरुग्राम, फरीदाबाद, मेवात, महेंद्रगढ़ और रेवाड़ी जिलों से लगते इलाकों में। निरंतर होते शहरों के विस्तार ने हरे-भरे परिदृश्यों को कंक्रीट के जंगलों में तब्दील कर दिया है। जिसके चलते पूरे इलाके का पारिस्थितिकीय संतुलन बाधित हुआ है। सदियों में विकसित हुई वन संपदा व जीव-जंतुओं के अधिवास अब विलुप्त होने के कगार पर हैं। निस्संदेह, इस कथित विकास की कीमत हमें लंबे समय तक चुकानी होगी। जिसके अंतर्गत स्वदेशी वृक्षों की अनेक महत्वपूर्ण किस्में व दुर्लभ वन्य जीवों की प्रजातियां विलुप्त होने के कगार पर जा पहुंची हैं। साथ ही अनेक महत्वपूर्ण भूजल पुनर्भरण क्षेत्र सूख गए हैं। उल्लेखनीय है कि सऊदी अरब की हरित पहल से प्रेरित होकर ही ग्रीन वॉल प्रोजेक्ट को इस विनाशकारी अतिक्रमण को रोकने के लिये लाया गया था। स्वदेशी वन संपदा को सामुदायिक जुड़ाव के जरिये संरक्षित करने की योजना थी। इसके अंतर्गत 35000 हेक्टेयर बंजर भूमि को उपजाऊ बनाना भी मकसद था। निस्संदेह, इस पर्यावरणीय संकट से निबटने के लिये पर्वत श्रृंखला के निकटवर्ती राज्यों में सहयोगात्मक प्रयास जरूरी हैं।

उल्लेखनीय है कि विश्व बैंक भी वनीकरण, जल संरक्षण और प्रदूषण नियंत्रण जैसी पहलों के लिये वित्त पोषण करके अरावली परियोजना को संबल दे रहा है। लेकिन यह भी हकीकत है कि इस परियोजना की सफलता इस बात पर निर्भर कती है कि हम अवैध खनन और अतिक्रमण रोकने के लिये संरक्षण कानूनों को कितनी सख्ती से लागू करते हैं। जिसमें भूमि संरक्षण अधिनियम जैसे कानूनी सुरक्षा उपायों को संरक्षित करना महत्वपूर्ण होगा। साथ ही सदियों में विकसित हुए पारिस्थितिकीय खजाने की रक्षा के लिये विभिन्न राजनीतिक दलों को तमाम मतभेदों व कृत्रिम विभाजन को दरकिनार करके आगे आना होगा। निस्संदेह, ग्रीन वॉल प्रोजेक्ट दशकों से प्राकृतिक संसाधनों की लूट से हुए विनाश की क्षतिपूर्ति की दिशा में एक सार्थक कदम है। जिसमें सरकारी, निजी स्तर और सामुदायिक भागीदारी से इन प्राचीन पहाड़ियों को पुनर्जीवित करने की आशा जगती है।

# सार्वजनिक संस्थानों में अग्नि सुरक्षा की लापरवाही

**गौरतलब** डॉ. सत्यवान सौरभ

> भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) द्वारा चलाए जाने वाले जागरूकता अभियान अग्नि रोकथाम और आपातकालीन प्रतिक्रिया के बारे में ज्ञान फैलाने में मदद कर सकते हैं। अग्नि सुरक्षा मानकों का अनुपालन करने वाले अस्पतालों को सब्सिडी या अनुदान जैसे प्रोत्साहन प्रदान करने से बेहतर कार्यान्वयन को बढ़ावा मिल सकता है। झांसी में अस्पताल में लगी दुखद आग सार्वजनिक संस्थानों में अग्नि सुरक्षा प्रवर्तन में चल रही खामियों की एक स्पष्ट याद दिलाती है।

**उत्तर** प्रदेश के झांसी में एक अस्पताल में लगी दुखद आग, जिसमें 11 नवजात शिशुओं की जान चली गई, भारत के सार्वजनिक संस्थानों में अग्नि सुरक्षा उपायों की विफलता को उजागर करती है। राष्ट्रीय भवन संहिता (एनबीसी) और अग्नि सुरक्षा और रोकथाम नियमों के बावजूद, कई अस्पताल इन विनियमों का पालन नहीं करते हैं। यह बेहतर अग्नि सुरक्षा प्रवर्तन और भविष्य में जानमाल के नुकसान को रोकने के लिए बुनियादी ढांचे में महत्त्वपूर्ण उन्नयन की तत्काल आवश्यकता पर जोर देता है। सार्वजनिक संस्थानों में अग्नि सुरक्षा सुनिश्चित करने में चुनौतियाँ अग्नि सुरक्षा कार्यान्वयन में त्रुटिपूर्ण हैं। भ्रष्टाचार और अग्नि अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) प्राप्त करने में उचित निगरानी की कमी के कारण कई अस्पताल निर्धारित अग्नि सुरक्षा नियमों का पालन करने में विफल रहते हैं। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) के अनुसार, कई अस्पताल विनियामक जाँच को दरकिनार कर देते हैं, जिसके परिणामस्वरूप असुरक्षित संरचनाएँ बन जाती हैं जो अग्नि सुरक्षा मानकों को पूरा नहीं करती हैं। अपर्याप्त बुनियादी ढांचा और योजनाः अनुचित योजना और घटिया निर्माण के कारण अक्सर सार्वजनिक संस्थानों, विशेषकर अस्पतालों में आग का खतरा पैदा होता है। कोलकाता एएमआरआई अस्पताल में आग लगने की घटना (2011) ने संरचनात्मक योजना में गंभीर खामियों को उजागर किया, जैसे कि अवरुद्ध भागने के रास्ते और अपर्याप्त अग्नि निकास, जिसने बड़ी संख्या में मौतों में योगदान दिया। जागरूकता और प्रशिक्षण की कमी जैसे चिकित्सा कर्मचारी और अग्नि सुरक्षा कर्मियों को अक्सर आग की रोकथाम, आपातकालीन निकासी या अग्निशमन तकनीकों में पर्याप्त रूप से प्रशिक्षित नहीं किया जाता है। मुंबई (2020) में एक कोविड -19 सुविधा में आग लगने से तैयारियों की कमी का पता चला, अस्पताल के कर्मचारी अपर्याप्त प्रशिक्षण और जागरूकता के कारण आग की आपात स्थिति को संभालने में असमर्थ थे। कई अस्पताल, विशेष रूप से ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में, अग्नि सुरक्षा बुनियादी ढांचे को उन्नत करने या पर्याप्त अग्निशमन उपकरण खरीदने के लिए वित्तीय संसाधनों की कमी रखते राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की भारत में आकस्मिक मृत्यु और आत्महत्या (एडीएसआई) रिपोर्ट में 2022 में 7, 500 से अधिक आग दुर्घटनाएँ दर्ज की गईं, जिसके परिणामस्वरूप 7, 435 मौतें हुईं, जो खराब प्रवर्तन के गंभीर परिणामों को दर्शाती है।

## आज का इतिहास

- फ्रांस ने 1582 में ग्रेगोरियन कैलेंडर का इस्तेमाल करना शुरू किया।
- मीट्रिक सिस्टम अपनाने वाला 1799 में फ्रांस दुनिया का पहला देश बना।
- डचो ने 1816 में सुमात्रा पर दोबारा कब्जा किया।
- आस्ट्रिया, हंगरी, इटली और ब्रिटेन के बीच 1887 में बाल्कन सैन्य समझौते पर हस्ताक्षर किये गये।
- तस्मानिया में 1902 में महिलाओं को वोट देने का अधिकार प्रदान किया गया।
- पियरे क्यूरी और मैरी क्यूरी को 1903 में भौतिक विज्ञानके लिए नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
- सोवियत संघ और चेकोस्लोवाकिया के बीच 1947 में व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर।
- सन 1950 में आज के दिन को मानव अधिकार दिवस घोषित किया। इसका मकसद दुनिया भर के लोगों का ध्यान मानवाधिकार की ओर खींचना, ताकि हर देश और समुदाय में सभी को एक नजर से देखा जाए।
- नोबेल पुरस्कार से सम्मानित प्रतिबंधित अफ्रीकी नेशनल कांग्रेस के नेता अल्बर्ट लूथली ने 1960 में
- दक्षिण अफ्रीका में रंगभेद समाप्त करने की अपील की थी।
- सोवियत संघ और अल्बानिया के बीच 1961 में राजनयिक संबंध समाप्त।
- अफ्रीकी देश जंजीबार ने 1963 में ब्रिटेन से स्वतंत्रता हासिल की।
- कजाखस्तान ने 1991 में सोवियत संघ से स्वतंत्रता की घोषणा की।
- गुजरात में 1992 में देश की पहली होवरक्राफ्ट सेवा शुरू हुई।
- यासिर अराफात, वित्जाक राबिन एवं शिमोन पेरेज 1994 में संयुक्त रूप से नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित।
- अमर्त्य सेन को 1998 में स्टॉकहोम में अर्थशास्त्र के लिए 1998 का नोबेल पुरस्कार प्रदान किया गया।
- नवाज शरीफ 2000 में सहपरिवार पाकिस्तान से दस साल के लिए निर्वासित।

## अंकजाल - 7754

खाली स्थानों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर दाएँ से बाएँ एवं ऊपर से नीचे जोड़ना है जिसका सही उत्तर मटमैले रंग के खानों में दिया गया है.



**अंकजाल 7753 का हल**



Jagrutidaur.com, Bangalore

## चैतन्य रहें

**एक** बार दो देवताओं में विवाद हो गया कि भाग्य बड़ा है या पुरूषार्थ? विवाद हर व्यक्ति के मन में पैदा होता है, चाहे मनुष्य हो, चाहे देवता हो। निश्चित हुआ, परीक्षा करें। एक देवता ने कहा- देखो! भाग्य बड़ा नहीं होता, पुरूषार्थ बड़ा होता है। दूसरे ने कहा- नहीं! उस आदमी को देखो। तुम्हें साक्षात प्रमाणित करूंगा कि पुरूषार्थ बड़ा नहीं होता, भाग्य बड़ा होता है। पति-पत्नी जा रहे थे। देवता ने रास्ते के बीच रत्नों का ढेर लगा दिया। रत्न ही रत्न बिखेर दिए। जब आस-पास आए, पत्नी ने कहा- अभी तो हमारी आंखे अच्छी हैं, हम देख सकते हैं, हमें सब कुछ दिखाई देता है।

## सुविचार

प्रत्येक शिशु एक संदेश लेकर आता है कि भगवान मनुष्य को लेकर हतोत्साहित नहीं हैं।

**रविन्द्रनाथ टैगोर**

कबिरा आप ठगाइये, और न ठगिये कोय। आप ठगे सुख होत है, और ठगे दुख होय?

**कबीर**

# सुरक्षित पटरियां और स्मार्ट ट्रेनें : 'भविष्य में और भी सुरक्षित यात्राएं'

**गौरतलब** अनिल कुमार खंडेलवाल



> **अपने** समकक्षों के समान, भारतीय रेल में भी वर्ष 2022-23 के दौरान रेलगाड़ियों के पटरी से उतरने की घटनाएं दर्ज की गयीं, लेकिन ये घटनाएं काफी कम 137 के स्तर पर रहीं। ये संख्या विकसित देशों की तुलना में भारतीय रेल के शानदार सुरक्षा प्रदर्शन का प्रमाण हैं और ऐसा उसके कई वर्षों से इष्टतम स्तर से कम पूंजीगत व्यय, लालफीताशाही, राजनीतिकरण और भ्रष्टाचार के कारण सुस्त हालत रहने के बावजूद सम्भव हुआ है।

**बीते** दशक में की गयीं सुविचारित पहलों के महत्त्वपूर्ण परिणाम सामने आने की बदौलत रेलगाड़ियों पर अब भारतीय पहले से कहीं अधिक सुरक्षित हैं। यह बात विशेष रूप से सराहनीय इसलिए भी है, क्योंकि कोई भी अन्य देश प्रतिवर्ष 01 लाख करोड़ यात्री किलोमीटर (पीकेएम) और लगभग 685 करोड़ रिकॉर्ड यात्रियों का रेल के माध्यम से आवागमन करानेवाले भारत से ज्यादा लोगों का रेल के जरिये आवागमन नहीं कराता है। यह उपलब्धि बेमिसाल है, यहां तक कि पड़ोसी देश चीन भी अपने विशाल रेल नेटवर्क और तुलनात्मक जनसंख्या आकार के बावजूद मुश्किल से आधे यात्रियों (सालाना लगभग 300 करोड़) का ही आवागमन कराता है।

**सुरक्षा में उल्लेखनीय सुधार - गम्भीर घटनाओं की पहचान के प्रमुख संकेत**

महत्त्वपूर्ण रेल दुर्घटनाओं की संख्या में भारी गिरावट से जाहिर है, जिनकी संख्या वर्ष 2000-01 में 473 से घट कर वर्ष 2023-24 में केवल 40 रह गयी। यह सुधार पटरियों को बेहतर बनाने, मानव रहित लेवल क्रॉसिंग को खत्म करने, पुलों की स्थिति की नियमित निगरानी करने और स्टेशनों को डिजिटल बनाने आदि की दिशा में किये गये केन्द्रित प्रयासों के माध्यम से सम्भव हुआ है। यात्रियों की संख्या और पटरियों की लम्बाई पर गौर करने पर ये उपलब्धियां और भी प्रभावशाली हो जाती हैं। किसी भी औसत दिन, 02 करोड़ से ज्यादा लोग 70,000 रूट किलोमीटर (आरकेएम) लम्बे नेटवर्क पर यात्रा करते हैं। पीक सीजन में यह संख्या प्रतिदिन 03 करोड़ तक पहुंच जाती है, जो एक अन्य विश्व रिकॉर्ड है!

असल में इसका आशय यह है कि भारत प्रतिदिन अपनी लगभग 02 प्रतिशत आबादी का सुरक्षित तरीके से रेलवे के माध्यम से आवागमन कराता है, जबकि इसकी तुलना में चीन केवल 0.58 प्रतिशत और अमेरिका 0.09 प्रतिशत लोगों का ट्रेन के जरिये आवागमन कराता है।

लगभग त्रुटिहीन सुरक्षा रिकॉर्ड के बावजूद, रेल दुर्घटनाएं दुनिया भर में एक गम्भीर वास्तविकता हैं। यद्यपि, किसी भी रेल प्रणाली के लिए आदर्श स्थिति शुरूआत से ही एक भी दुर्घटना घटित नहीं होने देना है, लेकिन कोई भी प्रमुख नेटवर्क इस स्थिति को हासिल नहीं कर पाया है। भारतीय रेल (आईआर) नेटवर्क के मात्र एक चौथाई हिस्से जितने ऑस्ट्रेलियाई रेलवे में वित्तीय वर्ष 2022-23 में रेलगाड़ियों के पटरी से उतरने की 52 घटनाएं दर्ज की गयीं।

इसी तरह, भारतीय रेल से लगभग दोगुना आकार के 2,60,000 ट्रैक किलोमीटर (टीकेएम) वाले अमेरीकी रेल नेटवर्क में उसी वर्ष रेलगाड़ियों के पटरी से उतरने की 1,300 घटनाएं दर्ज की गयीं। 2,00,000 टीकेएम वाले यूरोपीय संघ नेटवर्क (भारतीय रेल का 1.5 गुना) में 2022 में 1568 दुर्घटनाएं घटित हुईं। अपने समकक्षों के समान, भारतीय रेल में भी वर्ष 2022-23 के दौरान रेलगाड़ियों के पटरी से उतरने की घटनाएं दर्ज की गयीं, लेकिन ये घटनाएं काफी कम 137 के स्तर पर रहीं। ये संख्या विकसित देशों की तुलना में भारतीय रेल के शानदार सुरक्षा प्रदर्शन का प्रमाण हैं और ऐसा उसके कई वर्षों से इष्टतम स्तर से कम पूंजीगत व्यय, लालफीताशाही, राजनीतिकरण और भ्रष्टाचार के कारण सुस्त हालत रहने के बावजूद सम्भव हुआ है। लेकिन, पिछले कई दशकों में फैलीं गड़बड़ियों की गंदगी को अच्छे प्रशासन के एक या दो कार्यकालों में धोया नहीं जा सकता। यद्यपि, आईआर मिश्रित यातायात मॉडल का उपयोग करता है, विदेशों में कई रेलवे माल और सवारी रेलगाड़ियों के लिए अलग-अलग ट्रैक का उपयोग करते हैं। इसका मतलब है कि भारत में प्रत्येक दुर्घटना के लिए रेलवे यात्री सुरक्षा के गम्भीर रूप से खतरे में पड़ने की सम्भावना बहुत अधिक है।

दुर्घटनाओं के मूल कारण को तुरंत दूर करना और रेलगाड़ी के पटरी से उतरने से मुक्त रेलवे नेटवर्क प्राप्त करना अत्यन्त महत्त्वपूर्ण है। इसके लिए मानवीय इंटरफेस को कम करने और प्रणालीगत विश्वसनीयता में सुधार करने के लिए महत्त्वपूर्ण तकनीकी पहल की आवश्यकता होगी। यात्री सुरक्षा को प्राथमिकता देने पर बल देते हुए वर्ष 2023-24 के दौरान सुरक्षा से जुड़ी परियोजनाओं में 01 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का निवेश किया गया है और चालू वित्त वर्ष में और भी ज्यादा खर्च करने की योजना है। इसका आशय ट्रेनों, पुलों, पटरियों और सिग्नलिंग सिस्टम के बेहतर रखरखाव के साथ-साथ ओवर- और अंडर-ब्रिज के निर्माण के जरिए पटरियों के पास बेहतर सड़क सुरक्षा की व्यवस्था है। रेलवे सुरक्षा प्रदर्शन के एक सूचकांक - प्रति मिलियन ट्रेन किलोमीटर दुर्घटना (एपीएमटीके) की संख्या वर्ष 2000-01 में 0.65 से घट कर 2023-24 में 0.03 हो गयी है। यह आधुनिक, अत्याधुनिक ट्रैक रख-रखाव और नवीनीकरण मशीनों का उपयोग करके बेहतर ट्रैक रख-रखाव किये जाने का सराहनीय परिणाम है। इसके अलावा पटरी की त्रुटि का पता लगाने में सुधार, रेल वेल्ड सम्बन्धी खराबियों पर अंकुश और मानवीय त्रुटियों को कम करने के लिए उन्नत तकनीक सहित कई अतिरिक्त उपाय भी किये गये हैं। इन परिणामों को बनाये रखने और बेहतर बनाने के लिए तकनीकी हस्तक्षेप और लक्षित प्रशिक्षण का मिश्रण अपनाया गया है।

पटरियों के रख-रखाव के लिए आधुनिक मशीनों की तैनाती 2013-14 के दौरान 700 से बढ़ कर इस साल 1,667 कर दी गयी है, जिससे पटरियों के रख-रखाव में सुधार हुआ है। सम्पत्ति की विश्वसनीयता को और बढ़ाने के लिए पूरे नेटवर्क में रेल ग्राइंडिंग भी लागू की गयी है। रेल परिचालन के लिए गम्भीर सुरक्षा जोखिम उत्पन्न करने वाली शरारती गतिविधियों को रोकने और तोड़फोड़, पटरियों से छेड़छाड़, तथा पटरियों पर असंबद्ध वस्तुएं रखने जैसी समस्याओं से निपटने के लिए अब पटरियों पर निरंतर गश्त की जाती है। सुरक्षा पहल का एक मुख्य आधार लोको पायलटों को खराब दृश्यता वाले कोहरे से घिरे क्षेत्रों में नेविगेट करने में सहायता देने के लिए जीपीएस-आधारित फॉग पास डिवाइस की संख्या बढ़ाना है। वर्ष 2014-15 में केवल 90 जीपीएस-आधारित फॉग पास डिवाइस की तुलना में अब इनकी संख्या 21,742 हो चुकी है। पायलट की सतर्कता बढ़ानेवाले सतर्कता नियंत्रण उपकरण (वीसीडी) सभी इंजनों में लगाये गये हैं। वर्ष 2013-14 में इनकी संख्या 10,000 से भी कम थी, जो आज बढ़कर 16,021 हो गयी है। ब्रॉड-गेज मार्गों पर 6,637 स्टेशनों में से 99 प्रतिशत से अधिक पर पैनल इंटरलॉकिंग, रूट रिले इंटरलॉकिंग और इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग जैसी उन्नत सिग्नलिंग प्रणालियां प्रदान की गयी हैं।

इसके अलावा, ड्राइविंग कौशल और रिएक्शन टाइम को संवर्धित करने के लिए लोको-पायलट अब सिम्युलेटर-आधारित प्रशिक्षण (सिमुलेटिंग फील्ड एक्सपीरिएंस) से गुजरते हैं, जबकि फ्रंट लाइन स्टाफ को अग्निशमन का प्रशिक्षण मिलता है। कुल मिला कर, वर्ष 2023-24 के दौरान 06 लाख से अधिक रेलवे कर्मचारियों ने विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण, प्रारम्भिक, प्रमोशनल, रिफ्रेशर और विशेष प्रशिक्षण प्राप्त किये।

मानव सुरक्षा के अलावा, भारतीय रेल द्वारा वर्ष 2024-25 में पटरियों के किनारे 6,433 किलोमीटर (किमी) बाड़ लगा कर वन्यजीव और पशुधन की सुरक्षा पर भी ध्यान दिया जा रहा है। अगस्त 2024 तक इनमें से 1,396 किलोमीटर पर काम पूरा हो चुका है, जिससे इन मार्गों पर मवेशियों के टकराने की घटनाओं में कमी आयेगी। इन उपायों के पूरक के रूप में, अधिक सुरक्षित लिंके-हॉफमैन- बुश (एलएचबी) कोचों का भी रुख किया गया है, जिनमें दुर्घटना के समय सवार को सुरक्षित रखने की बेहतर विशेषताएं मौजूद हैं। इन्?हें इस तरह डिजाइन किया गया है कि टक्कर होने पर ये कोच दूसरे कोचों पर नहीं चढ़ते, जिसकी बदौलत रेलगाड़ी के पटरी से उतरने और यात्रियों को चोट लगने की आशंका कम हो जाती है। एलएचबी कोच 160 किलोमीटर प्रति घंटे तक की गति पर सुरक्षित परिचालन के लिए बनाये गये हैं। वर्ष 2023-24 में 4,977 एलएचबी कोचों के निर्माण के साथ उनके उत्पादन में काफी वृद्धि हुई है, जो वर्ष 2013-14 में उत्पादित 2,467 से दोगुना से भी अधिक हैं। हालांकि, ये कदम सराहनीय हैं, लेकिन सरकार को यह सुनिश्चित करना होगा कि यात्रा को सुरक्षित बनाने के उसके प्रयासों में कोई कमी न आने पाये। भारतीय रेल पहले से ही परिवहन का सबसे सुरक्षित साधन है, लेकिन भविष्य में यह और भी सुरक्षित हो जायेगी।

**(लेखक भारत सरकार में आईआरएसई -1987 बैच के सेवानिवृत्त पदेन सचिव हैं।)**

## राशिफल

**मेष:** दाम्पत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा।

**वृष:** संतोष से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी।

**मिथुन:** मनोरथ सिद्ध होंगे, पूरे मनोयोग से काम में लगे रहे। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा।

**कर्क:** स्वास्थ्य में ताजगी बनने से नई ऊर्जा का संचार होगा। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी।

**सिंह:** सुनियोजित तरीके से कार्य आरम्भ करें, सफल होंगे। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी।

**कन्या:** अध्ययन-अध्यापन में समय गुजरेगा। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा।

**तुला:** महत्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। रूकावटें आएंगी। कोष में कमी व व्यय की अधिकता से परेशान होंगे।

**वृश्चिक:** परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा।

**धनु:** सामाजिक मान-सम्मान बढ़ेगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें।

**मकर:** अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें।

**कुंभ:** कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। निकट जनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु जोड़-तोड़ करना पड़ेगा।

**मीन:** पूर्व में किये कार्यों से लाभ मिलेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे।

स्वामित्व दिग्विजय सिंह के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक आलोक कुमार सिन्हा द्वारा एवी पब्लिशर, 220 माखिजा हाउस, ओल्ड एचबी रोड, नियर कोकर बाजार, कोकर, रांची, 834001 से प्रकाशित एवं शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची 835222 से मुद्रित। आर.एन.आई.सं : JHAHIN2009/32423, **प्रबंध सम्पादक:** नागेंद्र नारायण सिंह, **सम्पादक (झारखंड):** विष्णु शंकर उपाध्याय* । दूरभाष 0651-3501612, 8825197097, 9431343365, 9431191443 *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरवी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## एक झलक

### सड़क पर अतिक्रमण का आरोप, उपायुक्त से लगायी न्याय की गुहार

**लातेहार** : सदर प्रखंड के हेठपोचारा के सुकरी ग्राम के सत्यानाराण सिंह, बिजली सिंह और जयराम सिंह पर सड़क का अतिक्रमण करने का आरोप लगाते हुए वहां के दर्जनों ग्रामीण सोमवार को समाहरणालय पहुंच गए और उपायुक्त से अतिक्रमण रोकने की मांग की। ग्रामीणों ने का आरोप है कि इनके द्वारा सार्वजनिक सड़क को जेसीबी के मदद से काट कर अबुआ आवास का निर्माण करवाया जा रहा है। इससे इस क्षेत्र में रहने वालों ग्रामीणों का परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही सड़क को झाड़ियों की मदद से घेर दिया गया है। हम प्रशासन से मांग करते हैं, कि जल्द से जल्द इस पर रोक लगाया जाये, ताकि हम सभी ग्रामीणों को आने जाने में परेशानियों का सामना ना करना पड़े। उपायुक्त को ज्ञापन देवे वालों में मुख्य रूप से खुशबू देवी, सविता देवी, अमृता देवी, मनिषा देवी, सुनिता देवी, उत्तम देवी, ललिता देवी, पारो देवी, गुड़िया देवी, मालती देवी, भरत राम सहित दर्जनों महिला और पुरूष शामिल थे।

### विधिक सशक्तीकरण शिविर 14 को

**मेदिनीनगर** : पलामू के प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में 14 दिसंबर को जिले के सभी प्रखंड में विधिक सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया जायेगा। वही ब्यवहार न्यायालय परिसर में इस बर्ष का अंतिम राषटीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा।इसको सफल बनाने को ले तैयारी चल रहा है। राष्टीय लोक अदालत में अधिक से अधिक मामले निपटाने का प्रयास है। उक्त आशय कि जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने दी। उन्होंने बताया कि झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में लोगों को कानूनी जानकारी के अलावा सरकारी योजनाओं का लाभ कैसे ले बारे में बताया जाएगा। उन्होंने कहा कि डालसा का प्रयास है कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच कर सुलभ, सरल तरीके से न्याय कैसे मिले इसके लिए इम्पावरमेंट कैंप का आयोजन किया जाता है। उन्होंने बताया कि आवास योजना, पेंशन योजना, स्वास्थ्य योजना सहित अन्य योजनाओं के बारे में जानकारी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि जिले की सभी प्रखंडों में विधिक सशक्तिकरण शिविर में एक पैनल अधिवक्ता, पीएलभीके अलावा प्रखंड प्रशासन के लोग हिस्सा लेंगे। सभी प्रखंडों में इसके लिए सूचित कर दिया गया है।

### एंटी क्राइम व सड़क सुरक्षा को लेकर चला वाहन जांच अभियान

**गुमला** : घाघरा पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार घाघरा थाना के मुख्य गेट के समीप वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस क्रम में लगभग 50 से 60 दो चक्के वाहन को पकड़ा गया। वाहन से संबंधित कागज जात, हेलमेट, ड्राइविंग लाइसेंस, इंश्योरेंस की जांच की गयी। वाहन से सम्बन्धित दस्तावेज, ड्राइविंग लाइसेंस और हेलमेट नहीं होने पर कई मोटरसाइकिल चालक से जुमार्ना के तौर पर चालान बनाकर गुमला जिला परिवहन विभाग को भेजा जायेगा।

# लातेहार में बदला मौसम का मिजाज, बढ़ा ठंड का प्रकोप

**नीरज सिन्हा**

**लातेहार** : जिले में सोमवार को मौसम का मिजाज बदल गया है। साइक्लोनिक सकुर्लेशन की वजह लातेहार सहित जिले भर के कई इलाकों में सुबह सुबह हल्की बारिश से मौसम का मिजाज बदल गया और तापमान में गिरावट होने की वजह से ठंड का प्रकोप बढ़ गया है। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार सोमवार को उत्तर-पश्चिमी झारखंड को छोड़कर प्रदेश के बाकी हिस्सों में बारिश के आसार हैं। विभाग ने गढ़वा, लातेहार, पलामू और चतरा में वज्रपात होने की संभावना जतायी है। इसको लेकर येलो अलर्ट भी जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार, मंगलवार को भी अधिकतर समय बादल छाये हुए रहेंगे। इस दौरान अधिकतम



तापमान 25 डिग्री तो न्यूनतम तापमान 12 डिग्री के आसपास होगा। सुबह-सुबह हल्का कोहरा रहेगा। हालांकि, मौसम विभाग ने कहा है कि 11 दिसंबर को मौसम साफ रहेगा। 10 दिसंबर को रांची सहित झारखंड के सभी जिलों में कड़ाके की ठंड पड़ने वाली है। बंगाल की खाड़ी में बने पश्चिमी विक्षोभ की वजह से एक साइक्लोनिक सकुर्लेशन तैयार हुआ है। इसके असर से पलामू प्रमंडल सहित कई इलाकों में झमाझम बारिश हुई। अब तापमान गिरेगा और कड़ाके की ठंड पड़ेगी। इस संबंध में रांची मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि मौसम में हो रहे बदलाव की वजह से ठंड में बढ़ोतरी होगी। मौसम विभाग के पूवार्नुमान के मुताबिक रविवार देर रात से लेकर सोमवार तक झारखंड के कई जिलों में बारिश हुई। इधर सुबह-सुबह हुई बारिश की वजह से विद्यार्थियों को स्कूल जाने में काफी परेशानी हुई। खासकर ग्रामीण इलाकों के बच्चों को, जो कच्ची सड़क से जाते हैं। लगातार हो रही बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है और लोग घर में दुबकने को मजबूर हैं।

### ठंड में अलाव की व्यवस्था न होने से मजदूर वर्ग परेशान

**भवनाथपुर** : भवनाथपुर प्रखंड में ठंड का प्रकोप बढ़ता जा रहा है, लेकिन चौक-चौराहों पर सरकारी स्तर पर अलाव की कोई व्यवस्था नहीं की गई है। मजदूर वर्ग और गरीब तबके के लोग रात में ठंड से ठिठुरने को मजबूर हैं। झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) के प्रखंड अध्यक्ष ने बढ़ती ठंड को देखते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी (सीओ) से जल्द से जल्द चौक-चौराहों पर अलाव जलाने की व्यवस्था कराने की मांग की थी। हालांकि,



प्रशासन की ओर से अब तक इस दिशा में कोई कदम नहीं उठाया गया है। जेएमएम नेता ने प्रशासनिक उदासीनता पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि ठंड के इस मौसम में गरीबों और मजदूरों के लिए अलाव जलाने की व्यवस्था करना बेहद जरूरी है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन जल्द ही उचित कदम नहीं उठाता है, तो इससे गरीब वर्ग को और अधिक परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। स्थानीय मजदूरों और दुकानदारों जितेंद्र राउत, सुनील राम, प्रताप राउत, मिथलेश विश्वकर्मा संत कुमार, तुलसी राम ने प्रशासन की लापरवाही पर नाराजगी जताई।

## राशनकार्ड में केवाईसी व आधार सीडिंग को लेकर प्रज्ञा केन्द्र व जनवितरण दुकानों में राशनकार्डधारी की लगी भीड़



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**महुआडांड़/लातेहार** : राशनकार्ड में केवाईसी और आधार सीडिंग को लेकर प्रज्ञा केंद्र एंव जनवितरण दुकानों में राशनकार्डधारी की भीड़ बढ़ गई। लोग कई घंटों तक लाइन लगाकर अपने बारी का इंतजार कर रहें है। जब से राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम एंव झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना से आच्छादित राशन कार्डधारियों का आधार सीडिंग, केवाईसी, आयुष्मान कार्ड निर्गत एंव छुटे हुए लाभुकों को ग्रीन कार्ड राशनकार्ड निर्गत का निदेश जनवितरण दुकानदारों और आधार कार्ड सेन्टर सहित प्रज्ञा केंद्र को मिला है। तब से ग्रामीण आधार सीडिंग, केवाईसी नये ग्रीन राशनकार्ड के बनाने के लिए जनवितरण के दुकान और प्रज्ञा केंद्र का चक्कर काट रहे है। घटों के इंतजार के बाद लाइन लगाकर अपने बारी का आने के बाद काम कराकर ही जा रहे है।

### डीएमएफटी, एससीए के तहत किये जा रहे कार्यों की उपायुक्त ने की समीक्षा

## योजनाओं को तय समयवधि के अंदर करें पूर्ण

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में डीएमएफटी,एससीए की राशि से जिले में किये जा रहे विकास कार्यों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।बैठक में प्रभारी पदाधिकारी, डीएमएफटी समीर कुल्लू के द्वारा डीएमएफटी के माध्यम से संचालित विकास योजनाओं के भौतिक एवं वित्तीय स्थिति की जानकारी से अवगत कराया गया। बैठक में उपायुक्त ने कार्य की प्रगति के बारे में विस्तृत जानकारी लेते हुए निर्देशित किया कि प्राक्कलन के अनुरूप गुणवत्तायुक्त कार्य कराना सुनिश्चित करें। उपायुक्त ने स्कूल बाउंड्री निर्माण, पीसीसी पथ निर्माण,




आंगनबाड़ी केंद्र जीर्णोद्धार इत्यादि निर्माण कार्य को अविलम्ब पूर्ण करने का निर्देश दिया। इसके आलावे उपायुक्त ने प्राथमिकता के आधार पर सभी संचालित योजनाओं को तय समयवधि के अंदर पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ हीं वैसी योजनाएं जो पूर्ण कर ली गयी है, उन्हें जांचोपरांत भुगतान करने का निर्देश दिया गया। मौके पर उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, सिविल सर्जन डॉ. अवधेश कुमार सिंह, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अलका हेंब्रम, जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रिंस कुमार, प्रभारी पदाधिकारी, डीएमएफटी समीर कुल्लू, प्रभारी पदाधिकारी, एससीए श्रेयांश संबंधित विभाग के कार्यपालक अभियंता समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## हाईवा की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत, विरोध में सड़क जाम

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बालूमाथ/लातेहार** : जिले के बालूमाथ-पाकी मार्ग पर सोमवार को हेरहंज थाना क्षेत्र के हूंबू पेट्रोल पंप के पास हाईवा की चपेट में आने से एक बाइक सवार युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान हेरहंज थाना क्षेत्र के हूंबू ग्राम के हाटाटोंगरी टोला निवासी हेमराज राम के पुत्र नीरज कुमार उर्फ प्रमोद राम के रूप में की। हालांकि दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों द्वारा युवक को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाया गया। यहां चिकत्सक ने जांच के उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया।इस सम्बन्ध में मृतक युवक के चाचा राकेश कुमार भारती ने बताया कि वह अपने छोटे भाई को हूंबू ग्राम स्थित विद्यालय में छोड़कर घर लौट रहा था। इसी दौरान पीछे से एक अनियंत्रित हाईवा ने उसे अपनी



चपेट में ले लिया। ज्ञात हो कि मृतक हेमराज राम के तीन पुत्रों में बड़ा पुत्र था। घटना की जानकारी स्थानीय थाना पुलिस को दे दी गई है। जिसके आधार पर थाना पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। घटना के विरोध में ग्रामीणों ने सड़क जाम कर दिया।

## जेंडर आधारित हिंसा के खिलाफ पूरे समाज को लड़ना होगा : डीएसडब्ल्यूओ

### सामाजिक कुरीतियों का हो जड़ से उन्मूलन : डॉ. ख्वाजा तबरेज

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर** : संस्कृति सोसाइटी के तत्वावधान में महिलाओं के खिलाफ हिंसा, जेंडर आधारित हिंसा, सहित बाल विवाह, कन्या भ्रूण हत्या एवं सेफ एंड अनसेफ टच आदि ज्वलंत मुद्दों पर अंतर विद्यालय चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन स्थानीय कोयल नदी के तट पर स्थित कोयल रिवर फ्रंट पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान ने कहा कि पूरे देश में जेंडर आधारित हिंसा को रोकने का व्यापक प्रयास किया जा रहा है इस



कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों में अपने जीवन को सही दिशा में डालने की प्रेरणा जागृत होगी और सामाजिक कुरीतियों से लड़ने की क्षमता का विकास होग।विशिष्ट अतिथि प्रसिद्ध काष्ठ कला के कलाकार प्रेम भसीन ने बच्चों की चित्रकला से प्रभावित होकर अपनी ओर से भी एक विशिष्ट पुरस्कार की घोषणा कर दी उन्होंने कहा कि बच्चों के अंदर नैसर्गिक कलाकार होते हैं उन्हें सिर्फ सही दिशा देने की आवश्यकता होती है।बतौर अतिथि उपस्थित यूनिसेफ के जिला समन्वयक डॉक्टर ख्वाजा तबरेज ने जिला प्रशासन एवं नई संस्कृति सोसाइटी द्वारा किए जा रहे साझा प्रयास की प्रशंसा करते हुए कहा कि जेंडर आधारित हिंसा एक ऐसी समस्या है जो हर घर में आसानी से देखने को मिलती है और हमारा यह प्रयास होना चाहिए कि इन कुरीतियों का जड़ से उन्मूलन किया जा सके।

**कार्यक्रम में शामिल विद्यालयों के नाम**

**गुरुकुलम** इंटरनेशनल स्कूल जीजीपीएस जमुने ग्रीन वैली स्कूल कैंब्रिज पब्लिक स्कूल ओरिएंट पब्लिक स्कूल लोटस अकैडमी आरएन टैगोर विमला पांडे ज्ञान निकेतन ईटहे हाई स्कूल आदि विद्यालयों ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## किसी भी प्रकार के उत्पीड़न का विरोध करें महिलाएं : थाना प्रभारी

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : शहर के मुख्यनमंत्री जिला उत्कृाष्ठ बालिका विद्यालय में महिला अपराध व मोटर वाहन संबंधित जागरूकता अभियान को संबोधित करते हुए महिला थाना प्रभारी स्वीबटी कुमारी ने किसी भी उत्पीकड़न का कड़ा विरोध करने की बात कही। उन्होने घरेलु हिंसा की जानकारी देते हुए कहा कि यह शारीरिक, भावनात्मक, मौखिक, आर्थिक और यौन दुर्व्यवहार हो सकता है। उन्हो ने आगे कहा कि घरेलु हिंसा मे अक्स र अपने ही शामिल होते हैं, इस कारण पीड़िता इसकी शिकायत नहीं कर पाती हैं। उन्होपने इसका विरोध करने एवं इसकी शिकायत करने की बात कही। उन्होरने आगे कहा कि प्रत्येक महिला को सम्माकनजनक जीवन का अधिकार है।कहा कि अगर कोई



महिला घरेलू, व पारिवारिक अथवा कार्यस्थ ल पर यौन उत्पीड़न या हिंसा का शिकार होती है तो इसकी शिकायत महिला थाने में की जानी चाहिए। उन्होने महिला उत्पीड़न के लिए भारतीय न्या य संहिता में उल्लेख विभिन्न कानूनों की जानकारी दी। मौके पर महिला थाना की एएसआई रीता देवी व इंदू देवी, विनोद कुमार सिंह व महिला हवलदार प्रमिला देवी के अलावा विद्यालय की प्राचार्य ज्योकति ज्योीत्सहना व बड़ी संख्याय में छात्रायें मौजूद थी।

## ट्रिपल लोडिंग व बिना हेलमेट के बाइक चलाना अब पड़ेगा महंगा, बाइक चालक हो जायें सावधान : अभिषेक

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**महुआडांड़/लातेहार** : सड़क दुर्घटनाओं में दोपहिया वाहन चालकों की हो रही मौतों को देखते हुए नेतरहाट पुलिस के द्वारा विशेष अभियान चलाया जाएगा, जिसका मुख्य उद्देश्य हेलमेट धारण की आदत को बढ़ाना और सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देना है। सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली अधिकांश मौतें हेलमेट न पहनने की वजह से होती हैं। बिना हेलमेट के सड़क पर वाहन चलाना सिर पर गंभीर चोट का कारण बनता है, जो जानलेवा हो सकता है। नेतरहाट प्रशासन नेतरहाट ग्रामीण एवं नेतरहाट घूमने आने वाले पर्यटकों से अनुरोध किया है की हेलमेट पहनने के प्रति जागरूकता फैलाएं और लोगों को हेलमेट के महत्व के बारे में लोगों को ज्यादा जानकारी दें।

**चलाया जायेगा हेलमेट विशेष जांच अभियान**

इस विषय में विशेष जानकारी देते हुए नेतरहाट थाना प्रभारी अभिषेक कुमार ने बताया पुलिस द्वारा विशेष हेलमेट जांच अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के तहत यातायात पुलिस की टीम सड़कों पर दोपहिया वाहन चालकों की जांच करेगी और बिना हेलमेट पाए जाने पर जुमार्ना किया जाएगा. यह अभियान सड़क सुरक्षा को प्राथमिकता देने के साथ ही लोगों में नियमों का पालन करने की आदत डालने का प्रयास करेगा।

## अंधविश्वास में भतीजे का मर्डर, चाची गिरफ्तार

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**पलामू** : अंधविश्वास में पलामू में एक बार फिर हत्या करने का मामला सोमवार को प्रकाश में आया है। एक महिला का बच्चा बीमारी से मर गया तो उसने ओझा की बातों में आकर गोतनी के आठ साल के बेटे को मार डाला। मासूम की हत्या चाची ने गला दबाकर की है। बच्चे की हत्या करने वाली महिला को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। घटना चैनपुर थाना क्षेत्र के सलतुआ गांव में हुई। मिली जानकारी के अनुसार अखिलेश सिंह का पुत्र प्रेम कुमार सिंह (8) अपने घर के पास खेल रहा था। रविवार को चचेरी चाची जमुना सिंह की पत्नी सुनीता देवी बच्चे को चॉकेलेट खिलाने के बहाने बहला-फुसलाकर साथ ले



गई। घर से करीब एक किलोमीटर दूर ले जाकर अरहर के खेत में गला दबा दिया। बच्चे का शव खेत में छोड़कर वह वापस घर लौट आई। शाम तक बच्चा घर नहीं पहुंचा तो उसकी खोजबीन शुरू हुई। घंटों तलाश करने के बाद बच्चे को अरहर की खेत में देर रात मृत पाया गया। घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। कुछ ग्रामीणों ने बच्चे को अंतिम बार चाची सुनीता के साथ देखे जाने की बात कही। सुनीता से पूछताछ की गयी तो उसने बच्चे को मारने का बात कबूल की। पुलिस ने महिला को गिरफ्तार कर लिया, वहीं बच्चे के शव का पोस्टमार्टम के लिए सोमवार को एमआरएमसीएच भेज दिया गया। गोतनी के बेटे को मारने वाली महिला सुनीता का बेटा एक साल का था। पांच दिन पहले ही उसकी मौत बीमारी से हुई थी। सुनीता के रिश्तेदार सतबरवा में रहते हैं। सतबरवा आने -जाने के क्रम में सुनीता एक ओझा के संपर्क में आ गई। बेटे की मौत के पर ओझा ने प्रेम की मां और पिता के खिलाफ सुनीता को भड़काया। सुनीता से कहा कि गोतनी ने डायन-भूत कर उसके बेटे को मार दिया है।

## बिजली के शॉर्ट सर्किट से घर में लगी आग नगद समेत लाखों की सम्पत्ति खाक

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर** : पलामू जिले के पांकी प्रखंड के रतनपुर पंचायत के कुशहा जीरो (सालमदीरी) गांव में बीती रात करीब 11 बजे बिजली के शॉर्ट सर्किट से कन्हाई भुइयां के घर में अचानक आग लग गया। इस घटना में शादी के लिए घर में रखे 40 हजार रुपए नगद समेत 4 से 5 लख रुपए का संपत्ति जलकर खाक हो गया। अगलगी की घटना के बाद पीड़ित परिवार पूरी तरह से बेघर हो गए और सड़क पर आ गए हैं। घर में बिजली के शॉर्ट सर्किट से आग लगने से पूरा घर जलकर राख हो गया। घर से सटा पुआल भी आग की चपेट में आ गया, जिससे आग ने तेजी से पूरे घर को अपने चपेट में ले लिया। इस घटना में तीन बकरियां जिंदा जल गई। इसके अलावा घर में रखे तीन साइकिल, डीजल पंप, 5 से 6 क्विंटल धान, 10 12 क्विंटल मक्का समेत 30 से 40



हजार रुपए नगद, कपड़े, खाने-पीने का सामान और आधार कार्ड जैसे महत्वपूर्ण दस्तावेज जलकर पूरी तरह से राख हो गया है। जमीन का सारा दस्तावेज भी आग से जल गया है।

### उपायुक्त ने गुमला प्रखंड स्थित असनी पंचायत अंतर्गत चंदाली ग्राम के ग्रामीणों से मुलाकात की व उनकी समस्याओं को जाना

## सभी ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं से किया जाये आच्छादित

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला** : गुमला प्रखंड असनी पंचायत स्थित चंदाली ग्राम का आज उपायुक्त श्री कर्ण सत्यार्थी ने ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान और क्षेत्र में विकास योजनाओं के कार्यान्वयन के उद्देश्य से ग्रामीणों से मुलाकात किया गया। और ग्रामीणों को उनकी समस्याओं के निराकरण का आश्वासन दिया। ग्रामीणों ने उठाई विकास की मांगे, उपायुक्त से मुलाकात करते हुए ग्रामीणों ने सड़क निर्माण, सरना स्थल बनवाने, घर, नहर से सिचाई कराने हेतु सुविधा, स्कूल में बच्चों के खेलने हेतु मैदान, तालाब एवं कुआं की मरम्मती, अखाड़ा की मरम्मती, धुमकुड़ीया भवन बनाने, बिजली, पानी, शिक्षा और जल



मीनारों के मरम्मत एवं अन्य समस्या को लेकर आवेदन भी सौंपे। उपायुक्त ने ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान के लिए कार्रवाई का आश्वासन दिया। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं से आच्छादित किया जाए और उनकी समस्याओं का समाधान शीघ्रता से सुनिश्चित किया जाए। और विभिन्न पेंशन योजनाओं, वृद्धा पेंशन योजना, मईया सम्मान योजना सहित अन्य पेंशन योजनाओं से छुटे हुए व्यक्ति को लाभ दिलाने हेतु प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने ग्रामीणों के महिला मंडल को विशेष रूप से लाभ लेने तथा कार्य कर अपने पर निर्भर होने को कहा। जिससे महिला अपने घर चला सके। तथा ग्रामीणों के बच्चों के पॉलटेक्निक कॉलेज जैसे मे नामांकन हेतु अच्छे तैयारी करने को कहा गया। ग्रामीणों में विश्वास और आशा का संचार किया है। प्रशासन और समुदाय के बीच सीधा संवाद स्थापित होने से विकास कार्यों को नई गति मिलेगी। इस दौरान उपायुक्त ने कहा कि ग्राम के विकास में सबसे अधिक ग्रामीणों के सहयोग की आवश्यकता होती है , उन्होंने कहा कि चंदाली ग्राम कलेक्टर ऑफिस के सबसे नजदीक में हैं, यह के ग्रामीणों के सहयोग के ग्राम विकास के लिए जिला प्रशासन पूर्ण रूप से तैयार है।

## 10वीं व 12वीं के कुल 22,613 विद्यार्थियों में 18,765 ने प्री-बोर्ड में लिया भाग

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला** : जिले के सभी सरकारी, सरकारी सहायता प्राप्त अल्पसंख्यक, स्थापना अनुमति प्राप्त एवं प्रसवीकृति प्राप्त माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तथा इंटर महाविद्यालय में झारखंड अधिविद्य परिषद के मैट्रिक एवं इंटर की वार्षिक बोर्ड परीक्षा 2025 के पूर्वाभ्यास हेतु प्री बोर्ड परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से आरम्भ हुई। झारखंड शिक्षा परियोजना गुमला द्वारा सिकछा कर भेंट गतिविधि अंतर्गत



उपायुक्त के नेतृत्व में प्री बोर्ड आयोजित किए जा रहे हैं जिसका विद्यालयों के साथ संबद्ध पदाधिकारियों द्वारा अनुश्रवण किया जा रहा है। पूरे जिले के सभी 12 प्रखंड में कक्षा 10वीं एवं 12वीं के कुल 22613 विद्यार्थियों में 18765 ने प्रीबोर्ड में भाग लिया जो 83% है। मैट्रिक हेतु 164 विद्यालय में प्रीबोर्ड संपन्न हुआ जिसके अंग्रेजी विषय की परीक्षा हुई जिसके अंतर्गत कुल नामांकित 14188 बच्चों में 12210 बच्चे प्रीबोर्ड में सम्मिलित हुए जो कुल 86.6% है। इसी तरह कुल 47 विद्यालय/ इंटर महाविद्यालय में इंटर प्रीबोर्ड संपन्न हुआ जिसके अंतर्गत भौतिकी, भूगोल तथा लोकशास्त्र की परीक्षा हुई जिसमें कुल नामांकित 8425 बच्चों में 6555 बच्चे शामिल हुए जो कुल 77.80% है। जिला में दूसरी बार प्रीबोर्ड परीक्षा हो रही है तथा सरकारी विद्यालयों के अतिरिक्त अन्य श्रेणी के विद्यालय तथा इंटर महाविद्यालय को उपायुक्त के निर्देश अनुरूप पहली बार शामिल किया गया है । जिला शिक्षा पदाधिकारी कविता खलखो एवं शिक्षा अधीक्षक नूर आलम खां के नेतृत्व में आयोजित इस प्रीबोर्ड हेतु सभी प्रखंड के प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी तथा प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

## एक झलक

### वैन व मोटरसाइकिल में टक्कर, किशोर की मौत

**अनगड़ा :** साल्हन में सोमवार की सुबह एक पिकअप वैन व मोटरसाइकिल में सीधी टक्कर हो गई। घटना में बाईक सवार एक 16 वर्षीय किशोर की मौत हो गई। मृतक की पहचान बेड़वारी निवासी महेश महतो के 16 वर्षीय पुत्र रोहित महतो के रूप में किया गया। बताया गया कि बाईक (संख्या जेएच01डीएम 9874) में सवार होकर रोहित महतो साल्हन से वापस अपने घर लौट रहा था इसी क्रम में उसके बाईक की सीधी टक्कर सिल्ली से रांची जा रहे पिकअप वैन (जेएच 01एम 2725) से हो गई। घटना में गंभीर चोट लगने से रोहित की मौत मौके पर ही हो गई। उसने हेलमेट भी नहीं पहना था। मौके पर पहुंचे अनगड़ा पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेजा। पुलिस ने दोनों वाहनों को जब्त कर लिया है।

### मेगा ब्लड डोनेशन कैंप लगाया गया

**भागलपुर :** राष्ट्रीय सेवा योजना तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय भागलपुर तथा राष्ट्रीय सेवा योजना की सुंदरवती महिला महाविद्यालय इकाई द्वारा एचडीएफसी बैंक के सहयोग से सोमवार को आयोजित मेगा ब्लड डोनेशन कैंप में विभिन्न महाविद्यालय के स्वयंसेवकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और लगभग तीन दर्जन से अधिक यूनिट ब्लड का संग्रह किया गया।

इस कार्यक्रम के उद्घाटन में बोलते हुए अध्यक्ष छात्र कल्याण ने कहा कि रक्तदान मानवता को जोड़ने वाला महादान है और इससे बड़ा कोई भी दान नहीं हो सकता। इस अवसर पर एचडीएफसी बैंक के पवन ठाकुर, जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज के प्रतिनिधि, राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक डॉक्टर राहुल कुमार, तथा प्रभारी प्राचार्य डॉ अनुराधा कुमारी उपस्थित थे। इस संपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन डॉ हिमांशु शेखर और डॉक्टर प्रथम बसु ने मिलकर किया, जिसमें स्वयंसेवक सेविकाओं ने सहयोग किया।

### सोनिया गांधी का मनाया गया 78वां जन्मदिन

**भागलपुर :** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की पूर्व अध्यक्षा सोनिया गांधी का 78 वां जन्मोत्सव सोमवार को भागलपुर के विधायक अजीत शर्मा के निवास स्थान स्थित कांग्रेस के कैम्प कार्यालय में समारोहपूर्वक आयोजित किया गया। इस अवसर पर विधायक अजीत शर्मा ने केक काटकर समारोह का शुभारम्भ किया। विधायक श्री शर्मा ने इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि सोनिया गांधी त्याग और बलिदान की प्रतिमूर्ति है। उन्होने विपरीत परिस्थितियों में संयुक्त प्रगतीशिल गठबंधन (यूपीए) एवं कांग्रेस पार्टी का नेतृत्व किया। इनके निर्देशन में देश के लोगो को सूचना का अधिकार, शिक्षा का अधिकार, मनरेगा जैसी लोकप्रिय योजना की शुरूआत की।

### ईओयू ने 70वीं बीपीएससी पीटी परीक्षा को लेकर जारी की एडवाइजरी

**पटना :** बिहार लोक सेवा आयोग की 13 दिसम्बर को आयोजित की जाने वाली 70वीं संयुक्त परीक्षा-पीटी को लेकर जारी घमासान के बीच आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) ने अभ्यर्थियों को लिए एक एडवाइजरी जारी की है। ईओयू ने कहा है कि सोशल मीडिया के जरिए परीक्षा को लेकर अफवाह फैलाई जा रही है कि परीक्षा रद्द हो गई है, जो पूरी तरह से गलत सूचना है। ईओयू ने अभ्यर्थियों से कहा है कि वह अफवाहों पर ध्यान न दें। बिहार लोक सेवा आयोग की एकीकृत 70वीं संयुक्त (पीटी) प्रतियोगिता परीक्षा 13 दिसम्बर को दोपहर बजे मध्याह्न से दोपहर दो बजे अपराह्न तक आयोजित होने से संबंधित अधिसूचना जारी की गई है। ईओयू ने कहा है कि साइबर अपराधियों/असमाजिक तत्वों द्वारा बिहार लोक सेवा आयोग की परीक्षा के संबंध में अफवाह फैलाने से इन्कार नहीं किया जा सकता है। इनके जरिए फर्जी फोन कॉल या विभिन्न सोशल मीडिया यथा फेसबुक, इंस्टाग्राम, टेलिग्राम, व्हाटसअप, एक्स (ट्वीटर) एवं अन्य डिजिटल माध्यमों का दुरुपयोग कर अभ्यर्थियों/आम जनमानस वो बीच परीक्षा से संबंधित गलत अफवाह/भ्रम फैलाया जा सकता है, जिससे परीक्षा के शुचिता/अखण्डता की समस्या उत्पन्न होने से इन्कार नहीं किया जा सकता है।

## उपायुक्त ने पंचायत भवन में मूलभूत सुविधाओं से सम्बन्धित की समीक्षात्मक बैठक

# हर पंचायत में प्रज्ञा केंद्र का नियमित संचालन सुनिश्चित करें : डीसी

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** उपायुक्त, रांची मंजूनाथ भजन्त्री की अध्यक्षता में जिला के सभी मुखियागण के साथ ऑनलाइन समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गयी। समाहरणालय स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में अयोजित बैठक में सभी मुखिया से पंचायत भवन में मूलभूत सुविधाओं की जानकारी लेते हुए उपायुक्त द्वारा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा जिला के सभी प्रखंडों के पंचायत भवन में मूलभूत सुविधाओं की समीक्षा की गई। पीने का पानी, बिजली, जेनरेटर, कंप्यूटर, इंटरनेट, भवन की स्थिति, शौचालय, प्रज्ञा केंद्र, पहुँच पथ आदि की जानकारी लेते हुए उपायुक्त द्वारा सभी मुखियागण को संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं पंचायत सचिव से समन्वय स्थापित करते हुए 31 दिसंबर 2024 तक व्यवस्था दुरुस्त करने को कहा गया। बैठक के दौरान उपायुक्त, मंजूनाथ भजन्त्री ने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं एवं अन्य सेवाओं के लिए लोगों को प्रखंड/अंचल कार्यालय का चक्कर न लगाना पड़े इसलिये सभी पंचायत भवन में सुविधा उपलब्ध करायें। सभी पंचायतों में प्रज्ञा केंद्र एवं इंटरनेट की स्थिति की जानकारी लेते हुए उन्होंने कहा कि हर पंचायत में प्रज्ञा केंद्र का नियमित संचालन सुनिश्चित करें। उपायुक्त द्वारा बीएसएनएल के स्थानीय प्रबंधक से समन्वय स्थापित करते हुए शैडो एरिया में आने वाले पंचायतों में इंटरनेट की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश जिला पंचायती राज पदाधिकारी को दिया गया।



उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने कहा कि उनके द्वारा जिला के पंचायतों का औचक निरीक्षण किया जाएगा। साथ ही पंचायत भवन में व्यवस्था एवं संचालन के मानक के आधार पर हर प्रखंड के साथ-साथ जिला के सर्वोत्तम पंचायत को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया जायेगा।







**झारखंड** विधानसभा स्थित मुख्यमंत्री कक्ष में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन का अभिवादन एवं स्वागत करते हुए संसदीय कार्य मंत्री राधा कृष्ण किशोर, मंत्री दीपक बिरुवा, मंत्री योगेन्द्र प्रसाद, मुख्य सचिव अलका तिवारी, मंत्रिमंडल समन्वय सचिवालय विभाग की प्रधान सचिव वंदना दादेल एवं डीजीपी अनुराग गुप्ता।

## वीरांगना सम्मान सामाजिक फाउंडेशन ने दी शारदा सिन्हा को श्रद्धांजलि




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**पटना :** वीरांगना सम्मान सामाजिक फाउंडेशन की वीरांगनाओं ने बिहार की कोकिला, संगीत की देवी पद्मश्री स्वर्गीय शारदा सिन्हा को उनके निवास स्थान पर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर स्वर्गीय शारदा सिन्हा के सुपुत्र अंशुमन जी भी उपस्थित थे। शारदा जी के गीतों को याद कर फूलों की माला अर्पित कर उन्हें भावविभोर होकर एक मिनट का मौन रख विनम्र श्रद्धांजलि दी गयी। इस अवसर पर निशा सिंह ने कहा कि शारदा सिन्हा जी के नहीं रहने पर बिहार को जो क्षति पहुंची है, उसे पूरा नहीं किया जा सकता। उनका सम्मान वीरांगनाओं के दिल में हमेशा एक मिसाल बन कर जिन्दा रहेगा। इस आयोजन में संरक्षक अनुपमा सिंह संग निशा कुमारी सिंह, मनोरमा सिंह, सुषमा सिंह, अमिता सिंह, पीतमा सिंह, किरण सिंह, सीमा सिंह, गीता सिंह चौहान, ममता सिंह, नमिता सिंह, रिंकू सिंह, पिंकी गौतम, नीलम सिंह, पूजा सिंह, पूनम सिंह आदि वीरांगनाएं उपस्थित थीं।

## नीतीश ने विश्व की सबसे बड़ी खेल प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का मशाल जला कर किया शुभारम्भ

**एजेंसी**

**पटना :** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज शाम विश्व की सबसे बड़ी खेल प्रतिभा खोज प्रतियोगिता 'बिहार खेल प्रतिभा खोज प्रतियोगिता' का मशाल जलाकर शुभारंभ किया। पाटलिपुत्र खेल परिसर, कंकड़बाग के इंडोर स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री बिहार खेल छात्रवृत्ति योजना के अन्तर्गत बेहतर प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए सात उत्कृष्ट खिलाड़ियों को 20 लाख रुपये सलाना की छात्रवृत्ति प्रदान की। बिहार खेल प्रतिभा खोज प्रतियोगिता' राज्य सरकार की खेल और खिलाडियों के सर्वांगीण विकास की प्रतिबद्धता के अनुरूप अत्यंत महत्वपूर्ण और महात्वाकांक्षी योजना है। इसका मूल उद्देश्य राज्य में खेल संस्कृति के विकास को बढ़ावा देना है। इस खेल प्रतिभा खोज प्रतियोगिता के माध्यम से स्कूली छात्रों तथा स्कूल से बाहर के प्रतिभावान खिलाडियों की पहचान कर उन्हें बेहतर प्रशिक्षण और संसाधनों के द्वारा राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर का खिलाड़ी बनाना है ताकि वर्ष 2032 और वर्ष 2036 में आयोजित होने वाले ओलंपिक गेम्स में राज्य और देश के लिए पदक जीत सकें। इस प्रतियोगिता में राज्य के करीब 40 हजार सरकारी माध्यमिक और उच्च माध्यमिक विद्यालयों के लगभग 60 लाख प्रतिभावान खिलाड़ी शामिल होंगे। इसके साथ-साथ ऐसे प्रतिभावान खिलाड़ी जो स्कूल से बाहर हैं, उन्हें भी इस खोज प्रतियोगिता में भाग लेने का मौका मिलेगा। इसके जरिये प्रतिभावान खिलाड़ियों का चयन प्रखंड स्तर, जिला स्तर, प्रमंडल स्तर एवं राज्य स्तर की प्रतियोगिता के लिए किया जाएगा। इसके लिये एथलेटिक्स, कबड्डी, फुटबॉल और वालीबॉल खेल विधा में प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी। एथलेटिक्स के अंतर्गत दौड़, लंबी कूद और क्रिकेट बॉल थ्रो शामिल है। यह प्रतियोगिता 14 वर्ष से कम आयु वर्ग और 16 वर्ष से कम आयु वर्ग श्रेणी में बालक और बालिका दोनों के लिए आयोजित की जायेगी। बिहार खेल प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का आयोजन बिहार राज्य खेल प्राधिकरण, खेल विभाग, शिक्षा विभाग, एससीईआरटी और बिहार शिक्षा परियोजना परिषद के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है।



## झारखंड हाई कोर्ट ने सांसद निशिकांत दुबे के खिलाफ नौ जनवरी तक पीड़क कार्रवाई पर रोक का दिया आदेश

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** झारखंड हाई कोर्ट ने गोड्डा के सांसद निशिकांत दुबे के खिलाफ नौ जनवरी तक पीड़क कार्रवाई पर रोक का आदेश दिया है। नौ जनवरी को अदालत इस मामले में अंतिम सुनवाई करेगा।

बाबा बैद्यनाथ मेडिकल ट्रस्ट, देवघर के जरिये परित्राण मेडिकल ट्रस्ट से मेडिकल कॉलेज खरीदे जाने के विरोध में दर्ज एफआईआर को चुनौती देने वाली सांसद निशिकांत दुबे की याचिका पर झारखंड हाई कोर्ट में सोमवार को सुनवाई हुई। मामले की सुनवाई हाई कोर्ट के जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की बेंच में हुई। मामले में राज्य सरकार के प्रतिशपथ पत्र पर निशिकांत दुबे की ओर से प्रतिउत्तर दिया गया। निशिकांत दुबे की ओर से अधिवक्ता प्रशांत पल्लव, पार्थ जालान और शिवानी जालूका ने बहस की। पूर्व की सुनवाई में हाई कोर्ट ने शिकायतकर्ता देवघर परित्राण मेडिकल ट्रस्ट के सचिव शिवदत्त शर्मा को नोटिस जारी कर जवाब मांगा था। निशिकांत दुबे की ओर से याचिका दाखिल कर इससे संबंधित एफआईआर को निरस्त करने का आग्रह किया गया है। परित्राण मेडिकल लोन ट्रस्ट के सचिव शिवदत्त शर्मा की ओर से एफआईआर दर्ज कर कहा गया है कि बाबा बैजनाथ मेडिकल ट्रस्ट, देवघर, जिसमें सांसद निशिकांत दुबे की पत्नी ट्रस्टी भी हैं, उनके जरिये जालसाजी कर परित्राण मेडिकल ट्रस्ट से मेडिकल कॉलेज खरीदा गया है।

## 1400 पीस ऑफिसर च्वाईस शराब सहित कारोबारी गिरफ्तार



**एजेंसी**

**पूर्वी चंपारण :** जिले के कोटवा पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के जागीर कररिया से अंग्रेजी शराब एवं दीपऊ धांगड़ टोली से छापेमारी करते हुए भारी मात्रा में देशी चुलाई शराब को बरामद कर एक कारोबारी को गिरफ्तार किया है। बताया गया है कि जगीर कररिया में 24 वर्षीय कारोबारी दीपक कुमार के घर पर छापेमारी कर अंग्रेजी शराब की खेप बरामद करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया गया। बरामद विदेशी शराब में ऑफिसर च्वाईस 180 एमएल का 30 कार्टन में रखा 1440 पीस है, जिसकी कुल मात्रा 259 लीटर 200 एमएल बताया गया है। शराब बरामदगी को लेकर गिरफ्तार दीपक कुमार ने पुलिस को बताया है कि तुरकौलिया थाना क्षेत्र के कमिटी चैक के नजदीक का एक शराब कारोबारी उसे शराब की खेप पहुंचाता है। मामले में सर्किल इंस्पेक्टर मुनीर आलम ने बताया है कि उक्त कारोबारी को चिन्हित किया जा रहा है, शीघ्र गिरफ्तार किया जाएगा। वही दीपऊ धांगड़ टोली में ललिता देवी के घर से 4 प्लास्टिक के गैलन में रखे 90 लीटर देशी चुलाई शराब को जब्त किया गया। यहां बता दें कि ललिता देवी का पति सिकन्दर धांगड़ शराब के मामले में ही पूर्व से जेल में बंद है। फिलवक्त दोनों ही मामले में एफआईआर दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस टीम में डीएसपी सदर 2 जितेश पांडेय, सर्किल इंस्पेक्टर के अलावे कोटवा थानाध्यक्ष राजरूप राय, एसआई कालीचरण पासवान, एएसआई लक्ष्मण कुमार, चालक सुभाष कुमार यादव सहित सशस्त्र बल शामिल थे।

## गढी माई मेला से लौटने के दौरान वार्ड सदस्य की ट्रैक्टर से गिर कर मौत

**एजेंसी**

**बेतिया :** नेपाल के प्रसिद्ध गढी माई मेला से लौटने के दौरान एक व्यक्ति कि ट्रैक्टर से गिरकर कुचलने से मौत हो गई है। परिजन साथ मे मेला गए लोगों पर हत्या का आरोप लगा रहे है।मृतक मंझरिया शेख पंचायत के वार्ड नंबर 6 निवासी मोहन पासवान है। घटना कि सूचना पर पहुंची मझौलिया पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई।बरहाल जो भी मामले की संदिग्धता को देखते हुए पुलिस गहनता से जांच कर रही है। मृतक की पत्नी का सुनैना देवी का रो-रो कर बुरा हाल है।वे बार बार रोते रोते बेहोश हो जा रही है।मृतक के पत्नी ने साथ मे मेला देखने गए लोगो पर कई आरोप लगाते हुए बताया की मेरे पति को गढ़ी माई मेला ले जाकर हत्या कर रविवार के देर रात्रि मेरे दरवाजे पर रख कर गांव के ही लोग भाग गए।अहले सुबह जब दरवाजे पर निकले तो देखे की क्षत विक्षत स्थिति में मेरे पति का शव पड़ा हुआ था। चीखने चिल्लाने पर पड़ोसी आ पहुंचे।पुछने पर साथ गए लोग बता रहे है की आपके पत्नी ट्रैक्टर से गिरकर कुचलने से मौत हो गई है।

बताया जाता है कि मृतक शेख मंझरिया पंचायत के वार्ड नम्बर 6 का वार्ड सदस्य था।हालांकि घटना को लेकर घंटो अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। वही प्रबुद्ध लोगो ने सुझबुझ का परिचय देते हुए घंटो पंचायती के बाद दोनो पक्षों के बिच आपसी सहमति बना दी, और शव का अंतिम संस्कार करने पर सहमति बना दी है।इधर थानाध्यक्ष अखिलेश मिश्र ने बताया कि मामले की जानकारी मिली है।

## योजनाओं को समय पर पूरा करायें अधिकारी-कर्मचारी : स्मिता नागेशिया

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**खूंटी :** प्रखंड विकास पदाधिकारी कर्रा, स्मिता नागेशिया ने सोमवार को प्रखंड कार्यालय में मनरेगा, अबुआ आवास योजना, 15वें वित्त आयोग, स्वास्थ्य, शिक्षा, आपूर्ति, श्रम, पेयजल, कल्याण, पशुपालन, वन विभाग समेत अन्य विभागों के कार्यों की समीक्षा की। । बैठक में बीडीओ ने प्रत्येक योजना की प्रगति रिपोर्ट का अवलोकन किया और योजनाओं को समय पर और गुणवत्तापूर्ण कार्यान्वयन का निर्देश दिया। उन्होंने जोर देकर कहा कि सभी योजनाओं को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा किया जाए, ताकि ग्रामीणों को इनका लाभ शीघ्र मिल सके। समीक्षा के क्रम में उन्होंने वन विभाग के तहत ग्राम वन समिति को सक्रिय होकर कार्य करने का निर्देश दिया। साथ हीं जंगली हाथियों के जरिये क्षतिग्रस्त किए गए ग्रामीणों के आवास को लेकर मुआवजा के लिए आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। हाथियों से सुरक्षा के लिए ग्राम वन समिति को दी गई राशि का सदुपयोग करते हुए ग्रामीणों को टॉर्च, लाइट आदि जरूरी सामग्री बांटने का निर्देश दिया गया। आपूर्ति विभाग के तहत प्रति माह राशन कार्ड धारियों को निर्धारित मात्रा में राशन की आपूर्ति सुनिश्चित करने का निर्देश बीडीओ ने दिया। कर्रा प्रखंड से बाहर कार्य करने के लिए जाने वाले मजदूरों का रजिस्ट्रेशन करने का निर्देश श्रम पदाधिकारी को दिया गया। बैठक में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं की बेहतरी को लेकर कार्ययोजना बनाने का निर्देश जेएसएलपीएस पदाधिकारी को दिया गया। एमओआइसी, सीएचसी कर्रा को शत प्रतिशत एएनसी रजिस्ट्रेशन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। साथ हीं अंडर वेट बेबी और कुपोषित बच्चों को एमटीसी केंद्र में दाखिल करने औए शत प्रतिशत एमटीसी केंद्र में बेड ऑक्यूपेंसी सुनिश्चित करने का निर्देश एमओआइसी, महिला पर्यवेक्षिका एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी को दिया गया। शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान बीडीओ द्वारा अगले पांच दिनों के अंदर शत प्रतिशत बच्चों को पोषण के लिए उपलब्ध राशि को डीबीटी के माध्यम से बच्चों के खाते में भेजना सुनिश्चित करने को कहा गया। बैठक के दौरान पंचायत सचिवों और रोजगार सेवकों ने अपने-अपने क्षेत्रों में आ रही समस्याओं और चुनौतियों की भी जानकारी दी। बीडीओ ने उनकी समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित करने की बात कही।

## लोअपा रांची जिला की विधानसभा स्तरीय चुनावी समीक्षा बैठक सम्पन्न

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** कांके रिंग रोड, भामाशाह नगर आइटीबीपी क्षेत्र हथिया पत्थल के पास स्थित लोकहित अधिकार पार्टी के जिला कार्यालय पर विधानसभा चुनाव 2024 का समीक्षा बैठक रखा गया। बैठक की अध्यक्षता कार्यवाहक जिला अध्यक्ष प्रमोद प्रसाद गुप्ता एवं संचालन प्रदेश खेल प्रकोष्ठ के नेता अजय गौतम ने किया। समीक्षा बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित पार्टी के प्रदेश कोर कमेटी सदस्य सह रांची लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी हरिनाथ साहू ने विधानसभा चुनाव 2024 में अपेक्षित परिणाम नहीं आने का प्रमुख कारण पर चर्चा करते हुए कहा, हमारी पार्टी का गठन हुए अभी एक वर्ष भी पूरा नहीं हो पाया था और इसी बीच बिना संगठन के साधन व संसाधन के अभाव में पार्टी लोकसभा और विधानसभा का चुनाव लड़ा। चुनाव में हमारी पार्टी जीत दर्ज तो नहीं कर पाई किंतु अधिक से अधिक सीटों से चुनाव लड़कर पूरे झारखंड प्रदेश के गांव-गांव तक पार्टी की लोकप्रियता बढ़ी है एवं सामाजिक न्याय के निहितार्थ लोकहित अधिकार पार्टी के नीति सिद्धांतों के प्रति लोगों का आकर्षण हुआ है। बैठक में सर्वसम्मति से कई प्रस्ताव पारित किया गया है। जिसमें प्रमुख रूप से जिला स्तर में बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ सलाहकार समिति का गठन करना, प्रदेश नेतृत्व के निदेर्शानुसार सदस्यता अभियान के माध्यम से आर्थिक उपार्जन करते हुए संगठन को मजबूत बनाना, सभी समुदाय को मिलाकर प्रखंड पंचायत एवं बूथ स्तर पर संगठन का विस्तार करना, पंचायत एवं प्रखंड स्तर में विभिन्न स्थानीय जनमुद्दों सहित भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन करना, सहारा इंडिया एवं पल्स इंडिया सहित हजारों चिट फंड नॉन बैंकिंग कंपनियों द्वारा ठगी पीड़ित करोड़ों निवेदकों का पैसा ब्याज सहित दिलाने हेतु जिला के नेतृत्व में आंदोलन के रणनीति पर चर्चा किया गया। बैठक में प्रमुख रूप से कार्यवाहक प्रदेश सचिन सह हटिया विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी कपिल साहू ,ललित दास गोस्वामी, शिवम सिंहा, डॉ .दानेश्वर साहू, मोहम्मद जुल्फान अंसारी, प्रेम कुमार, ब्रजराज उपस्थित हुए।




## जेकेएसएस एफसी सेफा की 100 मीटर फर्राटा दौड़ में सुदेश को स्वर्ण, 200 मीटर में अंश ने जीता स्वर्ण

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**अनगड़ा :** सिकिदिरी फूटबॉल मैदान में चल रहे जनकल्याण समर्पण संस्थान खेल महोत्सव के 16वें दिन फुटबॉल क्वार्टर फाइनल में जेकेएसएस एफसी और जूनियर स्टार रांची के बीच खेले गए रोमांचक मुकाबले में खेल समाप्ति तक दोनों टीमें बराबरी पर रही पेनाल्टी शूटआउट में जेकेएसएस एफसी ने जूनियर स्टार रांची को 3-2 से पराजीत किया और सेमी फाइनल में पहुंचीं मैन ऑफ द मैच का पुरूस्कार जेकेएसएस एफसी के गोलकीपर अनमोल तिर्की को 100 मीटर जूनियर बालक वर्ग में सुदेश कुमार महतो को स्वर्ण पदक, श्रवण मुंडा रजत पदक, अंश महतो कांस्य पदक, 200 मीटर जूनियर बालक वर्ग में अंश महतो स्वर्ण पदक, संदीप मुंडा रजत पदक, श्रवण मुंडा कांस्य पदक, 200 मीटर सब जूनियर बालक वर्ग में जितेंद्र बेदिया स्वर्ण पदक, रूपेश मुंडा रजत पदक हिमांशु बेदिया कांस्य पदक, 100 मीटर बैक दौड़ जूनियर बालक वर्ग में अंश महतो स्वर्ण पदक, संदीप मुंडा रजत पदक, श्रवण मुंडा कांस्य पदक जीता सभी विजेता खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि जसपुरिया बीएड कॉलेज के अध्यक्ष सह भाजपा नेता जैलेंद्र कुमार ने पदक, व ट्रॉफी सर्टिफिकेट एवं नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किए अपने संबोधन में कहा की सिकिदिरी क्षेत्र में खिलाडियों का महाकुंभ लगाने और यहां के बच्चों को खेल के क्षेत्र में मंच देने के लिए ढेर सारी बधाई एवं शुभकामनाएं। विशिष्ट अतिथि कांग्रेस पार्टी के नेता पुर्व पंसस महेश गंझू, विधायक प्रतिनिधि सह कांग्रेस नेता अजगुत करमाली सामिल हुए। अध्यक्षता संस्थान के अध्यक्ष सुजीत कुमार एवं संचालन कोषाध्यक्ष रमण कुमार व ब्रज किशोर प्रसाद ने किया मौके पर कार्यकारी अध्यक्ष कुंती देवी, महासचिव सत्यपाल राउत खेल प्रभारी राष्ट्रीय तैराक अमन कुमार जायसवाल, राष्ट्रीय तैराक पिंकी कुमारी, गोविंदा कुमार, कमलेश पाहन, ग्राम प्रधान निर्मल करमाली, सरायकेला जिलाध्यक्ष कमलकांत साव, संदीप कुमार वर्मा, कृष्ण गोपाल भद्र पोप, माघु करमाली, प्रदीप कुमार, निर्णायक मंडली के संजय राणा, विजय रजवार, विवेक बेदिया, राजेश मुंडा, बबलू मुंडा, प्रदीप कुमार, अक्षय रजवार, मिथिलेश तिवारी, उमाकांत शुक्ला, अक्षय रजवार, रोहित कपटदार, राहुल कपटदार, अजीत कुमार, आदि मौजूद रहे।



## भारतीय रेलवे ने प्वाइंट्स और क्रॉसिंग के अनुरक्षण के लिए अभिनव प्रणाली विकसित की : सीपीआरओ

**एजेंसी**

**कटिहार :** भारतीय रेलवे ने प्वाइंट्स और क्रॉसिंग के अनुरक्षण के लिए एक अभिनव प्रणाली का विकास किया है, जिसमें सड़क मशीनरी का उपयोग किया जाता है। यह प्रणाली ट्रैक मशीनों के लिए एक बल गुणक के रूप में कार्य करती है और बलास्ट कुशन को बढ़ाने और ट्रैक स्थिरता में सुधार करने में मदद करती है। इस प्रणाली का प्रयोग पहली बार पूर्वोत्तर सीमा रेलवे में किया गया है और इसके परिणामस्वरूप ट्रैक की स्थिरता में सुधार हुआ है। यह प्रणाली दूरदराज के स्थानों पर अवस्थित प्वाइंट्स और क्रॉसिंगों के त्वरित अनुरक्षण को सुनिश्चित करने में मदद करेगी। इस प्रणाली के विकास में प्लासर इंडिया ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जो ट्रैक मशीनों की प्रमुख आपूर्तिकर्ता है। प्लासर इंडिया ने वर्ष 2019 में कर्जन, गुजरात में एक नया विनिर्माण संयंत्र स्थापित किया है, जो घरेलू उत्पादन में स्वदेशी सामग्री बढ़ाने में मदद कर रहा है।

इस प्रणाली के विकास से भारतीय रेलवे की सुरक्षा, दक्षता और विश्वसनीयता में सुधार होगा। यह प्रणाली देश भर के रेलवे जोनों के लिए एक बेंचमार्क स्थापित करेगी। इसके अलावा, यह प्रणाली रेलवे की बुनियादी अवसंरचना के अनुरक्षण में सुधार करने में मदद करेगी, जिससे रेल यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा में सुधार होगा।

इस प्रणाली के विकास के लिए पूर्वोत्तर सीमा रेलवे की टीम को बधाई देनी चाहिए। यह प्रणाली भारतीय रेलवे की सुरक्षा, दक्षता और विश्वसनीयता में सुधार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

## एक झलक

### टाटा मोटर्स जनवरी से कार की कीमतों में 3 फीसदी की करेगी बढ़ोतरी

**नयी दिल्ली** : देश की सबसे बड़ी व्यावसायिक वाहन का निर्माण करने वाली कंपनी टाटा मोटर्स ने भी अपने यात्री वाहनों की कीमतों में 3 फीसदी तक की बढ़ोतरी करने का ऐलान किया है। नई दरें जनवरी, 2025 से लागू होंगी। कंपनी ने सोमवार को जारी एक बयान में कहा कि वह अगले साल जनवरी से इलेक्ट्रिक वाहनों सहित अपने सभी यात्री वाहन पोर्टफोलियो की कीमत में 3 फीसदी तक की बढ़ोतरी करेगी। कंपनी ने कहा, ₹जनवरी 2025 से कीमत में बढ़ोतरी मॉडल और वैरिएंट के आधार पर अलग-अलग होगी। टाटा मोटर्स ने कहा कि कच्चे माल की लागत और मुद्रास्फीति में वृद्धि के प्रभाव को आंशिक रूप से कम करने के लिए वह वाहनों की कीमतों में बढ़ोतरी करने जा रही है। उल्लेखनीय है कि मारुति सुजुकी, हुंडई, महिंद्रा और जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर समेत कई कार निर्माता कंपनियों ने जनवरी, 2025 से अपने वाहनों की कीमतों में बढ़ोतरी की घोषणा की है। वहीं, लग्जरी वाहन निर्माता कंपनी मर्सिडीज-बेंज इंडिया, ऑडी और बीएमडब्ल्यू ने भी इनपुट लागत और परिचालन व्यय में वृद्धि का हवाला देते हुए जनवरी से अपने वाहनों की कीमतों में बढ़ोतरी का ऐलान किया है।

### ग्लोबल मार्केट से मिले-जुले संकेत, एशिया में भी मिला-जुला कारोबार

**नयी दिल्ली** : ग्लोबल मार्केट से मिले-जुले संकेत मिल रहे हैं। पिछले सत्र के दौरान अमेरिकी बाजार मामूली बढ़त के साथ बंद हुए। हालांकि डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज गिरावट के साथ कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार पिछले सत्र के दौरान मिले-जुले परिणाम के साथ बंद हुए। एशियाई बाजारों में भी आज मिला-जुला कारोबार होता हुआ नजर आ रहा है। अमेरिकी बाजार पिछले सत्र के दौरान मजबूती के साथ कारोबार करने के बाद बंद हुए। एसएंडपी 500 इंडेक्स 0.25 प्रतिशत की मजबूती के साथ 6,090.27 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह नैस्डेक ने 156.25 अंक यानी 0.79 प्रतिशत की तेजी के साथ 19,856.51 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज फिलहाल 0.19 प्रतिशत की गिरावट के साथ 44,559.30 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। यूरोपीय बाजार पिछले सत्र के दौरान मिले-जुले परिणाम के साथ बंद हुए। एफटीएसई इंडेक्स 0.49 प्रतिशत की गिरावट के साथ 8,308.61 अंक के स्तर पर बंद हुआ। दूसरी ओर, सीएसी इंडेक्स ने 1.30 प्रतिशत की मजबूती के साथ 7,426.88 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसी तरह डीएएक्स इंडेक्स 0.13 प्रतिशत की बढ़त के साथ 20,384.61 अंक के स्तर पर बंद हुआ। एशियाई बाजार में आज मिला-जुला कारोबार हो रहा है। एशिया के 9 बाजारों में से 6 के सूचकांक गिरावट के साथ लाल निशान में कारोबार कर रहे हैं, जबकि 3 सूचकांक मजबूती के साथ हरे निशान में बने हुए हैं। निक्केई इंडेक्स 0.14 प्रतिशत की तेजी के साथ 39,146.33 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह ताइवान वेटेड इंडेक्स 0.20 प्रतिशत की बढ़त के साथ 23,238.66 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है।

# गिरावट के साथ बंद हुआ शेयर बाजार



**नयी दिल्ली** : पूरे दिन उतार-चढ़ाव का सामना करने के बाद घरेलू शेयर बाजार आज गिरावट के साथ बंद हुआ। आज के कारोबार की शुरूआत भी कमजोरी के साथ हुई थी। शुरूआती कारोबार में खरीदारी के सपोर्ट से शेयर बाजार कुछ देर के लिए हरे निशान में पहुंचा, लेकिन उसके बाद बिकवाली का दबाव बन जाने के कारण लगभग पूरे दिन सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक लाल निशान में ही कारोबार करते रहे। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.25 प्रतिशत और निफ्टी 0.24 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुए। दिनभर के कारोबार के दौरान मेटल और कैपिटल गुड्स सेक्टर में सबसे अधिक खरीदारी होती रही। इसके साथ ही आईटी, कंज्यूमर ड्यूरेबल, टेक और पीएसई इंडेक्स भी मजबूती के साथ बंद हुए। दूसरी ओर ऑटोमोबाइल, फार्मास्यूटिकल और एफएमसीजी सेक्टर के शेयरों में लगातार बिकवाली का दबाव बना रहा। इसके साथ ही ऑयल एंड गैस और बैंकिंग इंडेक्स भी गिरावट के साथ बंद हुए। ब्रॉडर मार्केट में आज आमतौर पर खरीदारी होती रही, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.32 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.46 प्रतिशत की बढ़त के साथ कारोबार का अंत किया। शेयर बाजार में आई कमजोरी के बावजूद स्मॉलकैप और मिडकैप शेयरों में हुई खरीदारी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में करीब 9 हजार करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 459.38 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। जबकि पिछले सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन यानी शुक्रवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 459.29 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 9 हजार करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया। दिनभर के कारोबार में बीएसई में 4,240 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 2,301 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 2,301 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 1,770 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,548 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 1,357 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 1,191 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 14 शेयर बढ़त के साथ और 16 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 21 शेयर हरे निशान में और 29 शेयर लाल निशान में बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स आज 106.54 अंक की कमजोरी के साथ 81,602.58 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरूआत होते ही खरीदारी के सपोर्ट से ये सूचकांक 74.16 अंक की मजबूती के साथ 81,783.28 अंक के स्तर पर पहुंच गया।

## वी बिजनेस ने कॉर्पोरेट ईजी प्लस प्लान किया पेश

**रांची** : जाने-माने दूरसंचार सेवा प्रदाता वोडाफोन आइडिया की एंटरप्राइज शाखा वी बिजनेस ने कॉर्पोरेट पोस्ट-पेड प्लान्स पर नए प्रपोज़िशन इजी प्लस का लॉन्च किया है, जिसके तहत सब्सक्राइबर्स मौजूदा कॉर्पोरेट प्लान्स पर अपनी व्यक्तिगत जरूरतों के लिए इंटरनेशनल रोमिंग, ओटीटी सब्सक्रिप्शन एवं अन्य सर्विसेज को सलेक्ट कर इन्हें खरीद सकते हैं। वी ऐप डाउनलोड कर वे इन सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं। अपनी तरह की अनूठी यह पेशकश कर्मचारियों के लिए अपनी जरूरत की सेवाओं को खरीदने के अनुभव को आसान बनाती है वे कॉर्पोरेट पोस्ट-पेड प्लान्स पर इन सेवाओं का खरीद कर बेजोड़ अनुभव पा सकते हैं। लॉन्च पर बात करते हुए रोएरिच कौशल, एक्जक्टिव वाईस प्रेजीडेन्ट, एंटरप्राइजेज मोबिलिटी बिजनेस एण्ड मार्केटिंग ने कहा कि इजी प्लस के साथ वी बिजनेस, कर्मचारियों के लिए कॉर्पोरेट पोस्टपेड प्लान के अनुभव को बदल देना चाहता है, जहां वे अपनी व्यक्तिगत जरूरतों के अनुसार सर्विसेज को सलेक्ट कर इन्हें खरीद सकते हैं। आज की कनेक्टेड दुनिया में कर्मचारी उम्मीद करते हैं कि वे आसानी से इंटरनेशनल रोमिंग, ओटीटी सब्सक्रिप्शन, डेटा पैक का अनुभव पा सकें और इसके लिए उन्हें कई मोबाइल नंबर रखने या अप्रूवल्स की परेशानी न हो।
'यह प्रोपोज़िशन आज के कर्मचारियों को सुविधा प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। हमें उम्मीद है कि छुट्टियों के आगामी सीजन में उपभोक्ता इजी प्लस के जरिए इंटरनेशनल रोमिंग का लाभ उठा सकेंगे और अपने कॉर्पोरेट प्लास पर अतिरिक्त सुविधा का आनंद उठा सकेंगे।'

## केन्द्र बाजरा आधारित उत्पादों को देगा बढ़ावा, 800 करोड़ रुपये आवंटित : रवनीत सिंह बिट्टू



**नयी दिल्ली** : सरकार ने खाद्य उत्पादों में मोटे अनाज के उपयोग को बढ़ावा देने और उनके मूल्य संवर्धन को प्रोत्साहित करने के लिए वित्त वर्ष 2022-2023 से वित्त वर्ष 2026-2027 की अवधि के लिए 800 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ मोटा अनाज आधारित उत्पादों के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना (पीएलआईएसएमबीपी) शुरू की है। केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने सोमवार को राज्यसभा में एक सवाल के लिखित जवाब में यह जानकारी दी। खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री ने सदन को बताया कि इस योजना की अवधि 5 वर्ष है। उन्होंने कहा कि 19 आवेदकों ने प्रोत्साहन दावे प्रस्तुत किए है, जबकि पात्र आवेदकों को अब तक 3.917 करोड़ रुपये वितरित किए जा चुके हैं। मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार ने मोटा अनाज आधारित उत्पादों के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना (पीएलआईएसएमबीपी) के कार्यान्वयन को बढ़ाने के लिए कई उपाय किए हैं। इन उपायों में उपयोगकर्ता के अनुकूल पोर्टल की स्थापना और त्वरित समस्या समाधान के लिए समर्पित समूहों का निर्माण शामिल है। इस योजना के दिशा-निर्देशों को आसानी से समझने के लिए समय-समय पर स्पष्टीकरण जारी किए गए हैं। इसके नियमित निगरानी और मूल्यांकन प्रणाली बनाए गए हैं, जबकि योजना के सुचारु कार्यान्वयन के लिए समर्पित टीमों के माध्यम से तकनीकी सहायता प्रदान की जाती है। इसके अलावा प्रभावी संचार और प्रगति पर नजर रखना (ट्रैकिंग) सुनिश्चित करने के लिए आवेदकों के साथ साप्ताहिक बैठकें आयोजित की जाती हैं।

### एयर इंडिया फ्रांस की एयरबस से खरीदेगा 100 और नये विमान

**नयी दिल्ली** : टाटा की अगुवाई वाली एयर इंडिया ने फ्रांस की विमान निमार्ता कंपनी एयरबस को 100 नए विमान खरीदने का ऑर्डर दिया है। इन विमानों में 10 वाइडबॉडी ए350 विमान और 90 नैरोबॉडी ए320 फेमिली विमान, जिसमें ए321 नियो जेट भी शामिल है। ये 100 नए विमानों का ऑर्डर उन 470 विमानों से अलग है, जो एयर इंडिया ने पिछले साल एयरबस और बोइंग दोनों को दिए थे। एयर इंडिया ने सोमवार को एक्स पोस्ट पर जारी एक बयान में बताया कि हमें 10 अ350 और 90 अ320 फेमिली विमानों के लिए नए ऑर्डर देने की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है, जो पिछले साल दिए गए 250 एयरबस विमानों के हमारे पक्के ऑर्डर में 100 और विमान जोड़ देगा। इसके साथ ही हमारे द्वारा ऑर्डर किए गए नए विमानों की कुल संख्या बढ़कर 570 हो गई है, जिनमें से कई पहले ही हमारे बेड़े में शामिल हो चुके हैं, क्योंकि हम एयर इंडिया को विश्वस्तरीय, वैश्विक एयरलाइन बनाने का काम जारी रखे हुए हैं।

## हिमाचल में पहली बर्फबारी में फंसे 800 पर्यटकों का सुरक्षित रेस्क्यू



**कुल्लू** : हिमाचल प्रदेश में बर्फबारी का लुफ्त लेने आए पर्यटकों के सैकड़ों वाहन अटल टनल और आसपास पहली बर्फबारी में फंस गए, जिन्हें पुलिस ने सुरक्षित रेस्क्यू किया है। पुलिस ने अटल टनल के दोनों छोर, उतरी व दक्षिण में फंसे वाहनों और करीब 800 से अधिक पर्यटकों को रेस्क्यू करते हुए देर रात तक मनाली की तरफ भेजा।
पहाड़ों में बर्फबारी का लुत्फ लेने भारी संख्या में पर्यटक पहुंचे हैं। बीती शाम पहाड़ों में बर्फबारी का आनंद लेकर कुल्लू में अटल टनल से होते हुए सैकड़ों वाहनों से पर्यटक गुजर रहे थे। इस बीच रविवार को पहली बर्फबारी के चलते टनल के आसपास जमा बर्फ में गुजरते हुए सैकड़ों वाहनों में सवार पर्यटकों समेत अन्य लोग फंस गए। बर्फबारी में फंसे वाहनों को निकलवाने पुलिस ने मौके पर पहुंची और रेस्क्यू ??अभियान चलाया गया। रेस्क्यू के दौरन अटल टनल रोहतांग के उतरी व दक्षिण छोर में फंसे काफी संख्या में पर्यटक व अन्य वाहनों को निकलवाया गया। यह रेस्क्यू करीब 11 बजे रात तक चला और इस दौरान सैकड़ों पर्यटकों को वाहन समेत सुरक्षित मनाली की तरफ भेजा गया।
सिस्सू की तरफ ज्यादा बर्फबारी होने के कारण भारी संख्या में पर्यटक वाहनों में फंसे थे। इन सभी वाहनों को रात के समय लाहौल-स्पिति पुलिस ने अटल टनल की तरफ भेजा। जहां से ४७४ वाहनों को मनाली की तरफ रवाना किया गया। जबकि करीब 100-150 वाहनों को अटल टनल रोहतांग के दक्षिण छोर पर सुरक्षित खड़ा करवाया गया। इन वाहनों में फंसे पर्यटकों को ४७४ निजी वाहनों से देर रात से सोमवार अल सुबह तक सुरक्षित मनाली तक रेस्क्यू करवाया गया। यह अभियान करीब 3-4 बजे तक चला। डीएसपी मनाली क्षमादत शर्मा ने कहा अभी भी लगातार बर्फबारी जारी है जिस कारण सोलंगनाला से आगे केवल ४७४ वाहनों को ही भेजा जा रहा है।
एसपी लाहौल स्पीति मयंक चौधरी ने कहा कि जिला में बर्फबारी के दौरान पुलिस ने एक सफल बचाव अभियान चलाया, जिसमें खराब मौसम के कारण फंसे हुए 489 वाहनों और 800 से अधिक लोगों को सुरक्षित निकाला गया है।

## भारत-ऑस्ट्रेलिया ने सीसीईए की समीक्षा बैठक में साझा प्रतिबद्धता दोहरायी



**नयी दिल्ली** : भारत और ऑस्ट्रेलिया व्यापक आर्थिक सहयोग समझौते (सीईसीए) से सम्बन्धित तीन दिवसीय समीक्षा बैठक 6 दिसंबर, 2024 को नई दिल्ली में संपन्न हुई। इस समीक्षा बैठक में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व वाणिज्य विभाग के अपर सचिव और मुख्य वातार्कार राजेश अग्रवाल ने किया जबकि ऑस्ट्रेलियाई प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व विदेश मामले और व्यापार विभाग के प्रथम सहायक सचिव और मुख्य वार्ताकार रवि केवलराम ने किया। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने सोमवार को जारी एक बयान में कहा कि 4 से 6 दिसम्बर, 2024 तक आयोजित सीईसीए बैठक दोनों देशों के बीच व्यापार और रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम थी। मंत्रालय ने कहा कि ये समीक्षा बैठक 19 से 22 अगस्त, 2024 तक सिडनी में आयोजित 10वें दौर की वार्ता के बाद हुई है, जिसमें दोनों पक्षों ने सीईसीए के विभिन्न पहलुओं पर महत्वपूर्ण प्रगति की थी। मंत्रालय ने बताया कि नई दिल्ली में हुई ये समीक्षा बैठक उन्हीं प्रयासों की निरंतरता को बनाए रखने के लिए थी। इस बैठक में दोनों देशों ने व्यापार, आपूर्ति श्रृंखला और कृषि क्षेत्र से संबंधित मुद्दों पर एक रचनात्मक संवाद किया। बैठक के दौरान दोनों पक्षों ने अब तक की प्रगति का मूल्यांकन किया और व्यापक आर्थिक सहयोग समझौते के शीघ्र निष्कर्ष के लिए आगे के मार्ग की रूपरेखा बनाई। वाणिज्य मंत्रालय ने कहा कि इस बैठक में हुए विचार-विमर्श में सीईसीए के कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों को शामिल किया गया, जिसमें वस्तुओं, सेवाओं, गतिशीलता, कृषि-प्रौद्योगिकी संबंधी सहयोग और अन्य क्षेत्रों में व्यापार शामिल है। बैठक में दोनों पक्षों ने यह सुनिश्चित करने के लिए अपनी साझा प्रतिबद्धता पर बल दिया कि सीईसीए दोनों देशों के लिए सार्थक लाभ और एक संतुलित परिणाम प्रदान करे। उल्लेखनीय है कि भारत-ऑस्ट्रेलिया क्षेत्रीय और वैश्विक पहलों जैसे कि हिंद-प्रशांत आर्थिक फ्रेमवर्क संबंधी समृद्धि (आईपीईएफ) और त्रिपक्षीय मजबूत आपूर्ति श्रृंखला पहलों में भी (एससीआरआई) प्रमुख साझेदार हैं। भारत-ऑस्ट्रेलिया सीईसीए ढांचे के तहत निरंतर सहयोग और संवाद के जरिए आर्थिक प्रगति, कृषि विकास और क्षेत्रीय समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए अपनी साझा प्रतिबद्धता को एकबार फिर दोहराया है। ये फ्रेमवर्क क्षेत्रीय सहयोग को बढ़ाने और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में आपूर्ति श्रृंखलाओं की मजबूती को और मजबूत करने के लिए डिजाइन किये गये हैं।

### मुर्शिदाबाद में एक घर में विस्फोट, तीन की मौत

**मुर्शिदाबाद** : पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में रविवार रात हुए विस्फोट में तीन लोगों की मौत हो गई। घटना सागरपाड़ा थाना क्षेत्र के खैरतला गांव की है, जहां एक पक्के मकान की छत और दीवार का बड़ा हिस्सा विस्फोट के कारण ढह गया। विस्फोट के बाद धुएं के बीच तीन लोगों के क्षत-विक्षत शव मलबे से बरामद किए गए। रविवार रात करीब 10 बजे खैरतला गांव में एक मकान के अंदर जोरदार विस्फोट हुआ। विस्फोट इतना शक्तिशाली था कि मकान की छत और एक हिस्सा पूरी तरह ढह गया। स्थानीय निवासियों ने मलबे के बीच तीन लोगों के शव देखे और तुरंत पुलिस को सूचना दी। सागरपाड़ा थाने की पुलिस टीम और बम स्क्वॉड ने मौके पर पहुंचकर तलाशी अभियान शुरू किया। विस्फोट स्थल से बड़ी मात्रा में स्प्लिंटर और बम निर्माण सामग्री बरामद हुई। हादसे में मारे गए लोगों की पहचान मामुन मोल्ला, सगीरुल सरकार और मुस्ताकिन शेख के रूप में हुई है। तीनों खैरतला गांव के ही निवासी थे। पुलिस ने तीनों शवों को अस्पताल भेजा, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतकों के परिवार ने दावा किया है कि उनके परिजनों की बम मार कर हत्या की गई है।

## संजय मल्होत्रा आरबीआई के गवर्नर नियुक्त



**नयी दिल्ली** : केंद्र सरकार ने सोमवार को वित्त मंत्रालय में राजस्व सचिव, संजय मल्होत्रा को रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) का अगला गवर्नर नियुक्त किया है। मल्होत्रा, बेनेगल रामा राव के सात साल से ज्यादा कार्यकाल के बाद दूसरे सबसे लंबे समय तक आरबीआई का गवर्नर रहने वाले शक्तिकांत दास की जगह लेंगे। मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति की ओर से जारी विज्ञप्ति के मुताबिक राजस्व सचिव संजय मल्होत्रा को 11 दिसंबर, 2024 से तीन वर्ष के कार्यकाल के लिए रिजर्व बैंक का अगला गवर्नर नियुक्त किया गया है। राजस्थान कैडर के 1990 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी संजय मल्होत्रा, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) कानपुर से कंप्यूटर विज्ञान में इंजीनियरिंग स्नातक हैं, उन्होंने प्रिंसटन विश्वविद्यालय, यूएसए से सार्वजनिक नीति में मास्टर डिग्री हासिल की है। शक्तिकांत दास को पहली बार दिसंबर 2018 में आरबीआई का गवर्नर नियुक्त किया गया था, जब तत्कालीन रिजर्व बैंक प्रमुख उर्जित पटेल ने अपना कार्यकाल समाप्त होने से पहले इस्तीफा दे दिया था। उसके बाद दिसंबर 2021 में दास को तीन साल की पुनर्नियुक्ति दी गई थी। उनका मौजूदा कार्यकाल 10 दिसंबर, मंगलवार को समाप्त होगा।
उल्लेखनीय है कि 33 वर्षों से अधिक के अनुभव के साथ संजय मल्होत्रा ने बिजली, वित्त, कराधान, सूचना प्रौद्योगिकी और खनन सहित विभिन्न क्षेत्रों में काम किया है। वे वर्तमान में वित्त मंत्रालय में सचिव (राजस्व) के पद पर कार्यरत हैं। इससे पहले वे भारत सरकार के वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग में सचिव थे। संजय मल्होत्रा को राज्य और केंद्र सरकार दोनों स्तरों पर वित्त और कराधान में व्यापक अनुभव है। वर्तमान भूमिका में वे प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष करों दोनों के लिए कर नीति को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

### अमिताभ बच्चन ने तेनाली रामा की सराहना की



**मुंबई** : केबीसी के एक एपिसोड में, ऐतिहासिक शख्सियतों में से एक, 16वीं सदी के कवि, विद्वान, और राजा कृष्णदेवराय के विजयनगर साम्राज्य के दरबारी विदूषक, तेनाली रामा की बुद्धिमत्ता को स्वीकार किया। श्री बच्चन ने भारतीय इतिहास में ज्ञान और बुद्धि के शाश्वत महत्व पर जोर दिया। अपनी चिर-परिचित गंभीरता के साथ, उन्होंने टिप्पणी की, बुद्धि के बल का प्रयोग सिर्फ इस खेल में ही नहीं, बल्कि भारत के इतिहास के हर एक पन्ने पर लिखा है इसका सबसे अच्छा उदाहरण है, 16वीं शताब्दी में विजयनगर के राजा कृष्णदेवराय के राज्यसभा के अनमोल रत्न तेनाली रामा। कृष्ण भारद्वाज ने श्री बच्चन के ट्रिब्यूट के संबंध में पता चलने के बाद अपने सोशल मीडिया पर अपनी खुशी और आभार व्यक्त किया। उत्साह से फूले नहीं समा रहे।

प्रधानमंत्री ने एलआईसी बीमा सखी योजना का किया शुभारंभ कहा

## पानीपत नारीशक्ति की प्रतीक भूमि बन गया है

**नयी दिल्ली** : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को हरियाणा के पानीपत में एलआईसी बीमा सखी योजना के शुभारंभ समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' अभियान के एक दशक बाद इसी से बहनों-बेटियों के लिए 'बीमा सखी योजना' का प्रारंभ हुआ है। उन्होंने कहा कि हमारा पानीपत नारीशक्ति की प्रतीक भूमि बन गया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने बीते 10 वर्षों में नारी सशक्तीकरण के लिए अभूतपूर्व कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि आज भारत 2047 तक विकसित होने के संकल्प के साथ चल रहा है। उन्होंने कहा कि नारी को सशक्त करने के लिए बहुत आवश्यक है कि उन्हें आगे बढ़ने के खूब अवसर मिलें, उनके सामने से हर बाधा हटे। मोदी ने कहा, ह्वआज महिला सशक्तिकरण की दिशा में भारत एक और मजबूत कदम उठा रहा है। आज का दिन और भी वजहों से विशेष है। आज 9 तारीख है, शास्त्रों में 9 अंक को बहुत शुभ माना जाता है। 9 अंक नवदुर्गा की नव शक्तियों से जुड़ा है। 9 दिसंबर को ही संविधान सभा की पहली बैठक हुई थी। ऐसे समय में जब देश संविधान की 75वीं वर्षगांठ का महोत्सव मना रहा है, 9 दिसंबर की ये तारीख हमें समानता और विकास को सर्वस्पर्शी बनाने की प्रेरणा देती है। कुरुक्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव चल रहा है। मैं गीता की धरती को नमन करता हूं। हरियाणा ने जिस तरह से 'एक है तो सुरक्षित है' के मंत्र को अपनाया है, वह पूरे देश के लिए एक मिसाल है।ह्व प्रधानमंत्री ने कहा कि लंबे समय तक हमारे देश में ऐसे अनेक काम थे, जो महिलाओं के लिए वर्जित थे। भाजपा की हमारी सरकार ने बेटियों के सामने से हर बाधा को हटाने की ठानी है। उन्होंने कहा कि आजादी के 60-65 साल बाद भी अधिकतर महिलाओं के पास बैंक खाते नहीं थे। हमारी सरकार ने सबसे पहले माताओं-बहनों के जनधन खाते खुलवाए। आज जनधन योजना से 30 करोड़ से अधिक महिलाओं के खाते खुले हैं। उन्होंने कहा कि आज लाखों बेटियों को बीमा एजेंट, बीमा सखी बनाने का अभियान शुरू हो रहा है यानि जिस सेवा का लाभ पाने से कभी वो वंचित रहीं, आज उसी सेवा से दूसरे लोगों को जोड़ने का जिम्मा उन्हें दिया जा रहा है।

# सस्ता हुआ सोना, चांदी की भी घटी चमक



**नयी दिल्ली** : घरेलू सर्राफा बाजार में मामूली गिरावट दर्ज की गई है। इस गिरावट के कारण देश के ज्यादातर सरार्फा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 77,760 रुपये से लेकर 77,610 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना 71,290 रुपये से लेकर 71,140 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बना हुआ है। चांदी के भाव में भी आज मामूली गिरावट आई है, जिसके कारण दिल्ली सरार्फा बाजार में इसकी कीमत 91,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर आ गई है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 77,760 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 71,290 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 77,610 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 71,140 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 77,660 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 71,190 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 77,610 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 71,140 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 77,610 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 71,140 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 77,760 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 71,290 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 77,660 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है, जबकि 22 कैरेट सोना 71,190 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 77,760 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 71,290 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सरार्फा बाजार में भी आज सोने के भाव में मामूली गिरावट आई है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज भी 77,610 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना भी 71,140 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## पेज एक के शेष

**झारखंड विधानसभा का विशेष सत्र : प्रथम दिन...**

चौरसिया, रवीन्द्रनाथ महतो, निरल पूर्ति व दशरथ गगराई शामिल हैं। पिछले विधानसभा के 42 विधायक फिर से विधानसभा पहुंचे हैं। प्रो. स्टीफन मरांडी सबसे सीनियर विधायक हैं, जो 09 बार जीत हासिल कर चुके हैं। सबसे पहले उन्होंने 1980 में जीत हासिल की थी।

**04 विधायकों ने लगाया जीत का चौका**

04 विधायकों ने चौथी बार जीत हासिल की। जीत का चौका लगानेवालों में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन, मंत्री दीपक विरुआ, चमरा लिंडा और विधायक नवीन जायसवाल शामिल हैं।

**शपथ का ऐसा रहा अंदाज...**

जयमंगल और श्वेता सिंह ने हाथ में संविधान की प्रति लेकर शपथ ली। जबकि, पूर्णिमा साहू ने दोनों हाथ जोड़ कर झारखंड विधानसभा के सदस्य के रूप में शपथ ली।

## एक झलक

### भारतीय विदेश सचिव विक्रम मिस्री ढाका पहुंचे

**ढाका :** भारतीय विदेश सचिव विक्रम मिस्री भारत और बांग्लादेश के बीच पहली उच्चस्तरीय बैठक के लिए आज सुबह ढाका पहुंचे। वो आज अपने बांग्लादेशी समकक्ष मोहम्मद जसीम उद्दीन के साथ बैठक करेंगे। यह जानकारी द डेली स्टार समाचार पत्र ने दी।राजनयिक सूत्रों ने पुष्टि की कि मिस्री और अन्य अधिकारियों को लेकर भारतीय वायु सेना की एक विशेष उड़ान सुबह लगभग 9:00 बजे ढाका हवाई अड्डे पर उतरी। विक्रम मिस्री और बांग्लादेश के विदेश सचिव जशीम उद्दीन सुबह 11:00 बजे राज्य अतिथि गृह में मिलेंगे। मिस्री का आज रात ढाका से प्रस्थान करने से पहले राज्य अतिथि गृह जमुना में मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस से मिलने का कार्यक्रम है।

### असद शासन के अंत पर खुश हुए बाइडेन

**वाशिंगटन :** अमेरिका के निवर्तमान राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा कि सीरिया के अपदस्थ राष्ट्रपति बशर अल-असद के शासन का पतन लोगों के लिए एक ऐतिहासिक मौका है, क्योंकि असन शासन ने बीते 50 साल में हजारों निर्दोष सीरियाई लोगों के साथ क्रूरता की, उन्हें प्रताड़ितकर उनकी जान ली। कई वर्षों के हिंसक गृहयुद्ध और बशर अल-असद एवं उनके परिवार के दशकों के नेतृत्व के बाद विद्रोही समूहों के देश पर कब्जा कर लिया जिसके कुछ घंटों बाद बाइडन ने व्हाइट हाउस में यह बात कही। बाइडन ने कहा, 'सीरिया में 13 साल के गृहयुद्ध और असद तथा उनके पिता के करीब आधी सदी से अधिक समय तक क्रूर तानाशाहीपूर्ण शासन के बाद विद्रोही ताकतों ने असद को भागने पर मजबूर कर दिया।

### दक्षिण कोरिया में नौका डूबी, सात की मौत

**सियोल :** दक्षिण कोरिया के दक्षिणपूर्व तट के समीप 'एक सैंड बार्ज' (एक प्रकार का बालू हटाने वाला जहाज) से टकराकर एक नौका डूब गई, इससे चालक दल के सात सदस्यों की मौत हुई और एक लापता हो गया। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार 29 टन की मछली पकड़ने वाली नौका ग्योंगजू शहर के निकट समुद्र में 456 टन के 'सैंड बार्ज' से टकराने के बाद पलट गई। नौका के पलटने के दौरान आठ लोग सवार थे, जिसमें तीन दक्षिण कोरियाई और पांच इंडोनेशियाई नागरिक थे। उन्होंने बताया कि नौका के लापता यात्री की तलाश के लिए दर्जनों आपात कर्मी लगे हुए हैं, तरक्षक बल की 15 नौकाएं एवं छह हेलीकॉप्टर भी उनकी मदद कर रहे हैं। लापता यात्री इंडोनेशियाई नागरिक है। उन्होंने बताया कि 'सैंड बार्ज' पर सवार किसी भी व्यक्ति को कोई नुकसान नहीं हुआ।

### सीरिया में अब सरकार चलाने पर फंस रहा पेंच

**सीरिया :** सीरिया पर विद्रोहियों के कब्जे के बाद राष्ट्रपति बशर अल-असद देश छोड़कर रूस भाग गए हैं। 2011 में सीरियाई नागरिकों ने राष्ट्रपति बशर अल-असद को सत्ता से हटाने की मांग करते हुए विरोध प्रदर्शन किए थे, लेकिन तब असद ने इसका जवाब क्रूरता से दिया था, जिससे एक गृहयुद्ध शुरू हुआ, जिसमें पांच लाख से ज्यादा लोगों की जान गई। 13 साल बाद 8 दिसंबर को असद देश छोड़कर भाग गए और विपक्षी लड़ाकों ने सत्ता अपने हाथों में ले ली, लेकिन असलियत यह है कि कब्जे के बाद भी विद्रोहियों के लिए भी देश चलाना मुश्किल है।

### ईंधन स्टेशन पर हुई बमबारी में 28 की मौत

**खार्तूम :** सूडान की राजधानी खार्तूम के दक्षिण में एक ईंधन स्टेशन पर बमबारी में कम से कम 28 लोगों की मौत हो गई और 37 घायल हो गए। मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी एक स्वयंसेवी समूह और स्थानीय मीडिया ने दी। रिपोर्ट में बताया कि मायो इलाके के पास नए मार्केट 6 में स्थित अमोनिया ईंधन स्टेशन पर बम गिराया गया। यह बशीर हॉस्पिटल के उत्तर में स्थित है और इससे भारी जान-माल का नुकसान हुआ।

# पंकज चौधरी ने बैंकिंग कानून (संशोधन) विधेयक, 2024 राज्यसभा में किया पेश

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने सोमवार को बैंकिंग कानून (संशोधन) विधेयक, 2024 को राज्यसभा में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की ओर से विचार और पारित करने के लिए पेश किया। इस विधेयक को लोकसभा ने पिछले हफ्ते ही पारित कर दिया था। केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की ओर से बैंकिंग कानून (संशोधन) विधेयक, 2024 को राज्यसभा में विचार और पारित करने के लिए पेश किया है। भारतीय बैंकिंग क्षेत्र को मजबूत बनाने, निवेशकों, ग्राहकों और उपभोक्ता सुविधा तथा सुरक्षा बढ़ाने संबंधी बैंकिंग संशोधन विधेयक में बैंक खाताधारक को अपने खाते में अधिकतम चार नामांकित व्यक्ति रखने की अनुमति देने का प्रस्ताव है।



प्रस्तावित बैंकिंग कानून (संशोधन) विधेयक, 2024 पास होने से भारतीय बैंकिंग क्षेत्र में प्रशासन मजबूत होगा। इससे नामांकन और निवेशकों की सुरक्षा के संबंध में उपभोक्ता और ग्राहकों की सुविधा बढ़ेगी। इस विधेयक के जरिए भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम-1934, बैंकिंग विनियमन अधिनियम-1949, भारतीय स्टेट बैंक अधिनियम-1955, बैंकिंग कंपनियां (उपक्रमों का अधिग्रहण और हस्तांतरण) अधिनियम-1970 और बैंकिंग कंपनियां (उपक्रमों का अधिग्रहण और हस्तांतरण) अधिनियम, 1980 में बदलाव के लिए कुल 19 संशोधन प्रस्तावित हैं।

उल्लेखनीय है कि इस विधेयक में दावा न किए गए लाभांश, शेयर और ब्याज या बांड के मोचन को निवेशक शिक्षा और संरक्षण कोष में स्थानांतरित करने का प्रावधान है, जिससे व्यक्तियों को इस कोष से स्थानांतरण या रिफंड का दावा करने की अनुमति मिलेगी। इससे निवेशकों के हितों की रक्षा होगी। इसके अलावा बैंकिंग कानून (संशोधन) विधेयक, 2024 पास होने से भारतीय बैंकिंग क्षेत्र में प्रशासन मजबूत होगा। इससे नामांकन और निवेशकों की सुरक्षा के संबंध में उपभोक्ता और ग्राहकों की सुविधा बढ़ेगी।

### लोकसभा और राज्यसभा में गतिरोध जारी दोनों सदनों में नहीं हो पाया कामकाज

**लोकसभा** और राज्यसभा की कार्यवाही सोमवार को पक्ष-विपक्ष की विभिन्न मुद्दों पर तकरार के चलते तीन बार स्थगित करनी पड़ी है। दोनों सदन थोड़े-थोड़े अंतराल पर ही पहले 12 बजे, फिर 2 बजे और फिर 3 बजे तक के लिए स्थगित किए गए। इसके बाद भी कार्यवाही नहीं चली और उसे दिनभर के लिए स्थगित कर दिया गया। लोकसभा की कार्यवाही शुरू होते ही अध्यक्ष ओम बिरला ने विपक्षी नेताओं को चेताया। उन्होंने पूछा कि क्या वे सदन नहीं चलने देना चाहते। इसके बाद उन्होंने कार्यवाही 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दी। 12 बजे भी कार्यवाही थोड़े अंतराल में ही 2 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई।

# दुनिया के विशेषज्ञ, निवेशक भारत में निवेश को लेकर उत्साहित : मोदी

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि भारत में कारोबारी माहौल से कारोबारी विशेषज्ञ और निवेशक भारत में निवेश करने को लेकर उत्साहित हैं। उन्होंने कहा कि रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म के मंत्र पर चलते भारत ने जो विकास किया है वो हर क्षेत्र में नजर आ रहा है।

प्रधानमंत्री राजस्थान के जयपुर में जयपुर प्रदर्शनी एवं सम्मेलन केन्द्र (जेईसीसी) में राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट- 2024 और राजस्थान वैश्विक व्यापार एक्सपो का उद्घाटन करने के बाद संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राजस्थान अपने कुशल कार्यबल और विस्तारित बाजार के कारण निवेश के लिए एक प्रमुख गंतव्य के रूप में उभर रहा है।

मोदी ने कहा कि आजादी के सात दशक बाद भारत दुनिया की 11वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन पाया था, जबकि पिछले एक दशक में ही भारत दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में भारत की अर्थव्यवस्था और निर्यात लगभग दोगुना हो गया है। 2014 से पहले के दशक की तुलना में पिछले दशक में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश भी दो गुना से अधिक बढ़ा है। उन्होंने कहा कि भारत का बुनियादी ढांचा व्यय लगभग 2 ट्रिलियन रुपये से बढ़कर 11 ट्रिलियन रुपये हो गया है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत की सफलता लोकतंत्र, जनसांख्यिकी, डिजिटल डेटा और डिलीवरी की असली ताकत को दशार्ती है।



उन्होंने कहा कि भारत जैसे विविधतापूर्ण देश में लोकतंत्र की सफलता और सशक्तिकरण अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि आने वाले कई वर्षों में भारत दुनिया के सबसे युवा देशों में से एक होगा और भारत में युवाओं की सबसे बड़ी संख्या के साथ-साथ सबसे बड़ा कुशल युवा समूह भी होगा।

आज की दुनिया में हर क्षेत्र में प्रौद्योगिकी और डेटा के महत्व पर जोर देते हुए मोदी ने कहा कि यह सदी तकनीक-संचालित और डेटा-संचालित है। उन्होंने कहा कि पिछले दशक में भारत में इंटरनेट उपयोगकताओं की संख्या में लगभग 4 गुना वृद्धि हुई है।

### हमारी विस्तार योजना से राजस्थान को मिलेगा 40 हजार करोड़ का राजस्व और पांच लाख को रोजगार : उद्योगपति अनिल अग्रवाल

**वेदांता** रिसोर्सेज के संस्थापक और चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने कहा है कि हिन्दुस्तान जिंक की ओर से अभी तक हमने एक लाख करोड़ का निवेश किया है, एक लाख लोगों को रोजगार दिया है, पांच हजार कंपनियां उससे लाभान्वित हुई हैं। हर साल हमने 50 हजार करोड़ रुपये का टैक्स के जरिए योगदान दिया है। इसमें से हर साल 10 हजार करोड़ रुपये राजस्थान सरकार को जाता है। हमारा विस्तार का काम चल रहा है। हम इस राजस्व को तीन गुना बढ़ा देंगे। डेढ़ लाख करोड़ राजस्व देश को जाएगा, उसमें से 40 हजार करोड़ राजस्थान सरकार को मिलेगा और पांच लाख लोगों को रोजगार मिलेगा।

वेदांता रिसोर्सेज के संस्थापक और चेयरमैन अनिल अग्रवाल सोमवार को यहां राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इनवेस्टमेंट समिट के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। राम राम सा...खम्मा घणी से अपने संबोधन की शुरूआत करते हुए चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने कहा कि राजस्थान इंडिया का स्वीट स्पॉट है। धरती के ऊपर खेती समृद्धि लाती है। मुख्यमंत्री अभी लंदन गए थे। वहां के जियोलॉजिस्ट ने सैटेलाइट के जरिए राजस्थान के नेचुरल रिसोर्स के बारे में बताया। दुनिया के सभी सफल देश जमीन के नीचे के रिसोर्स के कारण डेवलप हुए हैं। हमारे राजस्थान में इटली से तीन गुना ज्यादा इमारती पत्थर का भंडार है। उन्होंने कहाकि राजस्थान में क्या नहीं है। गुजरात से राजस्थान को बहुत बड़ा फायदा मिल सकता है।

# अदाणी समूह राजस्थान में 7.5 लाख करोड़ का निवेश करेगा

- अदाणी पोर्ट एंड एसईजेड लिमिटेड के प्रबंध निदेशक तथा सीईओ करण अदानी ने की घोषणा

एजेंसी

**जयपुर :** अदाणी पोर्ट एंड एसईजेड लिमिटेड के प्रबंध निदेशक तथा सीईओ करण अदानी ने सोमवार को राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इनवेस्टमेंट समिट के उद्घाटन सत्र में घोषणा की कि अदाणी समूह राजस्थान में 7.5 लाख करोड़ रुपये का निवेश करेगा। उन्होंने बताया कि हम राजस्थान में दुनिया का सबसे बड़ा ग्रीन एनर्जी इकोसिस्टम विकसित करेंगे। इसके अलावा चार नए सीमेंट प्लांट भी लगाए जाएंगे, जिससे लाखों लोगों को रोजगार मिलेगा। इसके अलावा जयपुर एयरपोर्ट पर भी वर्ल्ड क्लास विकास कार्य किए जाएंगे।

अदाणी ने कहा है कि राजस्थान में अदाणी ग्रुप अलग-अलग क्षेत्रों में 7.5 लाख करोड़ रुपये का निवेश करेगा। उन्होंने कहा कि राजस्थान की जीडीपी को अगले पांच सालों में दोगुना करने का मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के लक्ष्य को देखते हुए हमारा भी विश्वास बढ़ा है और हमने भी निवेश बढ़ाने का फैसला किया है। हम दुनिया का सबसे बड़ा ग्रीन एनर्जी इकोसिस्टम बनाएंगे। इन निवेशों से राजस्थान में ग्रीन एनर्जी के क्षेत्र में नौकरियों में तेजी आएगी। हम राजस्थान में भारत की सबसे बड़ी सीमेंट कंपनी भी बनाना चाहते हैं। इसके लिए हम चार नए सीमेंट प्लांट लगाएंगे। साथ ही हम अन्य निवेश भी करेंगे।

अदाणी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि भारत एक बदलाव के दौर पर है। पीएम मोदी ने जब 2014 में कार्यभार संभाला था, तब भारत की जीडीपी 1.85 ट्रिलियन डॉलर थी, जो आजादी के बाद के 66 सालों में बनी थी। पिछले एक दशक में मोदी के नेतृत्व में यह दोगुना से भी ज्यादा हो गई है। मोदी ने जब 2014 में नेतृत्व संभाला था, तब निफ्टी 8 हजार पर था, आज वह 23 हजार तक पहुंच चुका है, जो निवेशकों, उद्यमियों और नागरिकों के भरोसे को दिखाता है। मोदी के नेतृत्व संभालते वक्त 23 प्रतिशत आबादी गरीबी में जी रही थी, जो आज घट कर 11 प्रतिशत रह गई है। 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला गया है।



### आदित्य बिड़ला समूह राजस्थान में पचास हजार करोड़ का करेगा निवेश

- आदित्य बिड़ला समूह के चेयरमैन कुमार मंगलम बिड़ला ने राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इनवेस्टमेंट समिट के उद्घाटन सत्र में की घोषणा

**आदित्य** बिड़ला समूह अगले कुछ वर्षों में राजस्थान में पचास हजार करोड़ का निवेश करेगा। आदित्य बिड़ला समूह के चेयरमैन कुमार मंगलम बिड़ला ने सोमवार को राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इनवेस्टमेंट समिट के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए ये जानकारी दी। बिड़ला ने कहा कि वे इस कार्यक्रम में मेजबान की भूमिका में हैं, क्योंकि उनकी जड़ें राजस्थान से जुड़ी हैं। उनका परिवार पिलानी से शुरू हुआ, जो आज दुनियाभर में प्रसिद्ध है। यहां से आज हम 65 बिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था हो गए हैं। उन्होंने घोषणा की कि उनकी कंपनी राजस्थान में 6,000 करोड़ रुपये का निवेश रिन्यूएबल एनर्जी और ज्वेलरी क्षेत्र में करेगी।

उन्होंने कहा कि कंपनी राजस्थान में अपना सीमेंट उत्पादन एक करोड़ टन और बढ़ाएगी। वर्तमान में समूह की सीमेंट कंपनी की राजस्थान में उत्पादन क्षमता दो करोड़ टन है। बिड़ला ने कहा कि समूह की आभूषण कारोबार इकाई भी राज्य में एक छोटी विनिर्माण इकाई स्थापित करने की योजना बना रही है।



उन्होंने कहा कि हम अपने सभी व्यवसायों में निवेश बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। मुझे लगता है कि हमारा समूह अगले कुछ वर्षों में सीमेंट, नवीकरणीय ऊर्जा, दूरसंचार और खुदरा क्षेत्र में पचास हजार करोड़ रुपये का निवेश करेगा।

# भारत में डिजिटल क्रांति से सुगम हुआ है जीवन : कीर्ति

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय विदेश, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने आज कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व व सोच का प्रभाव है कि आज पूरी दुनिया भारत में हुए डिजिटल क्रांति की तारीफ कर रही है। मोदी सरकार द्वारा 01 जुलाई 2015 को डिजिटल इंडिया कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया था, जिसका उद्देश्य डिजिटल सेवाओं, डिजिटल पहुंच, डिजिटल समावेशन और डिजिटल सशक्तीकरण को सुनिश्चित करके भारत को ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था और डिजिटल रूप से सशक्त समाज में परिवर्तित करना था। आज अगर आप एक क्लिक से पैसा ट्रांसफर करने से लेकर तमाम जरूरी काम कर पाते हैं तो इसके पीछे प्रधानमंत्री मोदी की व्यापक सोच है।



केंद्रीय राज्य मंत्री सोमवार को जोरबाग स्थित पर्यावरण भवन में डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर तथा कनेक्टिविटी विषय पर पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि डिजिटल इंडिया ने 2047 में विकसित भारत की नींव रख दी है। पिछले 11 साल में मोदी सरकार ने देश में डिजिटल क्रांति लाने और लोगों को डिजिटली काम करने के लिए प्रेरित किया है, जो अभूतपूर्व है। इसका सीधा सकारात्मक असर 140 करोड़ देशवासियों पर हो रहा है। केंद्रीय राज्यमंत्री ने भारत में डिजिटल क्रांति को लेकर विदेश में हो रही चर्चा व अनुभव से भी अवगत कराया। उन्होंने कहा कि जब वे विदेश में प्रवास पर होते हैं तो वहां की सरकार के प्रतिनिधि व जनमानस के मुंह से भारत की डिजिटल क्रांति की बात सुनकर बहुत अच्छा लगता है। यह सुखद है कि डिजिटल इंडिया को लेकर प्रधानमंत्री मोदी के विजन ने पूरे देश को विश्व मानचित्र पर एक अलग पहचान दिलाई है।

### सीरिया की स्थिति पर नजर बनाये हुए है भारत

**नयी दिल्ली :** सीरिया में विद्रोही समूह की ओर से किए गए सत्ता परिवर्तन पर भारत ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। भारत ने सीरिया की एकता, संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता को बनाए रखने पर जोर देते हुए कहा है कि हम स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। सोमवार को विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर कहा कि हम सीरिया में चल रहे घटनाक्रमों के मद्देनजर वहां की स्थिति पर नजर रखे हैं। हम इस बात पर जोर देते हैं कि सभी पक्षों को सीरिया की एकता, संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता को बनाए रखने के लिए काम करना चाहिए। समें कहा गया है, 'हम सीरियाई समाज के सभी वर्गों के हितों और आकांक्षाओं का सम्मान करते हुए शांतिपूर्ण और समावेशी सीरियाई नेतृत्व वाली राजनीतिक प्रक्रिया की वकालत करते हैं।'

# 'बागी-4' फिल्म का नया पोस्टर रिलीज

### विलेन का किरदार निभायेंगे संजय दत्त

एजेंसी

**मुम्बई :** साजिद नाडियाडवाला की सुपरहिट फ्रेंचाइजी फिल्म 'बागी' का चौथे पार्ट की घोषणा हाल ही में की गई थी। इस फिल्म के जरिये टाइगर श्रॉफ एक बार फिर दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए तैयार हैं। इसी बीच इस फिल्म का नया पोस्टर रिलीज किया गया है। इस फ्रेंचाइजी की पहली तीन पार्ट को दर्शकों ने खूब सराहा तो चौथे पार्ट में और क्या देखने को मिलेगा? फैंस की उत्सुकता भी काफी बढ़ गई है।

सोशल मीडिया पर फिल्म 'बागी-4' का नया पोस्टर सामने आया है। इस नए पोस्टर के जरिए फिल्म के विलेन का चेहरा सामने आ गया है। फिल्म में विलेन के तौर पर मनोज वाजपेई और जयदीप अहलावत के बाद एक्टर संजय दत्त देखा जा सकता है। इस पोस्टर में संजय दत्त का विलेन लुक आपके रोंगटे खड़े कर देगा।




इस पोस्टर में संजय दत्त कुर्सी पर बैठकर चिल्लाते नजर आ रहे हैं। साथ ही उनकी गोद में एक बच्ची लहूलुहान हालत में नजर आ रही है। संजय दत्त भी खून से लथपथ नजर आ रहे हैं। इस पोस्ट पर 'हर आशिक एक विलेन है' लिखा हुआ है। इस पोस्टर से दर्शक अंदाजा लगा रहे हैं कि एक्टर अपने प्यार को खोने के बाद विलेन बन जाते हैं।

# गीता की शिक्षाओं के अनुरूप अपनी जीवनशैली का निर्माण करनेवाले अत्यन्त भाग्यशाली


### गीता जयन्ती पर विशेष

विवेक अत्रे

**भारत** के बच्चों ने अपने बचपन में जितनी भी कहानियां सुनी हैं, उनमें से महाभारत की कथा ने उन्हें अनेक सदियों से सबसे अधिक आकर्षित किया है। महाभारत-कथा कथानक, उपकथानकों, पात्रों और छलकपट इत्यादि विविध जटिलताओं से पूर्ण है, तथापि इसका सार गीता के सन्देश में निहित है। श्रीमद्भगवद्गीता स्वयं भगवान द्वारा अपने भक्त महान पाण्डव योद्धा अर्जुन को प्रदान किये गये कालातीत, युगान्तरकारी और शाश्वत एवं दिव्य धर्मोपदेश की एक अत्यन्त उत्कृष्ट प्रस्तुति है।

ऐसा सत्य ही कहा गया है कि एक भक्त किसी समय में अपनी आध्यात्मिक यात्रा के जिस चरण में होता है, श्रीमद्भगवद्गीता यात्रा के उस खण्ड पर अपना प्रकाश डालती है। प्रत्येक वर्ष दिसम्बर के महीने में सम्पूर्ण विश्व में गीता जयन्ती मनायी जाती है और विशेष रूप से इस अवधि में ज्ञानीजन इस महान ग्रन्थ में निहित गहन विषयों पर प्रकाश डालते हैं।

जब कुरुक्षेत्र की रणभूमि में अर्जुन अपने ही 'सम्बन्धियों' के विरुद्ध युद्ध करने के लिए इच्छुक नहीं थे। विषाद की स्थिति में थे, तो प्रत्युत्तर में भगवान श्रीकृष्ण ने उन्हें अपने रूपान्तरकारी एवं प्रेरक शब्दों के साथ परम सत्य का उपदेश दिया। श्री श्री परमहंस योगानन्द द्वारा रचित पुस्तक 'ईश्वर-अर्जुन संवाद' श्रीमद्भगवद्गीता और उसमें अन्तर्निहित सन्देश की एक अत्यन्त गहन आध्यात्मिक व्याख्या है। योगानन्दजी ने वैश्विक स्तर पर अत्यन्त लोकप्रिय पुस्तक, 'योगी कथामृत' तथा अनेक अन्य अत्यधिक प्रेरणादायक आध्यात्मिक पुस्तकों का भी लेखन किया है।


श्री श्री परमहंस योगानन्द

दो खण्डों वाली पुस्तक 'ईश्वर-अर्जुन संवाद' में योगानन्दजी ने गीता के 700 श्लोकों के वास्तविक महत्त्व का विस्तृत विश्लेषण किया है। भगवान श्रीकृष्ण द्वारा अर्जुन को दिये गये दिव्य उपदेश का सार यह है कि हम सब आत्मा हैं, शरीर नहीं, और अन्ततः हमारे भीतर विद्यमान पाण्डवों को हमारे भीतर विद्यमान कौरवों पर विजय प्राप्त करनी होगी, ताकि आत्मा जन्म और मृत्यु के अन्तहीन चक्रों से मुक्त हो सके।

भगवान ने जिस प्रकार अपने शिष्य अर्जुन को सर्वोच्च युद्ध लड़ने का परामर्श दिया था, उसी प्रकार प्रत्येक मनुष्य को अपने अहंकार, आदतों, क्रोध, बुराई, वासना और भौतिक इच्छाओं पर विजय पाने का प्रयास करना चाहिए, ताकि वह अन्तिम मोक्ष प्राप्त कर सके। योगानन्दजी बताते हैं कि महाभारत का प्रत्येक पात्र एक अद्वितीय गुण का प्रतीक है, जिसे हमें पराजित करना है अथवा उसका पोषण करना है, यह इस बात पर निर्भर करता है कि वह गुण अन्दर विद्यमान दुष्ट कौरवों का प्रतिनिधित्व करता है या नेक पाण्डवों का।

योगानन्दजी की 'क्रियायोग' शिक्षाओं में गीता का मूल सन्देश निहित है। 'क्रियायोग' आत्म-साक्षात्कार का सर्वोच्च मार्ग है। योगदा सत्संग सोसाइटी ऑफ इण्डिया (वाईएसएस) द्वारा प्रकाशित योगानन्दजी की गृह अध्ययन पाठमाला में 'क्रियायोग' ध्यान प्रविधियों के विषय में चरणबद्ध निर्देश सम्मिलित हैं। यह योगदा सत्संग पाठमाला सभी सत्यान्वेषियों के लिए उपलब्ध है तथा इस पाठमाला के माध्यम से लाखों भक्तों ने अपनी आध्यात्मिक खोज को तीव्र करने की क्षमता प्राप्त की है।

श्रीमद्भगवद्गीता में ध्यान की इस उत्कृष्ट वैज्ञानिक प्रविधि 'क्रियायोग' का दो बार उल्लेख किया गया है। उन्नीसवीं शताब्दी में महावतार बाबाजी की 'लीला' के माध्यम से मानवजाति ने पुनः इसकी खोज की। बाबाजी ने अपने शिष्य और योगानन्दजी के परम गुरु लाहिड़ी महाशय को इसका ज्ञान प्रदान किया। लाहिड़ी महाशय ने स्वामी श्रीयुक्तेश्वर गिरि को 'क्रियायोग' की दीक्षा प्रदान की और तत्पश्चात उन्होंने अपने प्रमुख शिष्य योगानन्दजी को दीक्षा प्रदान की।

भारत में एक कहावत है, 'जहां कृष्ण हैं, वहां विजय है !' वस्तुतः वे लोग अत्यन्त भाग्यशाली हैं, जिन्होंने अपनी जीवनशैली का निर्माण गीता की शिक्षाओं के अनुरूप किया है।